* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 अगस्त, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 283

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

सुप्रीम कोट ने एससी रिजर्वेशन के कोटे में कोटा मंजूर किया

भाजपा के 18 विधायक निलंबित

■ सुदिव्य सोनू के प्रस्ताव पर स्पीकर ने आज दो बजे तक के लिए किया सस्पेंड

■ विधानसभा के बरामदे में रात काटने के बाद भी अपनी मांगों पर अड़े रहे विपक्षी विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को अभूतपूर्व स्थिति पैदा हुई। झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के प्रस्ताव पर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भाजपा के 18 विधायकों को शुक्रवार को दिन के दो बजे तक के लिए सदन से निलंबित कर दिया। झारखंड विधानसभा के इतिहास में यह पहला मौका है, जब एक साथ विपक्ष के इतने विधायक निलंबित किये गये। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्पीकर के इस फैसले को अलोकतांत्रिक और लोकतंत्र की हत्या बताया है।

दिन में 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के विधायक हंगामा करते हुए वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे। कुछ विधायक रिपोर्टिंग टेबुल पर भी चढ़ गये। उस समय आसन पर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो थे। उन्होंने इस पर गहरी नाराजगी जतायी और 18 विधायकों को सस्पेंड कर दिया। विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने इससे संबंधित प्रस्ताव पेश किया। स्पीकर ने नियमावली 299 और 310 का जिक्र करते हुए कहा कि वह इसके लिए निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं और यह उनका विशेषाधिकार है। फिर उन्होंने 18 विधायकों को दोपहर बाद दो बजे तक के लिए निलंबित करने का फैसला सुनाया।

इन विधायकों को किया गया सस्पेंड : अनंत कुमार ओझा, रणधीर कुमार सिंह, नारायण दास, अमित कुमार मंडल, डॉ नीरा यादव, किशुन कुमार दास, केदार हाजरा, बिरंची नारायण, अपर्णा सेनगुप्ता, डॉ राज सिन्हा, कोचे मुंडा, भानु प्रताप शाही, समरी लाल, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, आलोक कुमार चौरसिया, पुष्पा देवी।

बरामदे में काटी रात, विधानसभा परिसर में ही हुए तैयार : विपक्ष के विधायकों ने नौकरी, बेरोजगारी भत्ता पर सरकार के जवाब को लेकर विधानसभा परिसर में ही रात काटी। इस दौरान विधानसभा में बिजली नहीं थी। रात में मच्छरों के हमले से भी विधायकों को दो-दो हाथ करना पड़ा। उधर रात 10 बजे सदन के भीतर से मार्शलों ने खींच कर विधायकों को बाहर कर दिया। उसके बाद एनडीए विधायक विधानसभा के बरामदे में बैठ गये। उन्होंने बिना बिजली-पंखे के पूरी रात काटी। कुछ विधायक तो पूरी रात कुर्सी पर बैठे रहे। बीच-बीच में विधायक नारेबाजी भी करते रहे। वह हेमंत सोरेन चुनाव के समय किये गये वायदों को पूरा करने की मांग कर रहे थे। कुछ विधायक वीडियो भी बना रहे थे। वह नारा लगा रहे थे कि स्थानीय नीति का क्या हुआ? नियोजन नीति का क्या हुआ। अनुबंध पर रखे गये कर्मचारियों को स्थायी करने का वादा क्यों पूरा नहीं हुआ। सुबह होने पर कुछ विधायक लॉन में टहले। वे सभी विधानसभा परिसर में ही तैयार हुए और सदन की कार्यवाही शुरू होने का इंतजार करते रहे।

गुरुवार सुबह लॉबी में अखबार पढ़ते विपक्ष के विधायक।

दिनदहाड़े लोकतंत्र की हत्या करवा रहे हैं स्पीकर : अमर बाउरी

18 विधायकों के निलंबन के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि स्पीकर ने दिनदहाड़े लोकतंत्र की हत्या की है। बिना किसी दोष के स्पीकर ने जो रवैया अपनाया है, उससे पता चलता है कि सरकार निरंकुश हो चुकी है। सुदिव्य कुमार सोनू के कहने पर विधायकों को इस तरह से निलंबित कर दिया गया। पूरे भारत के इतिहास में पहली बार 18 विधायकों को निलंबित किया गया है। जिन चुनावी वादों पर सरकार सत्ता में आयी थी, आज उसका कोई हिसाब-किताब नहीं है। स्पीकर ने विधायकों का अधिकार छीना है। कांग्रेस ने पहले इमरजेंसी लगायी थी, आज कांग्रेस-जेएमएम ने मिल कर अघोषित इमरजेंसी लागू की है। मीडियाकर्मियों के जाने पर भी रोक लगा दी। महिला पत्रकारों के साथ भी नरमी नहीं बरती। अमर बाउरी ने कहा कि स्पीकर जिस आचरण की बात कर रहे हैं, उनके पहले का वीडियो देख लीजिए। किस तरह से वह व्यवहार करते थे। हमने ऐसा कुछ भी व्यवहार नहीं किया है, फिर भी निलंबित कर दिया गया है। सरकार के इस रवैये को जनता देख रही है। विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें उखाड़ कर फेंकेगी। स्पीकर हाथ उठा कर चैलेंज कर रहे हैं। उन्हें देख कर ऐसा लगता ही नहीं कि वह विधानसभा के स्पीकर हैं। किसी भी स्पीकर ने आज तक ऐसा व्यवहार नहीं किया है।

भाजपा निलंबन से डरनेवाली नहीं: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा विधायकों के निलंबन पर कहा कि हेमंत सोरेन की कुर्सी हिल रही है, इसलिए वह परेशान हैं। राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर जवाब देने से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के विधायक सदन में मुख्यमंत्री से वही पूछ रहे, जो उन्होंने सदन के बाहर और भीतर वादे किये थे। हेमंत सोरेन ने पांच लाख प्रतिवर्ष नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता, साल में प्रत्येक परिवार को 72 हजार रुपये, प्राइवेट कंपनी में भी युवाओं को रोजगार में 75 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की बात कही थी। इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। न नियोजन नीति बनायी, न स्थानीय नीति। उल्टे नगर निगम में विगत दिनों हुई 28 नियुक्तियों में मात्र 11 लोग झारखंड के हैं। उन्होंने बाहर के 17 लोगों को नौकरी दे दी और आदिवासी-मूलवासी की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक तो इन्हीं मुद्दों पर बहस चाहते हैं। जवाब चाहते हैं। इसमें कौन सा अपराध है, जिसके कारण विधायकों को निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी कार्रवाई से डरनेवाली नहीं है। आज भले सत्ता पक्ष संख्या बल में ज्यादा है, लेकिन जन समर्थन भाजपा और एनडीए के पास है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

बर्दाश्त करने की एक सीमा होती है: स्पीकर

सदाचार समिति एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट देगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने कहा है कि बर्दाश्त करने की भी एक सीमा होती है। अगर आक्रामकता की सीमा इस तरह लांघी जाती है, तो कभी न कभी आसन को कसूरवार ठहराया जायेगा ही। स्पीकर ने कहा कि निलंबित विधायकों के आचरण की विस्तृत जांच के लिए यह विषय विधानसभा की सदाचार समिति को सौंपा जाता है। सभापति सदाचार समिति विस्तृत जांच करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी। गुरुवार को सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद अपने चेंबर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को सदन के नेता हेमंत सोरेन ने खुद कहा था कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देंगे। फिर भी विपक्ष के विधायक वेल में डटे रहे। सदन स्थगित होने के बाद भी वेल में धरना पर बैठ गये। यह सामान्य नियम के प्रतिकूल है। कार्यवाही स्थगित होने के बाद सभा भवन को बंद करना था। मार्शल (महिलाएं भी) सदस्यों को बाहर आने का आग्रह करने गये, तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। घंटों बीतने के बाद मार्शलों द्वारा उन्हें सम्मान के साथ सदन से बाहर किया गया। इसके बावजूद विपक्ष के विधायक लॉबी में डटे रहे।

सोशल मीडिया पर वीडियो किया वायरल: स्पीकर ने कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया पर विधायक भानु प्रताप और बिरंची ने वीडियो वायरल किया, जबकि ऐसा करना सदन में वर्जित है। रणधीर सिंह और अमर बाउरी के अलावा बाबूलाल मरांडी ने वीडियो को सार्वजनिक किया गया। इससे गोपनीयता उल्लंघन का मामला बनता है।

स्पीकर ने कहा कि आसन के खिलाफ भी अपशब्द का इस्तेमाल हुआ है। इसलिए कार्रवाई तो जरूर होगी।

पाकुड़ पहुंचे असम के सीएम सह प्रदेश चुनाव सह प्रभारी, आदिवासी छात्रों से मिले

आदिवासियों की जमीन पर कब्जा और अत्याचार कर रहे घुसपैठिये: हिमंता बिस्वा

कार्तिक कुमार

पाकुड़। असम के मुख्यमंत्री सह प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि पाकुड़ में आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर घुसपैठिये उन पर अत्याचार कर रहे हैं। आदिवासी छात्रों पर नक्सली जैसी धारा लगा कर उनके साथ मारपीट की जा रही है। ऐसा लोकतांत्रिक समाज में सोचा भी नहीं जा सकता। वह गुरुवार को यहां माडिया से बात कर रहे थे। इससे पहले वह पाकुड़ के गायबथान गांव पहुंचे और वहां के आदिवासी परिवार से मिले। इसके बाद वह केकेएम कॉलेज के कल्याण छात्रावास के छात्रों से भी मिले। उन्होंने कहा कि पाकुड़ पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि उनका गोपीनाथपुर जाना सुरक्षा के दृष्टिकोण से ठीक नहीं होगा। इसलिए उन्हें वहां जाने की अनुमति नहीं दी गयी।

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि गायबथान के लोगों ने बताया कि घुसपैठिये आदिवासी परिवारों पर अत्याचार कर रहे हैं। ये सब मामले यहां के सीएम को देखना चाहिए। वह खुद आदिवासी हैं और आदिवासियों के लिए एसपीटी एक्ट बना हुआ है। फिर भी उनकी जमीन पर दूसरे लोग कब्जा कर रहे हैं। आदिवासियों के पास अदालत का आदेश है। इसके बावजूद प्रशासन आदिवासियों को उनकी जमीन पर उन्हें हक नहीं दिला पा रहा है। आदिवासी छात्रों के साथ पुलिस मारपीट करती है और उन पर नक्सली जैसी धाराओं में केस करती है।

भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सवाल किया कि क्या यहां के आदिवासी परिवार अपनी जमीन पर सुरक्षित तरीके से रह नहीं सकते। क्या यहां के आदिवासी युवाओं को शिक्षा हासिल करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने गोपीनाथपुर और तारानगर के लोगों से भी मुलाकात की। उनकी बातों को सुना। आज भी इन दोनों गांव के लोग डरे-सहमे हैं। तारानगर के करीब 50 परिवार आज भी बाहर रह रहे हैं। पाकुड़ में एक षडयंत्र रचा जा रहा है। यहां की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है। पूरी रणनीति के तहत घुसपैठी यहां की अस्मिता को समाप्त करने की दिशा में लगे हुए हैं। मैं यहां की पूरी घटना और पूरी बातों से राज्यपाल को अवगत कराऊंगा। देश के गृह मंत्री अमित शाह को भी यहां के पूरे हालात से अवगत कराऊंगा। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को जागरूक होने और घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। इस मुद्दे पर यहां की सरकार को भी ध्यान देना चाहिए।

मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश , लुइस मरांडी, जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, दुर्गा मरांडी, बाबूधन मुर्मू, अजीत रविदास, वेणी गुप्ता, विवेकानंद तिवारी, अनुग्रहित प्रसाद शाह, हिसाबी राय, मिठू भगत आदि मौजूद थे।

गायबथान के दो घायलों को एक-एक लाख देने की घोषणा

इससे पहले हिमंता बिस्वा सरमा गायबथान गांव में जमीनी विवाद में मारपीट में घायल पीड़ित परिवारों से मिले। उन्होंने घायल टिंडू हेंब्रम और रानी मुर्मू को हरसंभव मदद करने, जमीन पर पूर्णतः हक दिलाने के साथ-साथ न्याय दिलाने का भरोसा दिया। साथ ही उन्हें भाजपा की ओर से एक-एक लाख के आर्थिक सहयोग की घोषणा की।

KIIT-DU AWARDED PRESTIGIOUS UN ECOSOC SPECIAL CONSULTATIVE STATUS

KIIT
www.kiit.ac.in

- KIIT Deemed to be University has been granted the distinguished **Special Consultative Status by the United Nations Economic and Social Council (UN ECOSOC), recognizing the University's substantial contributions to the Sustainable Development Goals (SDGs).**
- **The status was conferred during the UN ECOSOC management segment meeting held on July 23, 2024, at the United Nations Headquarters in New York.**
- This recognition underscores KIIT's unwavering commitment to the United Nations' Agenda 2030 and the SDGs. Attaining Special Consultative Status marks a significant milestone, positioning KIIT among a select group of universities globally that have earned this esteemed distinction.

Partnership with UN VOLUNTEERS

- KIIT has entered into **partnership with UN Volunteers (UNV), opening a remarkable opportunity for its students to engage with various UN agencies to serve as 'National University UN Volunteers'.**
- This initiative is a **first of its kind by any private university in South Asia.** KIIT is the **only university in South Asia to get UNV status for engaging students for internship.**

KIIT is the only Professional/Technical university in India to achieve UN ECOSOC Special Consultative Status.

In India, both KIIT and Kalinga Institute of Social Sciences (KISS) in Odisha are proud to get this prestigious award.

KISS has already been awarded with UN ECOSOC Special Consultative Status in 2015 and has been continuing with this status till date.

23 Olympians in 20 Years

- KIIT has produced **23 Olympians** and **2 Paralympian** in 20 years representing India at 2016 Rio Olympics, 2020 Tokyo Olympics, & 2024 Paris Olympics.
- KIIT holds the **unique distinction of sending the highest number (15) of athletes to the Paris Olympics 2024** among any universities in India.

acypl american council of young political leaders
Collaboration with American Council of Young Political Leaders (ACYPL)

- **The American Council of Young Political Leaders (ACYPL), a global leader in fostering international understanding and diplomacy, has announced its historic collaboration** with the Kalinga Institute of Social Sciences (KISS) and KIIT.
- With the steadfast support of the U.S. Department of State and a score of other partners, over 8,900 leaders in the U.S. and in 129 countries and territories around the world have travelled on its life-changing exchange programs.
- **Collaboration with ACYPL provides a very prestigious opportunity for KIIT students to engage with political diplomats, who will visit KIIT & KISS from across world, and enter into internship programme.**

THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS
Rankings: Times Higher Education

- KIIT-DU has consistently secured impressive positions in various national and global university rankings. Its position in the recent rankings published by the prestigious Times Higher Education reflects its global excellence.

Young University Rankings 2024
World Rank: 168 India Rank: 10
Impacts Rankings 2024
SDG#10-Reduced Inequalities
World Rank: 6 India Rank: 1

KIIT is only 27 years old as an institute (1997 – 2024) and 21 years old as a university.

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,800 रु./10 ग्राम
चांदी 88,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in

चुनावी मुकाबले का संकेत है झारखंड विस में सियासी युद्ध

■ पांच साल में पहली बार सत्ता पक्ष और विपक्ष एकदम आमने-सामने

■ दोनों ही पक्ष अपने-अपने स्टैंड पर अड़ गये, तो बन गये कुछ नये कीर्तिमान

■ अच्छी बात यह हुई कि किसी भी पक्ष ने संवैधानिक मर्यादाओं को नहीं लांघा

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की पांचवीं विधानसभा के अंतिम सत्र के आखिरी दो दिनों में सदन के भीतर और बाहर जो कुछ हुआ और हो रहा है, उससे एक बात साफ हो गयी है कि अब झारखंड का सत्ता पक्ष और विपक्ष चुनावी मुकाबले में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है। 31 जुलाई को जिस तरह विपक्ष ने राज्य के ज्वलंत मुद्दों और सत्ता पक्ष के चुनाव पूर्व किये गये वादों पर मुख्यमंत्री के बयान की मांग को लेकर सदन के भीतर धरना दिया और बाद में मार्शलों द्वारा बाहर निकाले जाने के बाद गलियारे में रात बितायी, वह अभूतपूर्व था। यहां तक कि 1 अगस्त को अपने 18 विधायकों के निलंबन के बावजूद अपनी मांगों पर अड़े रह कर विपक्ष ने साफ कर दिया कि इस बार वह चुनावी मुकाबले में सत्ता पक्ष से दो-दो हाथ करने को पूरी तरह तैयार है। दूसरी तरफ सत्ता पक्ष की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में अपना स्टैंड साफ करने के बाद जिस तरह धरना दे रहे विपक्षी विधायकों से भेंट कर उन्हें मनाने की कोशिश की, उससे भी साफ हो गया कि सत्ता पक्ष भी चुनावी मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। पिछले पांच साल में यह पहला मौका है, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष में इस तरह आमने-सामने की भिड़ंत हुई है। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे अच्छी बात यह रही कि आंदोलनरत विधायकों ने मर्यादाओं का पालन किया और लोकतांत्रिक तरीके से ही अपनी-अपनी बात रखी। झारखंड के इतिहास में यह घटनाक्रम पहली बार हुआ है, लेकिन राजनीतिक नजरिये से इसका दूरगामी परिणाम निकलेगा। क्या है विधानसभा में हुए घटनाक्रम का सियासी संदेश, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

झारखंड की पांचवीं विधानसभा के अंतिम सत्र के दौरान पिछले दो दिन में जो कुछ हुआ और हो रहा है, वह लोकतांत्रिक और संवैधानिक दृष्टिकोण से कई मायनों में रेखांकित करनेवाला है। सत्र के दौरान हुए घटनाक्रम से एक बात साफ हो गयी है कि झारखंड का सत्ता पक्ष और विपक्ष विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। विधानसभा का सत्र समाप्त होने के बाद दोनों ही पक्ष अब चुनावी मैदान में दो-दो हाथ करने के लिए तैयार हैं। एनडीए विधायकों ने विधानसभा में लगभग 18 घंटे अनवरत धरना देकर और इस दरम्यान अपने मुद्दों को उछाल कर यह संदेश दे दिया है कि विधानसभा चुनाव में वह कितना आक्रामक तरीके से सत्ता पक्ष पर वार करनेवाला है। विधानसभा में हुए इस घटनाक्रम ने कई सियासी संदेश दिये हैं और साथ ही आसन्न विधानसभा चुनाव के दौरान होनेवाले मुकाबले की एक तस्वीर भी पेश की है। इसलिए यह जानना दिलचस्प है कि इस घटनाक्रम के संदेश क्या हैं।

पहला संदेश: पहली बार दोनों पक्ष आमने-सामने

विधानसभा के घटनाक्रम का पहला संदेश तो यही निकलता है कि पांच साल में पहली बार सत्ता पक्ष और विपक्ष का इस तरह आमना-सामना हुआ। पांच साल में यह पहला मौका है, जब सत्ता पक्ष को विपक्ष की मजबूती का पता चला। यह सच है कि सदन के भीतर से इतने बड़े पैमाने पर विपक्षी विधायकों को देर रात मार्शल आउट करने की घटना झारखंड के इतिहास में पहली बार हुई, लेकिन इससे पता चलता है कि विपक्ष इस बार आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है। केवल विपक्ष ही नहीं, सत्ता पक्ष भी जिस तरह अपने स्टैंड पर अड़ा रहा, उससे पता चल गया है कि दोनों ही पक्षों का रुख इस बार के चुनाव में आक्रामक ही रहेगा।

दूसरा संदेश: मर्यादाओं का ध्यान दोनों पक्षों को है

इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि झारखंड की सबसे बड़ी पंचायत के सदस्यों को उन मर्यादाओं का पूरा ध्यान है, जिनका पालन कर संसदीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने की बात कही गयी है। यह बहुत बड़ी बात है कि इतने तनावपूर्ण माहौल में भी सदन के भीतर और बाहर किसी भी पक्ष ने मर्यादाओं की सीमा को लांघने की कोशिश नहीं की। 31 जुलाई को जब विपक्षी सदस्य कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी सदन के वेल में धरना पर बैठे रहे, तब सदन के नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद उनसे मिलने और बात करने पहुंचे। यह अलग बात है कि उसमें मसला नहीं सुलझा, लेकिन सत्ता पक्ष का यह व्यवहार साबित करता है कि वह आंदोलन के लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करता है। देर रात विपक्षी विधायकों को मार्शलों द्वारा टांग कर बाहर निकाले जाने के बावजूद भाजपा विधायकों ने विधानसभा फर्श पर सोकर भी कहीं कोई हंगामा या अप्रिय स्थिति पैदा नहीं की, इससे साफ है कि विपक्ष की ओर से भी मर्यादाओं का पूरा ध्यान रखा गया। हां, इस दौरान विधायकों और खासकर महिला विधायकों को खासी परेशानी हुई। खासकर शौचालय आदि की दिक्कतें पूरी तरह सामने आयीं, बावजूद इसके उन्होंने अपना आपा नहीं खोया।

तीसरा संदेश: चुनाव में आक्रामक रहेंगे दोनों पक्ष

विधानसभा के घटनाक्रम ने एक और बात साफ कर दी है कि इस बार के चुनावी मुकाबले में कोई भी पक्ष इतनी आसानी से पीछे हटनेवाला नहीं है। 2019 के विधानसभा चुनाव में जिस तरह तत्कालीन सत्ता पक्ष, यानी भाजपा ने अति आत्मविश्वास में आकर अपनी चुनावी रणनीति तैयार की, उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। पुराने सहयोगी से नाता तोड़ना और प्रत्याशी चयन में मनमानी की कीमत भाजपा को चुकानी पड़ी थी। इसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा को पहली बार विपक्ष में बैठना पड़ा। लेकिन अब वह अपनी पुरानी गलती को भूल कर नये उत्साह के साथ चुनावी मुकाबले में उतरने के लिए तैयार है। वह एनडीए में शामिल घटक दल को भी सम्मान दे रही है। एक तरफ जहां विपक्ष सत्ता पक्ष, खास कर झामुमो-कांग्रेस और राजद को उनके ही वायदों और घोषणाओं को पूरा करने की मांग से उन्हें घेरने की पुरजोर कोशिश कर रहा है, वहीं सत्ता पक्ष यह बताना चाह रहा है कि वह किसी भी आंदोलन से घबड़ानेवाला नहीं है और दबाव में आकर वह वह कोई काम नहीं करनेवाला। वह व्यवहार को आक्रामक तरीके से जनता के सामने रखने के लिए तैयार है। अब यह जनता को तय करना है कि वह किसकी बातों पर अधिक ध्यान देती है।

चौथा संदेश: सत्ता पक्ष के हथियार को भोथरा करने की कोशिश

विधानसभा में विपक्ष ने जो मुद्दे उठाये हैं और जिनके लिए उसके विधायकों ने फर्श पर अंधेरे में रात बितायी, वास्तव में वे सभी एक समय सत्ता पक्ष के मजबूत सियासी हथियार थे। मसलन नियोजन नीति, 1932 के खतियान का मुद्दा, रोजगार, पारा शिक्षकों-सहायक पुलिसकर्मियों की मांगें और ठेकाकर्मियों के स्थायीकरण जैसे लगभग एक दर्जन मुद्दे झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन ने 2019 के चुनाव से पहले जोर-शोर से उठाये थे। चुनाव में उठाये गये उन मुद्दों का पूरा असर लोगों के मन मस्तिष्क पर पड़ा और पहली बार महागठबंधन बहुमत से सत्ता पर काबिज हो गया। झामुमो ने उस चुनाव में रिकार्ड जीत हासिल की। लेकिन यह भी सच है कि पांच साल में इनमें से कई ज्वलंत मुद्दों हल नहीं हो पाये हैं। इनमें नियोजन नीति और स्थानीय नीति विशेष मायने रखती है। विपक्ष ने आरक्षण के मुद्दे को भी पुरजोर तरीके से उठाया है। वह सत्ता पक्ष से बार-बार सवाल कर रहा है कि एक तरफ तो आपने रघुवर सरकार के समय बनायी गयी स्थानीय नीति को रद्दी की टोकरी में डाल दिया, लेकिन दूसरी तरफ आज तक सत्ता पक्ष ने स्थानीय नीति नहीं बनायी। बार-बार 1932 खतियान लागू करने का संकल्प दोहराया गया, लेकिन वह आज तक लागू नहीं हो पाया। आरक्षण का मुद्दा भी जहां था, वहां है। राज्य और केंद्र सरकार के बीच वह हिचकोले खा रहा है। पिछली नियोजन नीति के आधार पर ही नियुक्तियां हो रही हैं। बीच-बीच में सत्ता पक्ष की तरफ से इस तरफ कदम बढ़ाने का संकेत जरूर दिया गया, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जिसे विपक्ष ने चुनावी समय में अपना खास हथियार बना लिया है। अब यही मुद्दे विपक्षी भाजपा और आजसू की तरफ से उठाये जा रहे हैं और सत्ता पक्ष को घेरा जा रहा है, तो साफ है कि इसका सियासी लाभ तो विपक्ष को ही मिलेगा।

पांचवां संदेश: अब केवल वादा करने से नहीं चलेगा

विधानसभा के घटनाक्रम का छठा संदेश यही है कि अब चुनाव से पहले किये गये वादों का कोई मोल नहीं है। यदि किसी वादे पर किसी को जनता का समर्थन मिलता है, तो फिर चुनाव जीतने के बाद उस वादे को पूरा करने की दिशा में गंभीर प्रयास भी करना होगा। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो अब चुनावी मैदान में केवल मुद्दा उठाने से काम नहीं चलनेवाला है, उसे समाधान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी राजनीतिक दलों की होगी। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो फिर इस तरह के घटनाक्रम अक्सर देखने को मिलेंगे।

छठां संदेश: दोनों पक्षों में से कोई भी कमजोर नहीं

इस घटनाक्रम ने यह भी साफ कर दिया है कि चाहे झारखंड का सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, किसी को कमजोर आंकने की गलती नहीं की जानी चाहिए। भाजपा ने जिस तरह अपने सहयोगियों के साथ मिल कर इस तरह के आंदोलन की रणनीति तैयार की, उससे झारखंड की सत्ता दोबारा हासिल करने की उसकी गंभीरता का पता तो चलता ही है, साथ ही उसने बता दिया है कि सत्ता से बाहर रहने के बावजूद उसकी ताकत कम नहीं हुई है। उधर सत्ता पक्ष की तरफ से भी साफ कर दिया गया है कि वह किसी भी कीमत पर किसी के दबाव में पीछे हटने को तैयार नहीं है। सत्ता में होने के बावजूद उसकी आक्रामकता में कोई कमी नहीं आयी है। उसे कमजोर आंकना बड़ी भूल होगी।

विधानसभा में 18 घंटे धरने पर रहे एनडीए के विधायक

विधानसभा में फर्श, सीढ़ी, कुर्सी से वेल तक का सफर

राजीव

रांची (आजाद सिपाही)। एक ओर जहां झारखंड का मौसम कूल-कूल है। वहीं दूसरी ओर विधानसभा में विगत दो दिनों से सियासत फुल है। विधानसभा में बुधवार से शुरू हुआ हंगामा गुरुवार को भी थमने का नाम नहीं लिया। भाजपा विधायकों के हंगामा के कारण स्पीकर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 विधायकों को शुक्रवार दो बजे तक के लिए निलंबित कर दिया। झारखंड के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि हंगामा के कारण एक साथ विपक्ष के 18 विधायकों को सस्पेंड किया गया है। विगत दो दिनों से विधानसभा में फर्श, सीढ़ी, कुर्सी, वेल और हंगामा बरप रहा है। भाजपा के विधायक लगातार स्थानीय नीति, नियोजन नीति, नौकरी समेत अन्य मांगों को लेकर भाजपा के विधायक बुधवार से ही विधानसभा में हंगामा कर रहे हैं। बुधवार की तरह गुरुवार को भी हंगामा हुआ। बुधवार को हंगामा करते-करते भाजपा के विधायक वेल में आ गये। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा कर दी। सत्ता पक्ष के विधायक और अधिकारी विधानसभा से चले गये। लेकिन भाजपा के विधायक विभिन्न मांगों को लेकर वेल में बैठ गये। कुछ विधायक गमछी बिछा कर वहीं सो गये। रात दस बजे उन्हें मार्शल आउट किया गया। इसके बाद विधायक पोर्टिको में धरना पर बैठ गये। कुछ फर्श पर तो कई कुर्सी पर ही सो गये। रात भर वे वहीं रहे। वहीं दूसरी ओर गुरुवार की सुबह-सुबह विधायक विधानसभा में ही मॉर्निंग वाक करते दिखे। वहीं कुछ विधायक अपने आवास तो पहुंचे, लेकिन कुछ देर के बाद ही वापस विधानसभा पहुंचे। सदन की कार्यवाही जैसे ही 11 बजे शुरू हुई। भाजपा विधायक वेल में आ गये और हंगामा करने लगे। इसी बीच विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कार्रवाई करने की मांग उठायी। इस पर स्पीकर ने एक्शन लेते हुए 18 विधायकों को विधानसभा की कार्यवाही से शुक्रवार दो बजे तक निलंबित कर दिया। विगत दो दिनों में विधानसभा की कार्यवाही के दौरान हाइवोल्टेज पॉलिटिकल हंगामा दिखा। एनडीए के विधायक जहां एक ओर स्पीकर और सरकार को घेरते दिखे, वहीं दूसरी ओर स्पीकर और सत्ता पक्ष विपक्ष को कठघरे में खड़ा करता दिखा।

पत्रकारों को भी नहीं मिला प्रवेश : शुक्रवार को कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा कुछ इस कदर बरपा कि विधायकों के निलंबन के बाद पत्रकारों के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गयी। पत्रकार दीर्घा में हरा पास होने के बावजूद पत्रकारों को प्रवेश नहीं दिया गया। सिर्फ वे पत्रकार ही दीर्घा में प्रवेश कर पाये, जो पत्रकार दीर्घा समिति के सदस्य हैं, सिर्फ उन्हें ही प्रवेश दिया गया। यहां तक कि महिला पत्रकारों को भी शौच के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। परमिशन के बाद मार्शल की निगरानी में उन्हें अंदर जाने दिया गया।

विधानसभा परिसर की फर्श पर सोकर गुजारी रात

भाजपा विधायकों ने विधानसभा से मार्शलों के द्वारा बाहर निकाले जाने के विरोध में सदन के बाहर रात गुजार कर विरोध जताया। विधायकों ने रोजगार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चुप्पी पर नाराजगी जाहिर की और प्रदर्शन किया। भाजपा के विधायकों को मार्शलों ने बुधवार की रात सदन से बाहर निकाल दिया था। विपक्ष के इन विधायकों ने दोपहर तीन बजे के करीब सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी आसन के पास से हटने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद इन विधायकों को मार्शलों ने पकड़ कर रात दस बजे सदन से बाहर निकाल दिया। विपक्ष के विधायकों ने आरोप लगाया कि वे आसन के निकट धरने पर बैठे थे, लेकिन इस दौरान लाइट और कूलर बंद कर दिया गया। वहीं एक भाजपा विधायक ने दावा किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद मार्शल सदन से बाहर निकाल कर परिसर और फिर विधानसभा के प्रवेश द्वार की सीढ़ियों के समीप लेकर आये। इसके बाद विपक्षी विधायक रात को विधानसभा भवन के प्रवेश द्वार के समीप परिसर की फर्श पर ही चादर बिछा कर सो गये।

भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन करना शुरू दिया। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ नारे लगाये। बता दें कि पार्टी के नेता नौकरी और बेरोजगारी भत्ते को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। बुधवार को भी नेता प्रतिपक्ष ने इस मुद्दे को सदन में उठाया था।

मुझे भी सस्पेंड कर देते, बाहर में किरकिरी हो रही: नीलकंठ

भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि मैं भी साथ था। मेरा क्या दोष था, मुझे भी सस्पेंड कर देते। बाहर में मेरी किरकिरी हो रही है। मेरा क्या दोष था, जो मुझे नहीं निकाला गया। मुझे भी सस्पेंड कर दें। मुझे ऐसा लग रहा है, जैसे मुझे जात से निकाल दिया गया है। मुझ पर संदेह किया जा रहा है। आप पर भी बाहर में संदेह किया जा रहा है। मुझे भी सस्पेंड कर दीजिए।

विधायकों के निलंबन पर पुनर्विचार करें स्पीकर : सुदेश महतो

सदन की कार्यवाही गुरुवार को दूसरी बार शुरू होते ही सुदेश महतो ने स्पीकर रवींद्रनाथ महतो से निलंबन पर पुनर्विचार का आग्रह किया। कहा कि सरकार ने अपना कमिटमेंट पूरा नहीं किया। सरकार का उत्तर आना चाहिए था। ऐसे मामलों में बीच का रास्ता निकालने के लिए ही कार्यमंत्रणा की भूमिका होती है। इतना कठोर नहीं होना चाहिए।

विधायक और स्पीकर में हुई तीखी नोकझोंक

रांची। शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विधायक और स्पीकर में तीखी नोकझोंक हुई। भाजपा के विधायक जहां स्पीकर की कार्यशैली पर सवाल उठाते दिखे, वहीं स्पीकर ने भी विधायकों को फटकार लगायी। इसी बीच स्पीकर ने विधायकों को निलंबित करने की खबर सदन को दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.7 °c	23.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.31 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.19 बजे

बालूमाथ में बिजली पोल से टकरायी गाड़ी, पांच कांवरियों की मौत

वाहन में दौड़ा करंट, पांच लोग घायल, दो रिम्स रेफर

संतोष सिन्हा

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला के पास गुरुवार तड़के हुए हादसे में पांच कावरियों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गये। जानकारी के अनुसार तड़के करीब पौने पांच बजे एक सवारी यात्री वाहन बिजली के पोल से जा टकराया। उस पर 18 कांवरिया सवार थे, जो देवघर से लौट रहे थे। पोल से टकराने के बाद बिजली का तार गाड़ी पर गिर गया। इससे गाड़ी में करेंट प्रवाहित हो गया। मृतकों की पहचान रंगेली कुमारी (12, पिता सचेंद्र यादव), अंजली कुमारी (15, पिता राजकुमार यादव), सविता देवी (30, पति सुरेंद्र यादव) और शांति देवी (62, पति स्व बौधा यादव) के रूप में हुई है। ये सभी मकइयाटांड़ हेमपुर की निवासी थीं। इनके अलावा चितरपुर निवासी चालक दिलीप उरांव (24, पिता विष्णुदेव उरांव) की भी मौत हादसे में हुई। घायलों में हनेश यादव (35, पिता गजाधर यादव), चरकू यादव (38, पिता नागेश्वरू यादव), हरिनंदन यादव (56, पिता स्वर्गीय दिलमन यादव), परमेश्वर यादव (18, पिता दुखन यादव) सभी ग्राम भैंसादोन और रीना कुमारी (21, पिता बाबूलाल उरांव) ग्राम मकइयाटांड़ हेमपुर घायल हो गयी। बालूमाथ थाना पुलिस और आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां चिकित्सक डॉ ध्रुव कुमार द्वारा हनेश यादव और चरकू यादव को रिम्स रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद गुस्साये ग्रामीणों ने रांची-चतरा एनएच को जाम कर दिया। जाम की सूचना पाकर बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार, एसडीएम रजक और बीडीओ सोमा उरांव अन्य अधिकारियों के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को मुआवजा सहित अन्य आश्वासन दिया। इसके बाद जाम खत्म हुआ। अधिकारियों के साथ भाजपा नेता लक्ष्मण कुशवाहा और अमित कुमार भी मौजूद रहे।

मंत्री बैजनाथ राम ने किया दुख व्यक्त : राज्य के शिक्षा मंत्री सह लातेहार के विधायक बैजनाथ राम ने हादसे में पांच कांवरियों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है की इस दुख की घड़ी में वह मृतकों के परिवार के साथ हैं।

अस्पताल में इलाज कराते कांवरिया.

जाम करनेवालों को समझाते पदाधिकारी .

सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक

सीएम हेमंत सोरेन लातेहार कांवरियों की मौत पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि 5 कांवरियों की मौत की खबर से मन दुखी है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिजनों इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।

मुआवजे की मांग

पूर्व विधायक सह प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य प्रकाश राम, भाजपा नेता सह भावि विधायक प्रत्याशी चेतलाल रामदास, बिहारी यादव, गंगेश्वर यादव, दीपक यादव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों और समाजसेवियों ने हादसे मे पांच कांवरियों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सभी मृतकों के आश्रितों को नौकरी और उचित मुआवजा देने तथा घायलों का समुचित इलाज कराये जाने की मांग की है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

वृष कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

मिथुन कही से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

कर्क शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

सिंह राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

कन्या प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

तुला सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

वृश्चिक नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी, वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी।

धनु आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

मकर अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

कुंभ सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।

मीन लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है ।

विधायकों के साथ मार्शल भी डटे रहे, रात में कुछ सो रहे थे, तो कुछ सिर्फ करवटें बदलते रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद भी विपक्ष के विधायक सदन के भीतर ही बुधवार की रात जमे रहे। इसके बाद परिसर की बिजली-पानी की सप्लाई बंद कर दी गयी। सीएम हेमंत सोरेन ने भी विधायकों को मनाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। विपक्ष के विधायकों को देर रात मार्शल ने सदन से बाहर कर दिया। इसके बाद सभी विधायक लॉबी में आकर नारेबाजी करने लगे। विधायकों ने रात लॉबी में ही जमीन पर सोकर बितायी। कुछ करवटें बदलते रहे। विधायकों इस पूरी घटना को लाइव किया। विधायकों का कहना है कि उनके विरोध के अधिकार को भी हेमंत सरकार छीन रही है।

लॉबी में मच्छरों के बीच कटी रात : बीजेपी विधायकों को रात में सदन से मार्शल ने खींच कर बाहर कर दिया, तो उन्होंने लॉबी में डेरा जमाया। विपक्ष के लिए लॉबी रात भर खोल कर रखी गयी। विधायक जमीन पर चादर बिछाकर सोते नजर आये। मच्छरों के बीच किसी तरह से उन्होंने रात काटी। इस दौरान विधायकों के सेहत की भी जांच हुई। विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर सहित सचिवालय के अधिकारी और कई कर्मचारी भी रात भर विधानसभा में ही रहे। सचिव ने विधायकों से घर जाने का आग्रह भी किया, लेकिन विधायक नहीं माने। विधायकों के सुरक्षा कर्मियों ने भी विधानसभा के बाहर रात गुजारी। पुलिस को विधानसभा के अंदर जाने की अनुमति नहीं होती। विशेष परिस्थितियों में ही पुलिस अंदर जा सकती है। विधानसभा के अंदर मार्शल ने मोर्चा संभाला था। मुख्य हॉल के आसपास विधानसभा के मार्शल भी मोर्चे पर रहे।

रोजगार के सवाल पर चुप है सरकार : भाजपा विधायक अनुबंधकर्मियों, पारा शिक्षकों और युवाओं की मांग को लेकर धरना पर बैठे रहे। विधायकों का कहना था कि सरकार युवाओं के हित में काम नहीं कर रही। रोजगार के सवाल पर सरकार चुप है। सरकार लूट-खसोट और ट्रांसफर-पोस्टिंग कर रही है। नौकरी देने का झूठा वादा किया हेमंत सरकार ने ।

वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने लिखा कि हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है। हमारी मांग स्पष्ट है कि राज्य के युवाओं और अनुबंध कर्मियों से सरकार ने जो वादा किया था और उन पर जो अन्याय हो रहा है राज्य के मुख्यमंत्री उस पर जवाब दें। इस दमनकारी सरकार के द्वारा मार्शल आउट करना, बिजली, पानी बंद कर देने से कुछ नहीं होगा।

गुरुवार सुबह बीजेपी विधायकों ने लॉबी में प्रदर्शन किया।

अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा

सदन में विधायकों के धरने पर बैठे होने के बावजूद वहां बिजली और पानी की सप्लाई बंद कर दी गयी। इसके बाद काफी देर तक सभी अंधेरे में सदन के अंदर में बैठे रहे। इसे लेकर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को सदन के अंदर घुप अंधेरे में कैद कर हेमंत सोरेन ने झारखंड के लाखों युवाओं और अनुबंधकर्मियों के जीवन को अंधकारमय कर दिया है। झामुमो-कांग्रेस की सरकार चाहे जितने जुल्म ढाह ले, लेकिन भाजपा साढ़े तीन करोड़ झारखंडवासियों के हक की लड़ाई लड़ने के लिए इस तानाशाही सरकार की ताकत के आगे टस से मस नहीं होगी। मैं अपने सभी युवा साथियों और कर्मठ अनुबंधकर्मियों से यही कहना चाहता हूं कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। हेमंत सरकार द्वारा लायी गयी इस काली रात की सुहानी सुबह जरूर होगी। भारतीय जनता पार्टी युवाओं को नौकरी और अनुबंधकर्मियों को स्थायी कर उनके सारे सपने पूरे करेगी।

आइएएस एनएन सिन्हा हुए सेवानिवृत्त

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नागेंद्र नाथ सिन्हा 31 जुलाई 2024 की तिथि से सेवानिवृत्त हो गये। अपर मुख्य सचिव रैंक के अधिकारी एनएन सिन्हा वर्तमान में मिनिस्ट्री ऑफ स्टील में सेक्रेटरी के पद पर पदस्थापित थे। स्टील मंत्रालय में उन्होंने 1 जनवरी 2023 योगदान दिया था। मंत्रालय में उन्हें विदाई भी दी गयी। 1987 बैच के झारखंड कैडर के आइएएस अधिकारी लंबे समय से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। श्री सिन्हा बिहार झारखंड के कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे। ग्रामीण विकास सचिव के पद पर उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। केंद्र में भी वह बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन और एनएचएआइ के अध्यक्ष के पद को भी संभाला। इसके अलावा भी अन्य कई महत्वपूर्ण पदों पर उन्होंने योगदान दिया।

मंत्री इरफान अंसारी की मां का निधन, सीएम ने श्रद्धांजलि दी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास कार्य मंत्री इरफान अंसारी की मां मुस्तरी खातून (80) का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। मुस्तरी खातून के पति फुरकान अंसारी पूर्व सांसद हैं। मुस्तरी खातून की तबीयत बीती रात करीब 2:30 बजे अचानक खराब हो गयी थी। इसके बाद आनन-फानन में परिजन उन्हें अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मुस्तरी खातून को गुरुवार शाम को लखना कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया जायेगा। मुस्तरी खातून शहर के उर्दू कन्या मध्य विद्यालय की प्राध्यापिका रह चुकी थीं।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी की माता एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की धर्मपत्नी मुस्तरी खातुन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन के साथ आज मंत्री डॉ इरफान अंसारी के मधुपुर स्थित आवास पहुंचकर दिवंगत मुस्तरी खातुन के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने मंत्री डॉ इरफान अंसारी एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा दुःख की इस घड़ी में उनका ढाढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

विधानसभा का मानसून सत्र

सीबीए एक्ट में नहीं हो संशोधन, प्रस्ताव पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्र द्वारा प्रस्तावित कोल बेयरिंग एरिया एक्ट (सीबीए) एक्ट में संशोधन के विरुद्ध झारखंड विधानसभा ने प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव को केंद्र के पास भेजा जायेगा। इस दौरान वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन झारखंड सरकार की जल, जंगल और जमीन को बचाने का जो संकल्प है, वो उसके विरुद्ध है।

निजी कंपनियों को पट्टा देने के प्रस्ताव का है विरोध : केंद्र सरकार कोयला क्षेत्र (सीबीए) अधिनियम, 1957 के तहत भूमि अधिग्रहण करने और फिर वाणिज्यिक खनन के लिए आवंटित कोयला ब्लॉकों के विकास में तेजी लाने के लिए इसे निजी कंपनियों को पट्टे पर देने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इसी प्रस्ताव के विरोध में झारखंड विधानसभा ने एक प्रस्ताव पास किया है।



स्पीकर लिबरल हैं, नहीं तो और कठोर कार्रवाई होती : मिथिलेश ठाकुर

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायकों के निलंबन पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पिछली बार जब हम लोग विपक्ष में थे और यह लोग सत्ता पक्ष में तो उन लोगों ने मामूली से बात पर हम लोगों के विधायक को लंबे समय तक के लिए निलंबित कर दिया था। उन्होंने कहा कि इन लोगों को शुक्रवार दो बजे तक के लिए ही निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि स्पीकर इतने लिबरल हैं कि झारखंड विधानसभा के इतिहास में इतना लिबरल स्पीकर नहीं मिला होगा। नहीं तो इन लोगों पर और बहुत कठोर कार्रवाई होनी चाहिए थी।

लोकतांत्रिक इतिहास में काला दिन के रूप में दर्ज हो गया: अनंत ओझा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार को विधानसभा में रात्रि गुजारने के बाद भाजपा विधायकों का धरना प्रदर्शन चलता रहा। भाजपा अपनी मांगों को लेकर अड़ी रही। राजमहल विधायक अनंत ओझा के कार्यस्थगन प्रस्ताव पर सदन के अंदर लगातार चर्चा कराने की मांग विधानसभा अध्यक्ष से करते रहे। इसी पर विधानसभा अध्यक्ष ने राजमहल विधायक अनंत ओझा सहित 18 विधायकों को निलंबित कर दिया। इसी पर भाजपा विधायक ने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सरकार के इशारे पर कार्य कर रहे हैं, उनको ये समझना चाहिए कि अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक पद है। अनंत ओझा ने कहा कि राज्य के युवाओं के रोजगार को लेकर आवाज बुलंद करते रहेंगे। चाहे इसके लिए कुर्बानी भी क्यूं ना देनी पड़े। पर हम अपने संकल्प से डगमगाने वाले नहीं हैं। हमारा संघर्ष लगातार जारी रहेगा। झारखंड के लोकतांत्रिक इतिहास में काला दिन के रूप में दर्ज हो गया। युवाओं के रोजगार, संविदाकर्मी की मांग, विधानसभा में करना हेमंत सरकार को नागवार गुजरा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में शांतिपूर्ण तरीके से झारखंड के युवाओं की मांग करने, उनके द्वारा 16 घंटा से अधिक यातना के बाद भाजपा के 18 विधायकों को कांग्रेस-जेएमएम के इशारे पर शुक्रवार दोपहर 2 बजे तक निलंबित किया गया। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ नामित पत्रकारों तक को विधानसभा में प्रवेश नहीं मिला।

दुमका पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन, स्टीफन मरांडी की पत्नी को अर्पित की श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका पहुंचे। यहां सीएम महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी के घर पहुंचे। जानकारी हो कि बुधवार को महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी की पत्नी सुहासिनी बेसरा का निधन हो गया। विधायक के घर पहुंच कर सीएम ने सुहासिनी बेसरा को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही परिजनों से मिल कर ढांढ़स बंधाया। इस मौके पर उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और उनके छोटे भाई बसंत सोरेन भी मौजूद थे। इसके साथ ही दुमका सांसद नलिन सोरेन ने भी सुहासिनी बेसरा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से की।

सहायक आचार्य परीक्षा: रिजल्ट पर लगी रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी झारखंड सरकार, सीएम ने लिया फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा सहित अन्य पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के सिर्फ रिजल्ट प्रकाशन पर रोक लगाई है। परीक्षा के आयोजन को लेकर कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा कि सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगी।

समय पर होगी प्रतियोगिता परीक्षाएं : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न पदों के लिए ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षाएं पूर्व निर्धारित तिथियों के अनुसार होगी। उन्होंने कहा कि आयोग पूर्व में ही विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन की तिथियां घोषित कर चुका है। ऐसे में पूर्व -निर्धारित तारीखों के अनुरूप विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा, समय पर परीक्षा लेने पर सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के हितों का ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि सभी प्रतियोगिता परीक्षाएं समय पर आयोजित हों और अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस बैठक में मुख्य सचिव एल ख्यानगते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

महिला सशक्तीकरण को दिया जा रहा नया आयाम

2019 से अब तक 10,111 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज

2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व 09 वर्ष में सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में मिला। यही नहीं सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। वर्ष 2013 से 2019 तक एसएचजी को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,114 करोड़ की राशि दी गयी, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक 10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को उनके सशक्तिकरण हेतु दी गयी। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़ कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गयी।

आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी : ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 26 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि,पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखण्डों के 3816 गांव में 3900 उत्पादक समूह एवं 21 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हुआ। जिसके तहत राज्य के करीब 2.25 लाख परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई।

तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 80,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

वनोत्पाद से लाभ

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 3.0 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधिय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30/ हजार महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

जिप सदस्य ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी को सौंपा मांग पत्र

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी के लोक सभा कार्यालय कक्ष में मिलकर परसाबाद और यदुडीह स्टेशन पर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में परसाबाद रेलवे स्टेशन पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12801 और 12802 और यदुडीह स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13305 और 13306 की मांग की। परसाबाद स्टेशन पर प्रथम श्रेणी का विश्रामालय का निर्माण, यदुडीह, घुरमुंडा, गडगी के पास फुट ओवर ब्रिज पैदलसंपर्क पथ का निर्माण और गोहाल पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास अंडर पास या ओवरब्रिज का निर्माण करने की मांग शामिल है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के समस्या तथा नए आंगनबाड़ी केंद्र जरूरत के अनुसार खुलवाने पर भी चर्चा किया। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आश्वासन दिये कि सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौके पर पंसस प्रतिनिधि मनोज दास, चंदन कुमार पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

आरागारो से 251 कांवरियों के जत्थे को पूर्व विधायक ने सुल्तानगंज किया रवाना

चंदवारा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के आरागारो पंचायत से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवयुवक संघ आरागारो के 251 कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। कॉवारियों जत्था को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश यादव ने क्षेत्र की खुशहाली और मंगलकामना के साथ हरी झंडी दिखाकर यात्रा सुल्तानगंज को रवाना किया। आरागारो देवी मंडप से भव्य झांकी और जुलूस के कांवरियों और ग्रामीणों जत्था महतो आहरा चौक तक गया। शोभा यात्रा के साथ भक्ति भजनों पर झूमते गाते और भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए कांवरिये चल रहे थे। शिव भक्तों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भगवान भोलेनाथ के कृपा से हर वर्ष आरागारो में कांवरियों की संख्या बढ़ती जा रही है। शिव भक्तों का उत्साह और भोलेनाथ का आर्शीर्वाद से आपकी यात्रा सफल होगी। मौके पर समिति सदस्या नीलम कुमारी, छोटु यादव, प्रयाग यादव, अनिल यादव, कारू यादव, महाबीर यादव, राजू पासवान, अशोक यादव, बहादुर पासवान, पवन कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रभु यादव, नवयुवक संघ से शिव शंकर यादव, जितेंद्र यादव, रामचन्द्र यादव, संतोष यादव, संदीप यादव, कुलदीप यादव, राजेश रविदास, शिव शंकर गुप्ता, बिनोद साव, मुन्शी साव, अर्जुन साव, लखन साव, सुरेन्द्र यादव, चांदो यादव, लखन यादव, सचिन यादव, उमा पासवान, राजेश यादव, काली यादव, रामप्रसाद ठाकुर, चंदन ठाकुर, गुलाब साव मौजूद थे।

आत्मा शासी निकाय की हुई बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह अध्यक्ष आत्मा मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। उक्त बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु स्वीकृत जिला प्रसार कार्य योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के कार्य योजना पर विस्तृत विचार विमर्श और आत्मा योजना अंतर्गत अंतर स्कीम प्रशिक्षण हेतु एफपीओ, एफपीई के महिला समूह को सेंट्रल पोटैटो रिसर्च इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण, परिभ्रमण, किसान मेला, किसान गोष्ठी, पाठशाला और कर्मियों का सेवा विस्तार किया गया। साथ ही एग्री स्मार्ट एग्रीकल्चर एलाइड से समन्वय स्थापित कर योजना का कार्यान्वयन हेतु निदेश दिया गया। बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का प्रेजेंटेशन उपयुक्त महोदय के साथ प्रस्तुत किया गया। उक्त बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी रवि शंकर बरनवाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी व अन्य ने भाग लिया।

विष्णुगढ़ में अखंड हरिकीर्तन आयोजित

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के चैती दुर्गा मंदिर परिसर में बारह घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। बोलियागंज कीर्तन मंडली द्वारा भव्य पंडाल और आकर्षण लाइट की सजावट साउंड की व्यवस्था की गयी। एक दिन पूर्व कीर्तन भजन करते हुए नगर भृमण कर लोगों से अखंड हरिकीर्तन में शामिल होने की अपील भी की गयी। कार्यक्रम में बनासो, नवादा, चलानिया, देवी मंडप, बोलियागंज भजन कीर्तन मंडली के सदस्यों ने रात भर हरे राम, हरे कृष्ण का भजन कीर्तन किया, कीर्तन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं का उमंग उत्साह देखते बन रहा था। इस दौरान महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े सभी श्रद्धालु भक्त नाचते गाते भगवान की कीर्तन में झूमते रहे । मौके पर सुखदेव प्रसाद, रोहित सोनी, ललिता देवी, अयोध्या वर्मन, प्रदीप पांडेय, कृष्णा प्रसाद सोनी, सुरेश विश्वकर्मा, मधुसूदन प्रसाद, किशुन ठाकुर, शंकर सोनी, विकास मिश्रा, पप्पू मिश्रा, गुड़िया देवी, खुशबू देवी, सुनीता देवी, चंदा देवी, बेबी देवी, मंजू देवी, आशा देवी, गीता देवी, सुमन देवी, खुशबू देवी, नंदनी कुमारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

डिग्री कॉलेज में 23 अगस्त से होगा नामांकन

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के एक मात्र डिग्री कालेज में पठन पाठन कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इस बात की जानकारी विधायक अमित कुमार यादव ने दी। उन्होंने विधानसभा में बरकट्ठा में डिग्री कालेज चालू करने का मामला उठाया था जिस पर विभाग के मंत्री के द्वारा विधायक अमित कुमार यादव को बताया गया कि डिग्री कॉलेज का भवन शिक्षा विभाग को मिल गया है इसमें पठन पाठन कार्य 2024-25 का सत्र से पढ़ाई शुरू कर दी जायेगी। 23 अगस्त से इसमें नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। इस घोषणा से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लोगों ने इसके लिए विधायक अमित कुमार यादव को धन्यवाद दिया।

कांवरियों से भरी गाड़ी पेड़ से टकरायी

चालक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। गुरुवार की सुबह जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत मारुति चौक के पास कांवडियों वाली बोलेरो के पेड़ में टक्कर मारने से एक की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हो गये। मृतक की पहचान चंदन कुमार कसेरा (उम्र 35 वर्ष, पिता बिजेंदर कसेरा, ग्राम चंपाडीह, हजारीबाग) बताया गया। घायलों की पहचान विजय कुमार (30 वर्ष, पिता महेश मेहता हजारीबाग), संयोग पांडेय (37 वर्ष, पिता अखिलेश किशोर, हजारीबाग) और आकाश मेहता (40 वर्ष, पिता शिव शंकर मेहता, हजारीबाग) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार बोलेरो में चार लोग सवार होकर देवघर से पूजा करके अपने घर हजारीबाग लौट रहे थे। इसी दौरान नवलशाही थाना क्षेत्र के मारुति चौक के पास सुबह लगभग 5 बजे जानवर बचाने के चक्कर में बोलेरो एक पेड़ में जाकर टकरा गयी जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गयी। ग्रामीणों की मदद व पुलिस के सहयोग से इन्हें कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर द्वारा चालक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन घायल का इलाज सदर में चल रहा है।

सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ गोमिया मार्ग स्थित जमनिजारा में सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गयी। दोनों युवक विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नावाटांड़ गाव के बताये गये। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक नावाटांड़ गांव के रोहित कुमार दास 22 पिता किशुन राम और गांगुली कुमार सिंह पिता घुटर सिंह दोनों बाइक से जमनिजारा जा रहे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी जिससे दोनों की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना बीती रात बुधवार लगभग आठ बजे की है।

दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर का आयोजन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव में एलिमको टीम के सहयोग से समावेशी शिक्षा अंतर्गत विद्यालय में नामांकित दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरण जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर रिसोर्स शिक्षक धर्मेंद्र कुमार और विश्वनाथ कुमार ने संयुक्त रूप से किया। रिसोर्स शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पूर्व में जांच किये गये बच्चों सहायक उपकरण प्रदान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से व्हीलचेयर 4, ट्राईसाईकिल 1, वॉकर 4, केएफओ शूज 4, हायरिंग एड 3 वितरण किया गया। बच्चे सहायक उपकरण मिलने पर काफी खुश थे। वहीं उन्होंने आगे बताया कि आज की शिविर में कुल 19 दिव्यांग बच्चों का सहायक उपकरण के लिए जांच किया गया। वह दिव्यांग प्रमाण पत्र नौ बच्चों को मौके पर बनाकर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक रवि शंकर पाठक, चंद्रशेखर चौरसिया, देवदत्त कुमार, रंजीत नाथ, राजकुमार, सुनील कुमार सहित दिव्यांग बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

पुराना इचाक के ग्रामीण बीडीओ से मिले बीएफटी पर लगे आरोप को बताया गलत

इचाक (आजाद सिपाही)। पुराना इचाक पंचायत में कार्यरत बीएफटी पर अबूआ आवास के नाम पर रुपये लेने का ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया आरोप के विरुद्ध बुधवार को पुनः बड़ी संख्या में ग्रामीण हस्ताक्षर युक्त आवेदन बीडीओ को आवेदन सौंपा। जिसमें पूर्व में बीएफटी के विरुद्ध दिये गये आवेदन को झूठा बताया। मुखिया किरण देवी के नेतृत्व में पंचायत के सैकडों महिला पुरुष प्रखंड कार्यालय पहुंचे और बीडीओ को आवेदन सौंपा। आवेदन में कहा है कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत बीएफटी पर रुपया लेने का झूठा आरोप लगाया गया है। अबूआ आवास में रुपये का लेन देन नहीं हुआ है। आवेदन में कहा है कि पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि पूर्व में अपने और अपने रिश्तेदार के नाम से अबूआ आवास दिलाने को लेकर दबाव बनाकर जियो टैग करवाया गया और इस बार पुनः दबाव बनाया जा रहा है। मुखिया किरण देवी ने बताया कि पुराना इचाक पंचायत में किसी भी लाभुक से रुपया नहीं लिया गया है। प्रतिशोध की भावना से आरोप लगाया गया है।

बीएड प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय विभिन्न बीएड महाविद्यालय के अंतर्गत आने वाले छात्र-छात्राओं ने एनएसयूआइ जिला अध्यक्ष अभिषेक राज के नेतृत्व में विभावि के परीक्षा नियंत्रक डॉ सुनील दुबे से मुलाकात किया। अभिषेक राज ने कहा कि बीएड सत्र 2023-25 विलंब चल रहा है। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 1 जून को समाप्त हो गयी, परंतु दो महीने बीतने के बाद भी अभी तक परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है। जल्द परिणाम घोषित किया जाये और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा भी जल्द ही आयोजित करने का प्रयास किया जाये, ताकि सत्र नियमित हो सके। मौके पर अभिषेक राज के साथ कुणाल गुप्ता, आदर्श आनंद, अनुराग गौतम, लव कुश पांडे, गुलाम सरवर, जीनत बनो, राहुल देव, रजनीकांत समेत अन्य बीएड के छात्र मौजूद थे।

महानगर कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक कृष्ण बल्लभ आश्रम में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में हुई। संचालन महानगर उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और नगर प्रभारी अशोक देव, निसार खान, बाबर अंसारी, बिनोद सिंह, सजिद हुसैन, मिथलेश दुबे, रेणु कुमारी उपस्थित थे। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा की अगस्त और सितंबर महीने में सभी सभी वार्डों और बूथों की कमेटी का नये सिरे से बैठक की जायेगी। लोकसभा चुनाव में हुई कमियों को दूर करते हुए पार्टी पूरी ताकत से विधानसभा चुनाव लड़ेगी और पार्टी के एक एक कार्यकर्ता अभी से ही चुनावी तैयारी में जुट गये हैं। बैठक में मुख्य रूप से रघु जायसवाल, सलीम रजा, तारिक रजा, डॉ भैया असीम, मुनेश्वर चौधरी, मोहन गुप्ता, बबलू सिंह, मनोज सिन्हा, मनीषा टोप्पो, सुशील बोराई, सीताराम यादव, नन्हे, मो मोजिब, रत्नेश सिंह, गणेश रजक, मो जावेद, मो कमरुद्दीन, मो खालिद, दिलीप रवि आदि उपस्थित थे।

सेविका-सहायिकाओं की मांगों को लेकर डीएसडब्लूओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं की विभिन्न मांगों को लेकर सीटू से संबद्ध झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंप वार्ता किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सात सूत्री मांगों में महिला और बाल विकास विभाग झारखंड सरकार के संकल्प संख्या-2238 30.09.2022 के तहत हर साल सेविका सहायिका के मानदेय में क्रमशः 500 और 250 रुपये की बढ़ोतरी अविलंब लागू करने, न्यूनतम मानदेय 26 हजार की करने, सावित्रीबाई फुले, सर्वजन पेंशन और झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लिए प्रति लाभुक कम से कम 250 रुपये प्रोत्साहन राशि सेविका को देने, बीएलओ के कामों से आंगनबाड़ी सेविका को मुक्त करने, आंगनबाड़ी बच्चों के नाश्ता खाना बनाने के लिए प्रति बच्चा 0.13 पैसा की जगह हर माह गैस सिलेंडर रिफिलिंग करने की व्यवस्था करने, पोषाहार राशि बाजार दर पर देने और पोषाहार राशि प्रत्येक माह अथवा अग्रिम भुगतान करने, झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2023 - 2024 के बजट में किये गये घोषणा के अनुसार उच्च क्वालिटी का स्मार्ट फोन सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को अविलंब देने। पोषण ट्रैकर ऐप पर काम करने के लिए मजबूर नहीं करने की मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में संतोषी देवी, संध्या वर्णवाल, रेखा देवी, सुषमा कुमारी, कांति देवी, मंजू देवी, शशि देवी, हीना प्रवीण, माधुरी देवी, सर्वरी खातुन आदि शामिल थे।

अंबा ने 2013 के कानून के तहत विस्थापन से संबंधित लाभ देने की मांग विधानसभा में की

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा मानसून सत्र के दौरान विस्थापन संबंधित लाभ भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 कानून के तहत प्रदान करने की मांग की। विधायक ने इस दौरान सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा सदन में घोषणा किया गया था कि एलए एक्ट और कोल बैरिंग एक्ट अब नहीं चलेगी अब 2013 कानून के तहत जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा विधायक ने कहा कि यह विधानसभा का अंतिम सत्र है इसलिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अंतर्गत जमीन का मुआवजा तय किया जाये और पकरी बरवाडीह परियोजना के आलोक में राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग के पत्रांक 293 दिनांक 22.7.2020 के द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट के आलोक में 2013 कानून लागू करने की अनुशंसा को धरातल पर उतारा जाये।

अडाणी फाउंडेशन ने मनाया सावन महोत्सव

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव स्थित कार्यालय में स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोंदुलपुरा, गाली और बलोदर आदि गांवों की करीब सौ से अधिक स्थानीय महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएसआर (कॉपोर्रेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) टीम ने पिछले कुछ वर्षों में चलाए गये विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए महिलाओं से रायशुमारी की। साथ ही ग्रामीणों और महिलाओं से सुझाव भी मांगे गये, जिसके आधार पर भविष्य के कार्यक्रमों को और भी उपयोगी बनाया जा सके। महोत्सव में महिलाओं ने स्थानीय लोक गीतों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया, जिससे एक जीवंत माहौल बन गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने सभी महिला प्रतिभागियों को रेनकोट, छाते और स्वच्छता उत्पादों जैसी आवश्यक वस्तुओं वाला मानसून किट वितरित किया। इस अवसर पर मुखिया, उपमुखिया, मुखिया प्रतिनिधि, वन समिति अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों और परियोजना प्रमुख संजय कुमार, डीजीएम (सुरक्षा) पुण्डरीक मिश्रा, सीएसआर प्रबन्धक मोहित कुमार, शरद मिश्रा, तारकेश्वर कुमार आदि की मौजूदगी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

झुमरीतिलैया में मालवाहक वाहनों को पहली बार देना होगा चुंगी

वाहनों के लिए अलग-अलग टैक्स निर्धारित

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। नगर परिषद इस माह से आधे दर्जन स्थलों पर बेरिकेट लगाकर शहर में प्रवेश होने वाले माल वाहक वाहनों से चुंगी वसूलेगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर दी गयी है, जो शहर में लागू हो रहा है। झुमरी तिलैया के नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने बताया कि शहर के महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चौक सहित अन्य इलाकों में संबंधित एजेंसी के लोग टैक्स वसूलने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और यातायात पर नियंत्रण के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। इस तरह का टैक्स गिरिडीह, चतरा, हजारीबाग आदि नगर परिषद के द्वारा भी किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइटें खराब है, उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व कई इलाकों में स्ट्रीट लाइट जगमग करने लगेंगे। उन्होंने बताया कि मालवाहक टेंपो के लिए 50 प्रति ट्रिप, ट्रैक्टर और 407 के लिए 100 प्रति ट्रिप और बड़े माल वाहक वाहनों ट्रक और टेलर पर 200 प्रति ट्रिप की जायेगी वसूली की जायेगी। इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। बुधवार को नये जेई के साथ भी उन्होंने बैठक की और टैक्स वसूली के साथ-साथ नक्शा पास करने की प्रक्रिया और सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने की बात कही। बैठक में जेई वेद प्रकाश, चंदन कुमार, नितीश कुमार, पंकज कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। 31 जुलाई तक इसमें 2 करोड़ 80 लाख की वसूली होल्डिंग टैक्स में हो गयी है। वही वॉटर टैक्स में लक्ष्य एक करोड़ 54 लाख निर्धारित किया गया। जिसके विरुद्ध 31 जुलाई तक 17 लाख 50 हजार के राजस्व की वसूली की गई है, जो लक्ष्य का 14 प्रतिशत है। इसके अलावा ट्रेड लाइसेंस के लिए 12 लाख 50 हजार चालू वित्तीय वर्ष में रखा गया है जिसमें 31 जुलाई तक चार लाख 13 हजार की वसूली की जा चुकी है।

पदमा में चलाया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान

पदमा (आजाद सिपाही)। जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग निर्देशानुसार निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को बुनियादी साक्षरता शुद्धीकरण के लिए पदमा में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षण, बूनियादी साक्षरता लक्ष्य को आगाज करना है, दो दिन के हिंदी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को सफलतापुर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में जिला के प्रशिक्षित शिच्छा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार, बीपी प्रशिक्षक मुंशी प्रसाद साहू, अजय किशोर, संदीप वर्मा अनिरुद्ध राणा, के माध्यम से बेहतरीन प्रशिक्षण मिला प्रशिक्षन का संचालन राजकुमारी मैडम ने किया। कार्यक्रम बीडीओ और बीपीओ की देख रेख में संपन्न हुआ।

झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जयनगर प्रखंड की बैठक

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोदखर के प्रांगण में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जयनगर प्रखंड इकाई की बैठक संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार धोबी के अध्यक्षता में की गयी। संचालन प्रखंड सचिव प्रकाश पंडित ने किया। बैठक में 5 अगस्त को विभिन्न मुद्दों को लेकर रांची के राज भवन में आमरण अनशन जाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया। प्रखंड स्तर पर विभिन्न मुद्दे पर बात करने के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनगर से मिलने का भी प्रस्ताव लिया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष शंकर दयाल, अशोक गुप्ता शिवनंदन यादव, अरविंद कुमार, संजय कुमार राणा, सुनीता कुमारी, गुलाब राम, धानेश्वर राम, देवनारायण राणा सुरेश चंद्र रजक गंगाधर प्रसाद दास सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

श्री श्याम मंदिर में सावन हरियाली एकादशी का आयोजन

श्याम प्रेमियों ने अपने आराध्य बाबा श्याम को समर्पित एक से एक भजन गाये

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। झुमरीतिलैया स्थित श्री श्याम मंदिर (पानी टंकी रोड) में बुधवार देर शाम बाबा श्याम का सावन हरियाली एकादशी श्रृंगार धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्याम प्रेमियों ने अपने आराध्य बाबा श्याम को समर्पित एक से एक भजन गाये और भक्ति में डूबकर झूमते रहे। भजन संध्या की शुरुआत रवि दाहिमा के भजन से हुई, जिसमें उन्होंने भक्तों ने झूला डाला झूले पर खाटू वाला,



कहता है डोरी हिलाओ तुम, मुझको भी झुलाऊं तुम भजन प्रस्तुत किया इसके बाद मनोज पिलानिया ने अपनी आवाज में हाजिरी लिखवाता हूं हर ग्यारस पर, मिलती है तनख्वाह मुझे बारश पर, उंगली पकड़ के ले आया मुझे, खाटू नगरी घुमाया मुझे, श्याम मेरे श्याम, मैं तेरा लाडला- पर भक्ति संध्या में श्याम प्रेमियों ने दिल खोलकर बाबा श्याम की हाजिरी लगायी। श्री श्याम मंदिर में हर महीने की दोनों एकादशी को ताली कीर्तन का आयोजन होता है। मौके पर पर संतोष लड्ढा संजय नरेड़ी, मनोज पिलानिया, संजू पिलानिया, हिमांशु केडिया, संदीप हिसारिया, अमित सघई, यश बंसल, अनुराग हिसारिया, आशीष अग्रवाल, मनोज चौधरी, विष्णु चौधरी, मनोज कुमार, महावीर खेतान सहित अनेक भक्तों ने शिरकत की और अपनी भक्ति प्रकट की। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति की ओर से सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। सभी ने मिलकर बाबा श्याम की आरती उतारी और उनके चरणों में शीश नवाया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर भक्तों के उत्साह और श्रद्धा से गूंज उठा। भक्तों ने इस आयोजन के लिए मंदिर समिति का आभार व्यक्त किया और बाबा श्याम से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। श्याम मंदिर में हरियाली एकादशी का यह आयोजन लंबे समय तक भक्तों के मन में बस गया और वे सभी अगले महीने की एकादशी के आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

वज्रपात से महिला की मौत

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामु में गुरुवार को वज्रपात से एक अधेड़ महिला की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जामु निवासी लाटो साव की 55 वर्षीय पत्नी कुंती देवी धान खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान लगभग 3 बजे दिन बारिश के दौरान वह वज्रपात की चपेट में आ गयी। आनन-फानन में परिजन महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो ले आये जहां प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर भेज गया। परिजनों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आक्सीजन नहीं रहने के कारण महिला को ऑक्सीजन नही लगाया जा सका। उनलोगों ने यह भी बताया कि कोडरमा सदर में डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि आक्सीजन लगाकर जल्दी लाते तो बचाया जा सकता था।

ट्रेलर हाइवा ट्रक ओनर एसोसिएशन रामगढ़ की बैठक

कुजू (आजाद सिपाही)। ट्रेलर हाईवा ट्रक ऑनर एसोसिएशन, कोयलांचल रामगढ़ की अति आवश्यक बैठक गुरुवार को मूरपा कुजू स्थित अक्षत बैंक्विट हॉल में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सह संचालन वाहन मालिक मधु साव ने किया। बैठक के दौरान वाहन मालिको ने एक स्वर में स्थानीय फैक्ट्री संचालकों से ओवरलोड लोडिंग बंद करने की बात कही। साथ ही, किलोमीटर के हिसाब से भाड़ा तय करने का निर्णय लिया। वाहन मालिकों ने कहा कि ओवरलोडिंग के कारण वाहनों की स्थिति खराब हो जाती है। साथ ही, सड़क की स्थिति बद से बदतर होने की वजह से चालकों को कई दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दुर्घटनाओं से वाहन मालिकों को आर्थिक परेशानियों के साथ-साथ कल पुर्जे की खराबी और चालकों को मौत का भी सामना करना पड़ता है। इधर, स्थानीय फैक्ट्री संचालकों द्वारा जबरन ओवरलोडिंग करने के खिलाफ बैठक के दौरान जमकर प्रदर्शन की गयी। वाहन मालिकों ने जिला प्रशासन से ओवरलोडिंग बंद करने की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया। मालिकों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आज से भारी मालवाहको में ओवरलोडिंग पकड़े जाने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इधर, वाहन मालिको ने संगठन के सफल संचालन हेतु कमेटी का गठन किया। जिसमे अध्यक्ष संजय प्रसाद, उपाध्यक्ष बसंत प्रजापति, राजेश्वर प्रसाद और तालेश्वर प्रसाद, सचिव पारस महतो, सहसचिव शंकर प्रसाद, विनोद प्रसाद और कार्तिक मंडल, कोषाध्यक्ष नवीन प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, संगठन मंत्री लखन प्रसाद, उप संगठन मंत्री रुदन प्रसाद, मुख्य संरक्षक मधु साव, दिलीप महतो और महेंद्र प्रसाद, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार उर्फ रॉक समेत 11 कार्यकारिणी सदस्य शामिल है। मौके पर राजेश प्रसाद, करन साव, मुकेश प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार, सुरेश साव, वीरेंद्र कुमार, हरेंद्र प्रसाद, पूरन गंझू, विशाल कुमार, जुगनू खान, विक्की कुमार चौहान, खुशी लाल महतो, देवेंद्र गिरी, प्रमोद कुमार, सतीश प्रसाद, लालदेव महतो, आफताब आलम, शाकिर अंसारी, राहुल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, प्रेम पटेल, रंजीत कुमार मेहता, विक्की कुमार, संजय प्रसाद मेहता, संतोष कुमार, प्रेम कुमार समेत कई वाहन मालिक शामिल रहे।

ट्रैफिक पुलिस लगाने की मांग को लेकर दिया आवेदन

कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन सीसीएल कुजू क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव रामकुमार सिंह ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कुजू फोरलेन श्रीराम चौक बाईपास सड़क और नयामोड़ चौक गिद्दी मोड के पास ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर ट्रैफिक पुलिस की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों स्थानों पर छोटे बड़े वाहनों के लगने से दुर्घटना का भय बना रहता है। दुर्घटना से बचने के लिए दोनों स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस बहाल करने की मांग की है। उन्होंने आवेदन की प्रतिलिपि रामगढ़ उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को भी दी है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में दिव्यांगों के लिए विशेष कैंप का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में और प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के अगुआई में 45 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत गुरुवार को रामगढ़ के गोला प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में दिव्यांगो के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा नामित डॉक्टरों की टीम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिजीत कुमार, डॉक्टर अरविंद कुमार सर्जन, गोला, और चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मदन कुमार महतो द्वारा दिव्यांगो की जांच की गयी। जिसमें से 40 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। उसमें से 13 का दिव्यांग प्रमाण पत्र जमा किया गया और बाकी को जांच के लिए रेफर किया गया। कैंप में हॉस्पिटल स्टॉफ और पीएलवी शीला कुमारी, पूनम कुमारी, चरण मांझी, ब्रजेश ठाकुर, भवानी कुमारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सेंट्रल सौंदा पंचायत में कांग्रेस कमेटी का पंचायत कमेटी और बूथ कमेटी का गुरुवार को गठन किया गया। कार्यक्रम में इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, विधायक प्रतिनिधि अमित साहू, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह और स्थानीय मुखिया तिलेश्वर साव मुख्य रूप से मौजूद थें। इस दौरान सर्वसम्मति से शंकर कुमार पासवान को पंचायत अध्यक्ष, मो मासूम को उपाध्यक्ष, विजय सोनी को सचिव, अमन डेनिस को कोषाध्यक्ष, मरियम तिर्की को उप कोषाध्यक्ष, बंटी साव को मीडिया प्रभारी, विनय सिंह को संरक्षक और श्याम बिहारी पासवान को महामंत्री चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को फूलमाला और कांग्रेस पार्टी का अंग वस्त्र प्रदान करके स्वागत किया गया। इधर कांग्रेस के क्रियाकलापों से प्रेरित होकर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। मौके पर अध्यक्ष जयंत तुरी ने कहा कि युवा विधायक अंबा प्रसाद और युवा वर्ग मिलकर विधानसभा क्षेत्र के विकास हेतु लगातार कार्य कर रहे हैं। अंबा चुनाव जीतने के बाद से ही लगातार सक्रिय है विधायक प्रतिनिधि अमित साहू ने कहा कि प्रखंड में सभी जाति समुदाय को साथ लेकर चलने का कार्य किया जा रहा है। इसलिए कांग्रेस पार्टी को हर तबके का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मौके पर तेज नारायण राम, कांति देवी, विनीता देवी, चंदा देवी, संगीता देवी, नैना देवी, आकाश कुमार, दीपक पासवान, आरती देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

ओपी जिंदल स्कूल बलकुदरा पतरातू में संस्थापक दिवस पर प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित बलकुदरा पतरातू स्थित ओपी जिंदल विद्यालय ने अपने संस्थापक और उद्योग जगत के पुरोधा ओमप्रकाश जिंदल (बाबूजी) की जयंती (संस्थापक दिवस) के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस सत्र में भी विभिन्न अंतर्विद्यालयीन यथा, काव्य पाठ, चित्रकला, कहानी लेखन और वॉलीबॉल का प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। मालूम हो कि प्रतिवर्ष 7 अगस्त को विद्यालय अपना स्थापना दिवस मनाता है। इस संदर्भ में आमंत्रण और नियमावली क्षेत्र के सभी विद्यालयों में ईमेल द्वारा भेजी गयी है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अनुरोध करते हुए कहा गया है कि जिन विद्यालयों को आमंत्रण नहीं प्राप्त हुआ है वे कार्यालयीन समय में विद्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यालय की वेबसाइट पर भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। इस अवसर पर काव्य पाठ प्रतियोगिता में छात्रों को अपनी अभिव्यक्ति और भावनाओं को व्यक्त करने, चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का प्रदर्शन करने, जिसमें वे अपने विचारों और भावनाओं को कैनवास पर उतारेंगे। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिताओं में नामांकन हेतु प्रतिभागी अपने विद्यालय प्राचार्य के माध्यम से 4 अगस्त 2024 तक निर्धारित प्रपत्र में कर सकते हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री दौरे पर पहुंचीं रामगढ़

दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है अभाविप: शालिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा दो दिवसीय दौरे पर रामगढ़ पहुंची है। अपने प्रवास के पहले दिन शालिनी वर्मा ने गांधी मेमोरियल प्लस 2 विद्यालय और राधा गोविंद इंटर कॉलेज में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। राधा गोविंद इंटर कॉलेज में सदस्यता अभियान की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर, स्वामी विवेकानंद जी और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ ट्रस्ट के संस्थापक स्वर्गीय गोविंद शाह और स्वर्गीय राधा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

विद्यार्थी परिषद निरंतर समाज हित में कार्य करते रहती है: बीएन शाह: बीएन शाह ने कहा कि छात्रों को शालिनी वर्मा जैसे कार्यकर्ताओं और विद्यार्थी परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठन से जुड़कर उन्हें देश की सेवा करनी चाहिए। विद्यार्थी परिषद निरंतर समाज हित में कार्य करते रहती है। आज के छात्र छात्राओं को विद्यार्थी परिषद से संस्कार लेकर उसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। प्रियंका ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की बहुत जरूरत होती है और विद्यार्थी परिषद छात्रों को अनुशासन रहना सिखाता है।

सदस्यता अभियान 25 जुलाई से 10 अगस्त तक चलेगा: गौतम महतो ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान 25 जुलाई से 10 अगस्त तक चलेगा। अभी पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और विद्यार्थी बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद की सदस्यता लें रहे है। क्योंकि उन्हें भी मालूम है कि छात्रों के समस्याओं का समाधान केवल विद्यार्थी परिषद ही कर सकता है। विद्यार्थी परिषद कोई राजनीतिक संगठन नही है। बल्कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसा संगठन है जहां के कार्यकर्ताओं में अनुशासन देखने को मिलती है।

कार्यक्रम का संचालन अभाविप के हजारीबाग विभाग सह संयोजक अंशु पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन नगर मंत्री नितेश मोदी ने किया। कार्यक्रम में जिला संयोजक शुभम गिरी, पुनीत कुमार, राजेश दास, राहुल रजक, रविशंकर कुमार, चित्रा मृद्धा, नेहा कुमारी, धीरज कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विद्यार्थी परिषद संगठन नहीं एक परिवार है: शालिनी

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा, राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ ट्रस्ट के चेयरमैन बी एन शाह, ट्रस्ट की सेक्रेट्री प्रियंका, अभाविप प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो, रामगढ़ नगर मंत्री नितेश मोदी उपस्थित रहे। शालिनी वर्मा ने कहा की विद्यार्थी परिषद संगठन नहीं एक परिवार है, विद्यार्थी परिषद 1949 से निरंतर छात्र हित, समाज हित और राष्ट्र हित में कार्य करते आ रही है यही कारण है की आज विद्यार्थी परिषद सिर्फ देश की बल्कि विश्व की सबसे बड़ी छात्र संगठन है। 50 लाख से भी अधिक विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आज कश्मीर से कन्या कुमारी तक राष्ट्रवाद की ताकत को मजबूत कर रहे है। जो छात्र छात्राएं किसी कारण वश फौज में नही जा सके वो विद्यार्थी परिषद से जुड़ कर देश की सेवा कर सकते है।

हेसला जनता नगर के ग्रामीणों की समस्याओं का होगा निदान : विधायक

पतरातू (आजाद सिपाही)। विधायक अंबा प्रसाद बुधवार देर रात प्रखंड के हेसला जनता नगर पंचायत पहुंची और ग्रामीणों से मुलाकात की। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति के प्रशासक द्वारा 212 आवासों के आवंटन को रद्द करने और पंचायत खाली करने के लिए निकाली गयी नोटिस देखकर कार्रवाई की जा रही है। इन समस्याओं के मामले पर विधायक ने कहा कि जल्द ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करूंगी और इस मामले पर संज्ञान लेने और ग्रामीणों के हित में उचित फैसला करने का अनुरोध करने का कार्य करूंगी। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस मामले को पहले भी विधानसभा में उठाया है और जियाडा को हस्तांतरित की गयी भूमि के आदेश को रद्द करने की मांग की है। जिसके लिए विधानसभा सचिवालय में संबंधित विभाग को पत्र भी भेज दिया गया है। मौके पर मुखिया प्रीति झा, जयप्रकाश सिंह उर्फ ननकी सिंह, पूर्व मुखिया वीरेंद्र कुमार झा, मोहम्मद रहीम, रानी सिंह, गौतम कुमार, शिवकुमार, डी एन त्रिपाठी, मनोज कुमार, पवन कुमार ठाकुर, आनंद कुमार, विनय कुमार, अशोक कुमार, पंकज सिंह, कृष्णा नायक, रवि कुमार, नित्यानंद कुमार, अमरेश पांडे, परी सिंह, नीतू सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे ।

सांप के काटने से युवक की मौत

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र हेहल में जहरीले सांप काटने से युवक की मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेहल निवासी तीस वर्षीय रूपलाल मल्हार पिता झुनू मल्हार की मौत जहरीले सांप काटने से हो गयी है। प्रत्येक दिन की भांति रूपलाल मल्हार अपने घरों में सोता था। बीते मंगलवार को घर में सोने के दौरान जहरीले सांप ने रूपलाल को काट लिया। परिजनों ने आनन फानन में रूपलाल को किसी नर्सिंग होम में ले गया, जहां डॉक्टरों ने रिम्स रेफर किया। रिम्स पहुंचने पर डॉक्टरों ने रूपलाल मल्हार को मृत घोषित कर दिया। रूपलाल मल्हार की मौत के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों में मातम का माहौल है। बताते चलें की रूपलाल मल्हार के घर के आस पास बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घनघोर अंधेरा छाया रहता है, जिसके कारण जहरीले सांप बिच्छू का डर बना रहता है। रूपलाल मल्हार की पत्नी और दो बच्चों सहित परिजनों ने रूपलाल मल्हार की मौत के बाद स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन से नियम संगत मुआवजा की गुहार लगाई है।

बाबा कुटी से दर्जनों कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित योगियारा पंचायत अंतर्गत बाबा कुट्टी से दर्जनों कावरियो का जत्था गुरुवार को बाबा धाम की नगरी देवघर रवाना हुए। इस दौरान योगियारा पंचायत के मुखिया आशीष भारती के नेतृत्व में दर्जनों कांवरियो का जत्था बाबा कुट्टी से आशीर्वाद ग्रहण करते हुए बाबा धाम को रवाना हुए। कांवरियों में योगियारा मुखिया आशीष भारती के अलावे प्रवीण बंसल, पवन कुमार, अखलेश पासवान, लवकुश राम, दिनेश गुप्ता, संजय पासवान, रवि कुमार, सतेंद्र गुप्ता, अजय महतो, युगेश प्रजापति, ऋतिक गुप्ता, सुभाष चंद्रवंशी, गणेश गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

4.46 एकड़ सरकारी भूमि पर कब्जे का प्रयास

ग्रामीणों ने हेमतपुर में किया बैठक, वनांचल फैक्ट्री पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा करने का लगाया आरोप

अंजनी कुमार

गोला (आजाद सिपाही)। गोला में 4.46 एकड़ सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं के द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। कब्जा के लिए पिछले दो दिन से भूमि को समतल किया जा रहा है। इतना ही नहीं दर्जनों पेड़ को काट दिया गया है। पेड़ को छुपाने के लिए कई पेड़ो को जमीन में गाड़ दिया गया है। इस मामले को लेकर गुरुवार को हेमतपुर गांव के ग्रामीणों ने महादेव मंडप में बैठक किया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में भू-माफियाओं को खदेड़ने का निर्णय लिया। ग्रामीण झलू महथा और मनबोध महथा ने बताया कि बनतारा मौजा के खाता संख्या 28, प्लॉट 146 जिसका रकवा 4.46 एकड़ सरकारी भूमि पर वनांचल कोंकास्ट प्लांट के द्वारा भू-माफियाओं के सहयोग से अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। समसान घाट और नाला को भी नहीं छोड़ा गया है। इसे भी कई जगह समतल कर दिया गया है। बताया गया कि तिरला, हेमतपुर, जांगी आदि गांवों का पानी इस नाला में आता है। जो गोमती होते हुए दामोदर में मिलती है। उक्त नाला सर्वे में भी दर्ज है। समसान घाट जिसका ग्रामीण सदियों से अंतिम संस्कार का सारा काम करते है। समतलीकरण का कार्य करने में दर्जनों पेड़ को गिरा दिया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भूमि कब्जा करने का सारा खेल वनांचल फैक्ट्री प्रबंधन कर रहा है। जिसे कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

वर्जन: मामले की जानकारी के बाद अमीन एवं कर्मचारी को भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है। समरेश भंडारी अंचल अधिकारी गोला: पेड़ काटे जाने की शिकायत मिली है। जांच कर इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दिया गया है।

मनीष कुमार, फोरेस्टर: मामले की जानकारी नहीं है। भूमि पर कौन काम करा रहा है। बिष्णु कुमार, फैक्ट्री प्रबंधक वनांचल कोंकास्ट लिमिटेड।

हो हंगामा के बाद काम बंद कराया

इधर ग्रामीणों ने अवैध कब्जा के शिकायत के बाद काम को बंद करा दिया है। काम बंद करने के दौरान हल्की झड़प भी हुई है। जिसमे एक ग्रामीण को चोट भी लगी है। इस बात की जानकारी रेंजर, अंचल अधिकारी को दी गयी है। दोनों की टीम ने स्थल पहुंचकर जांच किया है।

रामगढ़ महाविद्यालय उर्दू विभाग में मनी प्रेमचंद की जयंती

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रेमचंद जयंती के अवसर पर रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के उर्दू विभाग में प्रेमचंद जयंती मनाया गया। इस अवसर पर उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि प्रेमचंद ने अपने उपन्यासों और लघु कथाओं से समाज को आईना दिखाते रहे। समाज को अपने हालत और कमियों को सुधारने की जरूरत का एहसास कराते रहे है। उनकी मातृभाषा उर्दू थी। वह उर्दू हिंदी दोनों भाषा में लिखते थे। उन्होंने ज्यादातर उपन्यास और लघु कथाएं उर्दू में लिख कर उसका अनुवाद हिंदी में किया है। उन्हें उर्दू का पहला अफसाना निगार माना जाता है। उर्दू के विद्यार्थियों ने प्रेमचंद के अफसानों का मंच पर पढ़ कर सुनाया। जिनमें अरसला शाकरीन ने ईदगाह, सायरा मुस्तफा ने कफन और सलमा परवीन ने बड़े घर की बेटी को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिवानंद, आनंद शारदेय, गुलाबशा परवीन, मो वसी, आरिफ हुसैन, दानिश अंसारी, ताबिश अंसारी, लाली परवीन, मुस्कान परवीन और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने निकाली चेतावनी रैली

किसी भी हाल में करना होगा होल्डिंग टैक्स 60 प्रतिशत कम: रवि

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। होल्डिंग टैक्स 60 प्रतिशत कम करने सहित अन्य मांगों को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को चेतावनी रैली निकाला। रैली के माध्यम से झारखंड सरकार को रामगढ़ नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार और धांधली से अवगत करवाया गया। चेतावनी रैली शहीद निर्मल महतो चौक से शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर मालार्पण कर मोटर साइकिल रैली नगर परिषद कार्यालय पहुंचा।

जेइ रोहित रंजन दस के प्रति शोक व्यक्त किया: रैली में सबसे पहले ग्रामीणों ने जेई रोहित रंजन दस के प्रति शोक व्यक्त किया जिसके बाद होल्डिंग टैक्स के विरोध में धरना दिया। साथ ही झारखंड सरकार को मांग पत्र सौपा होल्डिंग टैक्स 60प्रतिशत कम करने और पेंशनधारियों माफ करे साथ ही होल्डिंग टैक्स का पैसा ग्रामसभा द्वारा पारित परियोजना में ग्रामीण स्वंय खर्च करेंगे, ना कि कोई ठिकेदार, सत्र 2024-2025 के होल्डिंग टैक्स 30 जून 2024 के बाद प्रत्येक माह 1 प्रतिशत दर से ब्याज बढ़ाया है, उसे रोका जाये, नगर परिषद क्षेत्र में सरकारी काम जैसे-सड़क, नाली, तालाब आदि में स्थानीय लोगों को रोजगार दे, किसानों के लिए कृषि संबंधित लाभ दिया जाये जैसे-फसल बीमा, सस्ती दर पर बीज, कृषि सामाग्री आदि, महिलाओं और छात्रों के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा और कोर्ट परिसर से सदर अस्पताल तक निःशुल्क वाहन सुविधा, पूरे नगर परिषद में बिजली व्यवस्था ठीक करें, बंद पड़े जलमीनार, और घुटवा बाजार चालू करवाए, होल्डिंग टैक्स जमा करने वाले लोगों को बाजार में माशूल लेना बंद करे।

मौके पर रवि कुमार विशेश्वर बेदिया, पन्नू मुंडा, हरिनाथ महतो, गणेश बेदिया, खुशबू देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी, सुगनी देवी, गुडिया देवी, रीना देवी, फुलासरी देवी, सरिता देवी, सरिता देवी, पिंकी देवी, हदीरा खातन, सहारून नीशा, आसमा खातून, नकीना खान, पुष्पा देव, मुलियादेवी, श्वेता देवी, सुकेदा खातुन, राधा देवी, उजमा प्रवीण और दर्जनों लोग शामिल थे।

धमका कर दुष्कर्म करनेवाला आरोपी गया जेल

प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के चन्द्री गोविंदपुर पंचायत के सलेंमपुर गाँव निवासी अशोक तिवारी के पुत्र अजीत तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक के भाभी ने प्रतापपुर थाने में लिखित आवेदन देकर आरोप लगायी थी कि देवर अजीत तिवारी चाकू के बल पर मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया और मेरे घर में लगे दरवाजा भी तोड़ दिया है। आवेदन के आलोक में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अबुआ आवास को लेकर ग्रामसभा

प्रतापपुर / चतरा। प्रखंड स्थित घोरदौर पंचायत सचिवालय में गुरुवार को अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन करने हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया ललिता देवी ने की, जबकि संचालन समाजसेवी उमेश भुइंया ने किया।मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष योग्य अबुआ आवास के लाभूकों का चयन किया गया। वहीं अयोग्य लाभुकों का चयन करने को लेकर कई ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कहा की कई लाभुक ऐसे भी है जो सुखी संपन्न होने के बावजूद भी आवास का लाभ ले चुके हैं। इस दौरान कई ब्लॉक समनव्यक नाजिर अख्तर, ऑपरेटर चंद्रकांता, रामाशीष भोक्ता, मिश्री भारती, सहित कई लोग शामिल थे।

शपथ पत्र

शपथ पत्र संदर्भ संख्या 28268 दिनांक 31.07.2024 के अनुसार मैं, तौफीक नसीम पुत्र अबदुस सलाम, निवासी नूर मोहल्ला, ग्राम बलसोकरा, पी.एस. चान्हो, जिला रांच एतद्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ और घोषणा करता हूँ कि 1. मैं जन्म से भारतीय नागरिक हूँ। 2. मेरा नाम तौफीक नसीम है, जो मेरे आधार कार्ड संख्या 2908 8920 1789, पैन कार्ड संख्या CGAPN2049A, मतदाता पहचान पत्र संख्या HZB0041772 में लिखा है। 3. मेरे पासपोर्ट संख्या G3579165 दिनांक 13-09-2009 में मेरा नाम मोहम्मद तौफीक लिखा गया है। 4. तौफीक नसीम और मोहम्मद तौफीक नसीम एक ही व्यक्ति यानी मेरा नाम है। मुझे तौफीक नसीम के नाम से जाना जाएगा। 5. ऊपर दिए गए कथन मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही हैं।

COURT NOTICE

In the Court of Miss Ayesha Singh Sardar, Munsif, Ramgarh

Publication Notice under order V Rule 20 CPC

Org. Suit No.- 34/2021

Alijan Mian .....Plaintiff

V/s

Mumtaz & Others .. Defendants

Whereas it has been proved to the satisfaction of the court that the defendant No.-2 Mumtaj Ansari S/o Late Gul Mohammad, Vill.-Bongahara, P.O.- Hesagarha, P.S. Mandu, Dist-Ramgarh received summon above mentioned case to appear in the court but did not appear. Hence this proclamation under Order V Rule 20 of CPC is hereby issued against him and should appear personally or through his Advocate on date 16-07-2024 Time 10:30 AM. Take Notice that in default of his appearance on the day before mentioned the above said case will be heard and determine in his absence. Give under my hand, Seal of the court this date: 13.06.2024 time: 07:30 AM

Ayesha Singh Sardar
Munsif Judge Civil Court, Ramgarh

'एक पेड़ मां के नाम' के अभियान को लेकर बांटे गये पौधे

पर्यावरण संरक्षित रखने को लेकर अधिक से अधिक लगे पौधे: अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के द्वारा आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बुधवार को स्कूल परिसर में स्कूली बच्चों के बीच पौधों को वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अर्चना महतो, प्रधान परमदीप सिंह कालरा, सरदार दलजीत सिंह, सरदार नरेंद्र सिंह चमन शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों के बीच पौधे बांटे। मौके पर स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बताया कि यह अभियान मां प्रकृति को समर्पित है। जिन्होंने इस पृथ्वी को पूर्ण रूप से हरा-भरा रखा है। मौके पर मुख्य अतिथि अर्चना महतो ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, पेड़-पौधों को बचाना और लगाना है। वही, विद्यालय के उपाध्यक्ष सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा ने कहा कि जिन पेड़ों की रक्षा हमारे पूर्वजों ने कि जिन्हें हम पूजते आये हैं, जिसने हमें जीवन दिया वायु के रुप में उनकि रक्षा करना हमारा कर्तव्य बनता है। जीवन की सुरक्षा पूर्ण रूप से तभी होगी जब हम अधिक अधिक पेड़ लगायेंगे और अपने वातावरण को प्रदूषित होने से बचायेंगे।

ये थे उपस्थित: इस अवसर पर गुरुद्वरा प्रधान सरदार परंदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, मनमोहन सिंह लांबा, परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित थे।

स्वस्थ हो बहस

अपने आपमें यह बात तसल्ली की हो सकती है कि संसद के मौजूदा मॉनसून सत्र में हंगामा और बॉयकॉट के बजाय मुख्य स्वर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हो रही बहस का है, लेकिन यह बात भी सही है कि जितनी स्वस्थ और सकारात्मक यह बहस हो सकती थी, नहीं हो पा रही। बहस के दौरान भी वे पहलू मुद्दा बन रहे हैं, जो अपेक्षाकृत कम गंभीर हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये बजट पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में जो लंबा भाषण दिया, उसकी काफी चर्चा रही। उनसे यह अपेक्षा तो किसी ने नहीं की होगी कि वह बजट में प्रस्तावित प्रावधानों की तारीफ करेंगे, लेकिन जितनी सख्त आलोचना उन्होंने की और जिस तरह से राजनीतिक और गैरराजनीतिक व्यक्तित्वों को आलोचना के दायरे में ले आये, क्या वह जरूरी था? ऐसे ही जाति जनगणना एक बड़ा मुद्दा कांग्रेस के लिए रही है, लेकिन बजट पर भाषण के क्रम में उसे आक्रामक अंदाज में उठाना और हलवा सेरिमनी के जरिए बजट बनाने वाले ऑफिसरों की जाति का सवाल खड़ा करना चुनावी नजरिए से जो भी फायदा-नुकसान पहुंचाये, बजट पर बहस की गुणवत्ता बढ़ाने वाला तो नहीं कहा जा सकता। अफसोस की बात यह रही कि सत्ता पक्ष भी दखल देकर बहस को कोई स्वस्थ दिशा नहीं दे सका। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण में कुछ अच्छी बातें कहीं, लेकिन राहुल गांधी के उठाये जाति जनगणना के मुद्दे पर यह कहना कि जिस नेता की अपनी जाति का पता नहीं, वह जाति जनगणना कराने की बात कर रहा है, बहस के स्तर को ऊपर उठाने के बजाय उसे और नीचे की ओर ले जाने वाला साबित हुआ। इस बीच विपक्ष की ओर से बजट में राज्यों के साथ कथित तौर पर पक्षपात करने का मसला उठाया गया, जिसका वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूरी गंभीरता से जवाब भी दिया। यह निश्चित रूप से बजट पर संसद में हुई चर्चा के स्वस्थ पहलुओं में शामिल किया जा सकता है। यह बात सही है कि संसदीय लोकतंत्र में संसद में हो रही किसी भी चर्चा को न तो राजनीति से परे माना जा सकता है और न ही यह अपेक्षा की जा सकती है कि उसका कोई चुनावी पहलू नहीं होगा। फिर भी, यह एक तथ्य है कि अभी-अभी देश में आम चुनाव संपन्न हुए हैं और उससे निकले जनादेश को न केवल सत्तारूढ़ पक्ष बल्कि विपक्ष भी सम्मानपूर्वक स्वीकार कर चुका है। ऐसे में उनसे यह उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि कम से कम अभी कुछ दिन चुनावी मजबूरियों से ऊपर उठ कर विकास और जनकल्याण के एजेंडे को सबसे ऊपर रखते हुए चलें। आज आम बजट 2024 पर दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में फिर से चर्चा होनी है। सोमवार को बजट सत्र के दौरान लोकसभा में खूब गहमागहमी रही। राहुल के बजट बनाने वाले अधिकारियों में दलित न होने वाली बात पर सांसद अनुराग ठाकुर ने आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना की बात वे कर रहे जिनकी खुद अपनी जाति का पता नहीं। इससे पहले सपा सांसद अखिलेश यादव के साथ भी अनुराग ठाकुर की तीखी बहस देखी गयी थी। इसके अलावा कल वित्त मंत्री ने भी राहुल गांधी के बजट पर उठाये सवालों का जवाब दिया।

जाति जनगणना एक बड़ा मुद्दा कांग्रेस के लिए रही है, लेकिन बजट पर भाषण के क्रम में उसे आक्रामक अंदाज में उठाना और हलवा सेरिमनी के जरिए बजट बनाने वाले ऑफिसरों की जाति का सवाल खड़ा करना चुनावी नजरिए से जो भी फायदा-नुकसान पहुंचाये, बजट पर बहस की गुणवत्ता बढ़ाने वाला तो नहीं कहा जा सकता।

अभिमत
आजाद सिपाही

गत वर्षों में नये संसद भवन में प्राचीन चोल साम्राज्य के प्रतीक सेंगोल (राजदंड) की स्थापना, काशी विश्वनाथ धाम का 350 वर्ष पश्चात विस्तारीकरण-पुनरोद्धार, न्यायिक निर्णय के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का पुनर्निर्माण, धारा 370-35ए का संवैधानिक क्षरण और प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को सिख पंथ के 10वें गुरु श्री गोबिंद सिंहजी के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान की याद में वीर बाल दिवस के साथ प्रत्येक 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने आदि की घोषणा की गयी थी।

अपनी जड़ों से जुड़ता भारत देश

बलबीर पुंज

गत 26 जुलाई को असम के चराइदेव स्थित अहोम साम्राज्य के मोइदम को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल कर लिया गया। यह संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा सूचीबद्ध भारत का 43वां, तो देश में पूर्वोत्तर का प्रथम विश्व धरोहर स्थल है। यह साम्राज्य असम में 13वीं से 19वीं शताब्दी के आरंभ तक अस्तित्व में रहा। क्या सुधि पाठक अहोम साम्राज्य के इतिहास को जानते हैं? यह विडंबना है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली में दिल्ली सल्तनत (320 वर्ष), मुगल साम्राज्य क्रूर औरंगजेब की मौत तक (181 वर्ष) और ब्रितानी राज (190 वर्ष) का उल्लेख तो है, परंतु अहोम साम्राज्य का कार्यकाल 600 वर्षों से अधिक समय का होने के बाद भी भारतीय पाठ्यक्रम से नदारद है।

इस्लामी कालखंड में भारतीय अस्मिता के प्रतीकों को जमींदोज किया गया, तो तलवार के बल पर हिंदू-बौद्ध-जैन-सिखों का जबरन मतांतरण, परंतु स्थानीय बाशिंदों ने कभी भी इस्लामी आक्रमणकारियों को खुद से श्रेष्ठ नहीं समझा और वे अपनी सांस्कृतिक पहचान-परंपराओं के प्रति गौरवान्वित रहे। अंग्रेज होशियार और चालाक थे। उन्होंने स्थानीय भारतीयों को न केवल शारीरिक, बल्कि उन्हें उनकी मूल जड़ों से काट कर मानसिक तौर पर भी अपना गुलाम बनाना शुरू किया। जब वामपंथियों और जिहादियों की मदद से भारत को विभाजित करके ब्रितानी 1947 के बाद चले गये, तब तक वे भारत के सामूहिक मानस को क्षीण कर चुके थे।

गुरु साहिब ने अपने तीनों अनुयायियों की नृशंस हत्या के बाद भी दृढ़ होकर अपना शीश कटाना स्वीकार किया।

यह स्थिति तुरंत प्रभाव से बदलनी चाहिए थी और इसकी शुरुआत सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के साथ प्रारंभ भी हुई। परंतु 30 जनवरी, 1948 को गांधीजी की नृशंस हत्या और 15 दिसंबर, 1950 को सरदार पटेल के निधन के पश्चात इस सांस्कृतिक पुनरुत्थान पर रोक लग गयी और उस पर सांप्रदायिकता का मुलम्मा चढ़ा दिया गया। ऐसा करने वालों में सबसे ऊपर स्वतंत्र और खंडित भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू थे, जो अन्य भारतीयों की भांति ब्रितानियों के स्मृतिलोप अभियान का शिकार रहे। पं. नेहरू मार्क्सवाद से बहुत प्रभावित थे और वे लॉर्ड थॉमस बैबिंगटन मैकॉले द्वारा स्थापित उस शिक्षण प्रणाली (1835-36) के अव्वल दर्जे वाले उत्पाद थे, जिसमें रक्त-रंग से भारतीयों को पसंद-नापसंद, विश्वास, नैतिकता और बुद्धि से अंग्रेज बनाने की नीति थी।

हाल ही में राष्ट्रपति भवन स्थित दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम 95 साल बाद बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप किया गया है। इससे पहले गत वर्षों में नये संसद भवन में प्राचीन चोल साम्राज्य के प्रतीक सेंगोल (राजदंड) की स्थापना, काशी विश्वनाथ धाम का 350 वर्ष पश्चात विस्तारीकरण-पुनरोद्धार, न्यायिक निर्णय के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का पुनर्निर्माण, धारा 370-35ए का संवैधानिक क्षरण और प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को सिख पंथ के 10वें गुरु श्री गोबिंद सिंहजी के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान की याद में वीर बाल दिवस के साथ प्रत्येक 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने आदि की घोषणा की गयी थी।

इसी कड़ी में अहोम मोइदम का यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल होना अतुलनीय है। यह पिरामिड सरीखी अनूठी टीलेनुमा संरचना हैं, जिनका इस्तेमाल 6 सदियों तक ताई-अहोम वंश द्वारा अपने राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ दफनाने के लिए किया जाता था। मोइदम गुंबददार कक्ष (चौ-चाली) होते हैं, जो 2 मंजिला होते हैं, जिनमें प्रवेश के लिए मेहराबदार मार्ग होता है और अर्धगोलाकार मिट्टी के टीलों के ऊपर ईंटों और मिट्टी की परतें बिछायी जाती हैं। मोइदम दफन पद्धति अभी भी कुछ पुजारी समूहों और चाओ-डांग कबीले (शाही अंगरक्षक) द्वारा प्रचलित है।

मेरा वर्षों से मत रहा है कि सिख पंथ के 9वें गुरु श्री तेग बहादुर साहिबजी के बलिदान (नवंबर 1675) को राष्ट्रीय कृतज्ञता दिवस के रूप में मनाना चाहिए। वह हिंद की चादर यूं ही नहीं कहलाये। गुरु साहिब का बलिदान धर्म की रक्षा के लिए था, जब कश्मीर में जिहादी दंश झेल रहे हिंदुओं की फरियाद लेकर गुरु साहिब क्रूर औरंगजेब के पास पहुंचे, तब उन्हें इस्लाम स्वीकार करने या मौत चुनने का विकल्प दिया गया।

मेरा वर्षों से मत रहा है कि सिख पंथ के 9वें गुरु श्री तेग बहादुर साहिबजी के बलिदान (नवंबर 1675) को राष्ट्रीय कृतज्ञता दिवस के रूप में मनाना चाहिए। वह हिंद की चादर यूं ही नहीं कहलायेगा। गुरु साहिब का बलिदान धर्म की रक्षा के लिए था, जब कश्मीर में जिहादी दंश झेल रहे हिंदुओं की फरियाद लेकर गुरु साहिब क्रूर औरंगजेब के पास पहुंचे, तब उन्हें इस्लाम स्वीकार करने या मौत चुनने का विकल्प दिया गया।

गुरु साहिब ने अपने तीनों अनुयायियों की नृशंस हत्या के बाद भी दृढ़ होकर अपना शीश कटाना स्वीकार किया।

इस घटना का वर्णन बचित्तर नाटक में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने कुछ इस प्रकार किया था-तिलक जंजू राखा प्रभ ताका... सीसु दीआ परु सी न उचरी॥ धरम हेत साका जिनि कीआ॥ सीसु दीआ परु सिररु न दीआ॥ अर्थात–हिंदुओं के तिलक और जनेऊ की रक्षा हेतु गुरु तेग बहादुरजी ने अपने शीश का त्याग कर दिया, किंतु धर्म नहीं छोड़ा।

यह विडंबना है कि जिस पवित्र सिख गुरु परंपरा के चलते महाराजा रणजीत सिंह (1780-1839) के कालखंड तक हिंदू-सिख के संबंध नाखून और मांस जैसे थे, उसे भी ब्रितानियों ने मैक्स आर्थर मैकॉलीफ के माध्यम से चीरने का प्रयास किया था।

जमशेदपुर की खबरें

टाटा कंपनी के तीन कर्मचारियों को मिला 'नौकरी छोड़ो-नौकरी पाओ' स्कीम का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी में नौकरी छोड़ो नौकरी पाओ स्कीम पूर्व में प्रबंधन के द्वारा निकाली गयी थी। स्कीम के तहत सी आर प्लांट के सिद्धेश्वर शुक्ला और संतोष पाण्डेय और सिदगोड़ा बारा प्लांट से जोगेश्वर महतो ने आवेदन कर अपने बच्चों को समाहित करने का आग्रह किया था। प्रबंधन ने उसे स्वीकार कर लिया। गुरुवार को प्रबंधन और यूनियन के संयुक्त प्रयास से तीनो कर्मचारियों को बारा सभागार में फूलो का माला, शॉल और गिफ्ट वाउचर दे कर विदाई दी गयी। मौके पर जीएम अश्वनी कुमार ने कहा कंपनी हमेशा से युवाओं से भरी पड़ी रही लेकिन अब एक ऐसा समय आ गया पुराने साथी अपने परिजनों को यहां कार्य करने के अवसर दे रहे है। ऐसे समय में हम सभी अपने साथियों को शुभकामनाएं देते है। उनका बाकी जीवन सुखमय हो और सामाजिक जीवन, सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह अच्छे ढंग से करे। यूनियन महासचिव अमन ने अपने साथियों को हर संभव आवश्यकता अनुसार सहयोग करने और आगे भी जरूरत पर साथ खड़े रहने की बात कही।उन्होंने कहा तीनो कर्मचारियों के सुपुत्र की ज्वाइनिंग प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है। मौके पर प्रबंधन की ओर से अश्वनी कुमार,आनंद विवेक, प्रियंका, सचिन झा, यूनियन से अमन, सचिदानंद, एस बी राणा, दिनेश कुमार, अनीश झा, आर रवि, रमेश चौधरी, राकेश कुमार, रंजन मिश्रा, त्रिदेव सिंह, मनोज सिंह, बी डी सिंह, प्रमोद उपाध्याय, हरी शंकर प्रसाद उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने मतदाता सूची को स्वच्छ और त्रुटिरहित रखने के लिए ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक की। गुरुवार को बैठक के दौरान उन्होंने 48 जमशेदपुर पूर्वी और 49 जमशेदपुर पश्चिमी क्षेत्र के 87 मतदान केंद्र में बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे में पूर्व के पते पर मतदाता सूची से निबंधित नाम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व राज्य निर्वाचन आयोग सुबोध कुमार मौजूद रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा मतदाता सूची को स्वच्छ व त्रुटिरहित रखना आवश्यक है। जिसका परिणाम चुनाव के दौरान वोटिंग प्रतिशत से परिलक्षित होता है। उन्होने सभी बीएलओ को घर-घर सत्यापन में जो मतदाता शिफ्ट होगये या नए वोटर हैं उनका मतदाता सूची में नाम निबंधन की कार्रवाई करने का निर्देश दिए।बैठक में उन्होंने बीएलओ से भी इस बाबत सुझाव मांगे। बीएलओ ने बताया शिफ्टेड मतदाताओं से संपर्क करने पर उनके द्वारा नाम विलोपन पर अनिच्छा जाहिर की जाती है। आवश्यक सहयोग नहीं करते। मतदाता साफ-साफ कहते हैं उन्हें पुराने स्थान से अब कोई मतलब नहीं है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा निजी कंपनी प्रबंधन के साथ बैठक कर इस समस्या से अवगत कराया गया है। उनके द्वारा शिफ्टेड मतदाताओं का नए पता या मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। संबंधित मतदाताओं को डाक द्वारा नोटिस भेजा जायेगा। उन्होने बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर से संबंधित क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर यथोचित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा शहरी क्षेत्र में कंपनी कर्मियों के स्थानांतरण पर अपेक्षित सहयोग नहीं प्रदान करने से मतदाता सूची में विसंगतिया काफी होती हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 अगस्त को किया जाएगा। सभी बीएलओ इस दिशा में कार्य करें। उन्होने कहा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया जायेगा। मौके पर अपर उपायुक्त योगेन्द्र प्रसाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, एसडीएम धालभूम पारूल सिंह, एसडीएम घाटशिला सच्चिदानंद महतो सहित दोनों विधानसभा क्षेत्र के एईआरओ उपस्थित रहे।

सीएम से करूंगी स्कूल मैनेजमेंट की शिकायत: देवी भूमिज

पोटका (आजाद सिपाही)। ग्रामीणों के शिकायत पर मुखिया देवी कुमारी भूमिज ने नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल बच्चों की सवारी जाने वाले बस का किया निरीक्षण। नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल की बस हरिणा के समीप बुकामडीह में पलट जाने से कई बच्चे घायल हो गये थे, जिसमें दो की स्थिति गंभीर बनी हुई थी` जिसको लेकर स्कूल प्रबंधन द्वारा टीएमएच में भर्ती कराकर उनका इलाज किया जा रहा है` इस दौरान पंचायत की मुखिया देवी कुमारी भूमिज ने क्षेत्र से गुजरने वाले सभी स्कूल बसों की सुबह के सात बजे से जांच की जिसमें पाया कि नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल की बसों में बच्चों को भेड़ बकरियों की तरह ठूंस कर ले जाया जा रहा है । 20 सीटर बस में 40 से 50 बच्चों को चढ़ाया जाता है` बच्चे बस के गेट में खड़ा होकर स्कूल का सफर कर रहे हैं` मुखिया ने स्कूल प्रबंधन से बस बढ़ाने और सुरक्षा की दृष्टिकोण से दक्ष ड्राइवर को स्कूल बस चलाने को लेकर मांगो को रखा। स्कूल प्रबंधन से बात करने के पश्चात कहा की लापरवाही की हद है` स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ग्रामीणों के शिकायत पर स्कूल प्रबंधन बच्चों के साथ इस प्रकार के रवैया के खिलाफ उपायुक्त के साथ साथ शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री को विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ शिकायत करूंगी।

चापड़ी-केंदाडीह और राखा कॉपर माइंस खुलवाने के लिए मंत्री से मिले सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की सुरदा माइंस को शुरू कराने के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस-वन और एनवायरमेंट क्लियरेंस की स्वीकृति वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से दिलाने के बाद सांसद विद्युतवरण महतो अब राखाकॉपर, चापड़ी और केंदाडीह माइंस को चालू कराने की मुहिम में जुट गये है। सांसद ने गुरुवार को केंद्रीय खान मंत्री किशन रेड्डी से मुलाकात कर उपरोक्त कॉपर खदानों को जल्द चालू कराने की दिशा में ठोस पहल करने की मांग किया। सांसद ने कहा कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र में एचसीएल की राखाकॉपर माइंस स्थित है जो वर्ष 2001 से ही बंद है। मेरे (सांसद) अथक प्रयास से वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राखाकॉपर के साथ ही नई प्रस्तावित चापड़ी माइंस को भी चालू करने के लिए भूमिपूजन किया था। उम्मीद थी कि बंद कॉपर खदानों के चालू होने से हजारों लोगों को रोजगार मिल सकेगा। हालांकि प्रबंधन की नीतियों के कारण राखाकॉपर और चापड़ी माइंस आज तक चालू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि राखाकॉपर के साथ चापड़ी माइंस शुरू होने से एचसीएल देश में कॉपर की घरेलु जरूरत को काफी हद तक पूरा कर सकेगा जिससे भारत कॉपर के क्षेत्र में स्वावलंबी हो सकेगा। कंपनी की वित्तीय स्थिति भी सुदृढ़ होगी और स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होगा। रोजगार के सृजन से क्षेत्र में खुशहाली का माहौल उत्पन्न हो होगा। सांसद ने राखाकॉपर माइंस से जुड़े सभी तकनीकी समस्याओं को जल्द दूर कराने पर जोर दिया, जिससे राखाकॉपर और चापड़ी माइंस जल्द ही शुरू हो सकें। सांसद ने केंदाडीह माइंस की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि एचसीएल की बंद केंदाडीह माइंस को उन्होंने अथक प्रयास से दोबारा चालू कराया था। हालांकि उक्त माइंस एकबार फिर विविध तकनीकी कारणों से बंद है जिसे दोबारा शुरू कराये जाने की जरूरत है। माइंस बंद होने से सैकड़ों स्थानीय मजदूर बेरोजगार हो गये है। जाहिर है कि माइंस के पुनः चालू होने से बेरोजगार मजदूरों को फिर रोजगार मिल सकेगा। सांसद ने केंद्रीय खान मंत्री से कहा कि एचसीएल की ताम्र खदानों को यथाशीघ्र शुरू कराना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कॉपर खदानों को छोड़कर क्षेत्र में रोजगार का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, भाजपा के जिला महामंत्री हराधन सिंह, सुशील शर्मा भी उपस्थित थे। सांसद विद्युतवरण महतो ने केंद्रीय खान मंत्री से मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र स्थित एचसीएल की धोबनी, किशनगढ़िया और पाथरगोड़ा माइंस को भी नए सिरे से चालू करने की मांग किया है। सांसद ने कहा कि तीनों खदानों में कॉपर के साथ अन्य बहुमूल्य धातु भी विद्यमान है। ये तीनों खदान लंबे समय से बंद है जिसे नए सिरे से चालू कराने की जरूरत है। सांसद ने कहा कि तीनों खदानों के चालू होने से भारत कॉपर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा तथा देश की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। वहीं, ताम्र खदानों के चालू होने से हजारों की संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा क्षेत्र का भी विकास संभव हो सकेगा। सांसद विद्युतवरण महतो ने केंद्रीय खान मंत्री किशन रेड्डी से मऊभण्डार स्थित स्मेल्टर प्लांट को चालू कराने की मांग किया है। इस दौरान सांसद ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष प्लांट को लेकर अपना सुझाव भी रखा। सांसद ने कहा कि एचसीएल ने मऊभंडार में प्लांट को दिसंबर 2019 से बंद रखा है। प्लांट बंद होने से हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए है जिससे क्षेत्र का माहौल भी खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि मऊभंडार प्लांट का मॉर्डनाइजेशन कर और कॉपर अयस्क की उपलब्धता को सुनिश्चित कर दोबारा चालू किया जा सकता है। सांसद ने खान मंत्री के समक्ष सुझाव रखा कि सुरदा और केंदाडीह माइंस के शुरू होने के साथ ही राखाकॉपर व चापड़ी माइंस तथा मऊभण्डार प्लांट को एक साथ शुरू कराने की पहल की जाएं ताकि राखाकॉपर खदान को विकसित करने के दौरान ही मऊभण्डार प्लांट को चालू करने की स्थिति में लाया जा सकें। सांसद ने कहा कि सुरदा, केंदाडीह एवं राखाकॉपर माइंस के चालू होने के बाद प्लांट को चालू करने की रणनीति बनाने से समय काफी ज्यादा लगेगा जिससे मऊभण्डार पूरी तरह वीरान हो जाएगा। ऐसे में जरूरी है कि राखाकॉपर माइंस को डेवलप करने के दौरान ही मऊभण्डार प्लांट को भी मॉर्डनाइज कर चालू करने योग्य बनाया जाएं। ऐसा करने से समय कम लगेगा और सभी कॉपर खदानों के चालू होने के साथ ही मऊभण्डार प्लांट भी चालू हो जाएगा। प्लांट के चालू होने से बड़ी संख्या में स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिल सकेगा और क्षेत्र में भी खुशहाली देखने मिल सकेगा।

झारखंड विरोधी ताकतों को सबक सिखाने के लिए कमर कस चुकी है जनता: मिथिलेश

राजद प्रदेश उपाध्यक्ष, सचिव, पूर्व प्रत्याशी सहित दो दर्जन से अधिक लोग झामुमो में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

गढ़वा। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव, पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने राजद व भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया है। सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनकर और मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल किया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से राजद प्रदेश उपाध्यक्ष मो. फरीद, राजद प्रदेश सचिव डॉ. मकबूल आलम खान, पलामू लोक सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी दिनेश पासवान, राजद जिला सचिव बंधु राम, चिनियां के आसिवासी नेता बलराम सिंह, राजद के चिनियां प्रखंड सचिव असमुद्दीन अंसारी, शैफ रजा, राजद के बिलैती खैर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार ठाकुर, बिलैती खैर भाजपा बूथ प्रभारी मोतीलाल पासवान, सद्दाम मंसूरी, इमरान हाशमी, मुख्तार हुसैन आदि का नाम शामिल है।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार भाजपा की पूरी टीम के साथ लगातार झारखंड और झारखंडवासियों को तबाह करने के लिए एक से बढ़कर एक साजिश रच रही है। परंतु पिछले पांच वर्षों में झारखंड वासियों ने यह साबित कर दिया है कि झारखंड के विपरीत मानसिकता के लोगों का यहां कोई गुजारा नहीं है। झारखंड के लोग अपने हक एवं अधिकार को, अपने हितैषी लोगों को अच्छी तरह से जानते हैं। यही कारण है कि गत लोकसभा चुनाव में राज्य की जनता ने झारखंड विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में भी राज्य की जनता झारखंड विरोधी ताकतों को सबक सिखलाने के लिए कमर कस कर तैयार बैठी है। मंत्री ने कहा कि झामुमो के प्रति जन-जन के विश्वास में वृद्धि हुई है। इसी के परिणाम स्वरूप गढ़वा समेत पूरे झारखंड में लोग झामुमो का दामन थाम रहे हैं। आज विभिन्न राजनीतिक दलों के काफी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को झामुमो में शामिल होने से पार्टी की शक्ति में और वृद्धि हो रही है।

गोवावल उवि डुमरिया सहित तीन स्कूलों की चहारदीवारी का होगा निर्माण: मंत्री

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में एक करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से तीन उच्च विद्यालयों की चहारदीवारी का निर्माण किया जायेगा। चहारदीवारी निर्माण किये जाने वाले विद्यालयों में गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया, उच्च विद्यालय पेसका और उच्च विद्यालय बाना का नाम शामिल है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा प्रखंड के गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया में 83 लाख 60 हजार रुपये, मेराल प्रखंड के उच्च विद्यालय पेसका में 39 लाख छह हजार रुपये तथा उच्च विद्यालय बाना में 11 लाख 22 हजार रुपये की लागत से चहारदीवारी का निर्माण किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह तीनों योजनाएं अति महत्वपूर्ण हैं। चहारदीवारी के अभाव में इन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। खासकर छात्राओं को काफी परेशानी हो रही थी। अब यहां के विद्यार्थी सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व के जन प्रतिनिधि की निष्क्रियता के कारण विद्यार्थियों को भी आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही थी। मंत्री ने कहा कि चुनाव में अब विकास का मुद्दा समाप्त हो चुका है। इसलिए पूर्व के लोग फिर से अलग हथकंडा अपना कर भोली भाली जनता को ठगने के प्रयास में जुट गये हैं। परंतु जनता बेवकूफ नहीं है। मंत्री ने कहा कि झूठ बोलने से नहीं, बल्कि ईमानदारी पूर्वक किये गये प्रयास से ही विकास होता है।

गिरिनाथ सिंह ने पूर्व और वर्तमान विधायक को विकास विरोधी बताया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन यात्रा 70 दिनों से निरंतर जारी है। इसी क्रम में पूर्व मंत्री का परिवर्तन रथ पुनः रंका प्रखंड के दौरा किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने पिछले 15 सालों के कामों का जिक्र करते हुए कहा कि सभी प्रखंडों में बिचौलिया गिरी बड़े स्तर पर व्याप्त है। आम जनमानस इस विचोलियांगिरी से त्रस्त और हताश है। पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन के में कहा की मैं कोई बाहरी नेता नहीं हूं। यही का बेटा और आपके सुःख दुःख का साथी हूं। इस विधानसभा को 10 साल सतेंद्र नाथ तिवारी ने लुटा और पिछले 5 साल पेयजल मंत्री सह विधायक मिथलेश ठाकुर ने लुटने का काम किया। गिरिनाथ सिंह ने अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि हमने पूल, पुलिया, स्वस्थ, शिक्षा पर काम किया था। वो मेरा कर्तव्य था। मैंने कोई एहसान नहीं किया, ये आपका हक था। हमारा रिश्ता आप सभी के साथ जन्म-जन्मांतर का है। रंका प्रखंड का विकास जितना होना चाहिए था उतना नहीं हुआ। पिछले 15 सालों में क्षेत्र का विकास जस का तस पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है।

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 e-mail: japit_doit@rediffmail.com

**Request For Proposal (RFP)
for Empanelment of Agencies
under Rate Contract for
Scanning, Digitization and Document Management System**

Tender Reference No.: JAP-IT/RC/Digitization/01/2024

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT), an autonomous body under Department of Information Technology and e-Governance, Government of Jharkhand here in after referred as "purchaser" invites online bids for "Empanelment of Agencies under Rate Contract for Scanning, Digitization and Document Management System".

The detail about the Tender is as below:

1.	Tender No.	**JAP -IT/RC/Digitization/01/2024**
2.	Name of the Work	Request of proposal for "Empanelment of Agencies under Rate Contract for Scanning, Digitization and Document Management System"
3.	Name of the issuer of this tender	The CEO, Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP -IT), Ground Floor, Engineers Hostel -1, Nea r Golchakkar, Dhurwa, Ranchi - 834004 Tel: 0651 -2401044/67 Website: https://japit.jharkhand.gov.in
4.	Tender Fee	Non -refundable Tender cost of INR 10, 000.00 (Rupees Ten Thousand Only) through online mode as mentioned in terms and conditions of Jharkhand e -procurement portal.
5.	Earnest Money Deposit	Earnest Money Deposit **INR 20,00,000.00 (Twenty Lakhs Only)** valid for 180 days through online mode as per terms and conditions of Jharkhand e procurement portal.
6.	Start Date of downloading tender document	**02/08/2024** at 11:30 AM
7.	Last Date for sending Pre -Bid Query	**12/08/2024**
8.	Date and Time of Pre -Bid Meeting	**14/08/2024** at 03:00 PM
9.	Start Date & Time for Submission of Bids	**20/08/2024** at 03:00 PM
10.	Last Date/Time for Submission of Bids online	**27/08/2024** at 03:00 PM
11.	Date of Opening of Pre -Qualification and Technical Bids	**28/08/2024** at 03:30PM
12.	Date of Commercial Bid opening	To be Informed later
13.	Place of Pre -Bid Meeting/ Communication/ Bid Submission/ Bid Opening	JAP -IT, Ground Floor, Engineers Hostel 1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi - 834004
14.	Contact/ Pre -Bid query e -mail Id	japit_doit@rediffmail.com , ceo.japit@jharkhandmail.gov.in

Interested participants may download the RFP document from the portal https://jharkhandtenders.gov.in

Sd /-
OSD, JAP-IT

PR 331503 (Information Technology) 24-25 (D)

मछली पकड़ने के दौरान एक 70 वर्षीय व्यक्ति की मौत

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के पनघटवा डैम में मछली पकड़ने के दौरान पनघटवा गांव निवासी सीताराम उम्र करीब 70 वर्ष व्यक्ति की मौत हो गयी। सूत्रे के अनुसार वह व्यक्ति द्वारा मछली पकड़ने के लिए लगाये गये जाल में खुद फंस जाने के कारण पानी में डूब कर मौत हो गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि घर से सुबह 6 बजे निकला था, जब काफी देर तक घर वापस नहीं आया, तब उसके घर वाले खोजबीन करने लगे। उसी क्रम में पंनघटावा डेम के पास मृतक का कपड़ा देख कर लोगों को पता चला की इधर ही कहीं आया है। उसके बाद घर वाले खोजने के लिए नाव को लेकर आये, थोड़ी देर बाद शव पानी में तैरता हुआ दिखायी दिया, उसके बाद पहचान हुई। मौके पर धुरकी पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा अस्पताल भेज दिया है।

धार्मिक उन्माद फैलानेवाले सहयोगी शिक्षक को हटाया गया

दूसरे प्रखंड के विद्यालय में प्रतिनियोजित कर उसके क्रियाकलापों की हो रही है जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

मामले की जांच करते बीडीओ।

भवनाथपुर। उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में पदस्थापित सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चों को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा शिक्षक के साथ धक्का मुक्की किये जाने संबंधी खबर बीते बुधवार को अखबारों में प्रकाशित होने के बाद गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को शिक्षा अधीक्षक के द्वारा सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद को तत्काल प्रभाव से गढ़वा जिलांतर्गत भंडरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरता में प्रतिनियोजित कर दिया गया। डीएसई के ज्ञापांक 605 दिनांक 1अगस्त 2024 में उल्लेख किया गया है, कि थाना प्रभारी भवनाथपुर के थाना ज्ञापांक 1808/ 2024 दिनांक 31 जुलाई 2024 के द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से सूचित किया गया कि उत्क्र. मवि धंगरडीहा के सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा अध्यापन कार्य छोड़कर धार्मिक उन्माद फैलाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में विधि व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है, जो सरकारी आचार नियमावली के प्रतिकूल है। उपरोक्त पत्र के आलोक में गढ़वा उपायुक्त के निदेर्शानुसार सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद को भवनाथपुर से उत्क्र. मवि हरता 2 भंडरिया में अगले आदेश तक प्रतिनियोजित किया जाता है, साथ ही बीईईओ को निर्देशित गया कि पत्र प्राप्ति के साथ ही संबंधित शिक्षक को प्रतिनियोजित विद्यालय में योगदान हेतु तत्काल विरमित करने एवं उक्त शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किये जाने हेतु जांच प्रतिवेदन तत्काल समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

गढ़वा उपायुक्त और डीएसई के निर्देश पर बीडीओ व बीपीओ ने की मामले की जांच : बीडीओ नंदजी राम और बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता ने गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान पदाधिकारियों ने विद्यालय के अन्य शिक्षकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं से सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद के विद्यालय में क्रिया कलापों की जानकारी ली। जिस पर शिक्षक, छात्र छात्राओं तथा प्रबंध समिति के सदस्यों ने उन्हें बताया कि सहायक शिक्षक शेख तौहीद बीते बुधवार को प्रार्थना के बाद बच्चो को सरस्वती वंदना बजाने से रोकते हुए साउंड सिस्टम को पटक कर तोड़ दिया अन्य शिक्षकों द्वारा उन्हें ऐसा करने से मना करने पर हाथापाई भी करने लगे साथ ही वे विद्यालय में सरस्वती पूजा का विरोध करते है। बताया कि पूर्व में भी उनके द्वारा जवानों के शहीद होने पर विद्यालय में मिठाई बांट कर जश्न मनाने पर काफी बवाल हुआ था। वें विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का कई बार प्रयास कर चुके है। इस मामले में पदाधिकारियों ने बताया कि संबंधित मामले की जांच की गई है, उन्होंने जांच प्रतिवेदन उच्चाधिकारियों को सौंपने की बात कही।

**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, HAZARIBAGH
CIVIL COURT, HAZARIBAGH
Mobile No:- 9939201624 e-mail:-dlsahazaribag@gmail.com**

Advertisement No. DLSA/HZB/LADCS-02/2024 Date:- 01.08.2024

Applications are hereby invited from eligible lawyers having requisite qualifications ***for contractual full time engagement*** for the post of ***Chief Legal Aid Defense Counsel*** (No. of Lawyers to be engaged - **01**)

The Scheme of engagement and requisite qualifications as well as application form are available on the website of the Civil Court, Hazaribagh i.e (https://hazaribag.dcourts.gov.in) as well as on the Notice Board of DLSA, Hazaribagh. The duly filled application form along with self-attested copies of documents addressed to **"The Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court, Hazaribagh PIN :- 825301"**, shall be submitted to the office of DLSA, Hazaribagh, through speed post or in an envelope personally in the office of Secretary, DLSA on or **before 21st August, 2024 by 17:00 Hrs.** Any application received after due date and time shall not be considered.

sd/-
**Principal District Judge cum Chairman,
DLSA, Hazaribagh**

PR 331461 Law(24-25).D

महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें : नितेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन जन तक पहुंचायें। उक्त बातें रमकंडा प्रखण्ड झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को कार्यकर्ता लाभ पहुंचा कल झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूती प्रदान करें। इस बैठक में मजबूत और सशक्त बुथ कमेटी बनाने, झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत 21 से 49 वर्ष के बेटी बहन को फार्म भर कर पदाधिकारी को स्वीकृती हेतु समर्पित करने, मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा कराये जा रहे विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने, जनवितरण प्रणाली दुकानदार का शिकायत मिलता है तो मजबूती से राशन वितरण कराना और त्वरित कार्यवाई कराने, हर बुथ में फूलों झानों योजना का लाभ किन्हें मिला किन्हें नहीं मिला वंचित लोगों को हर हाल में इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करने, अबुआ आवास का लाभ सभी वंचित लोगों को मिले यह कार्यकर्ता सुनिश्चित करेंगे और उन्हें यह संतुष्ट करेंगे कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जो आवेदन किया गया था उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर की सोंच है कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में बड़ा उद्योग और फैक्ट्री लगाना है और जो हमारे सशक्त युवा कार्यकर्ता बेरोजगार हैं उनको यहीं पर रोजगार दिलाया जाएगा ताकि लोगों को बाहर नहीं जाना पड़े। इस बात को सभी कार्यकर्ता अपने बुथ स्तर पर प्रचार प्रसार करेंगे, इस बात का निर्णय लिया गया। इस मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य राजकिशोर यादव, युवा जिलाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, मुखिया श्रवण कमलापुरी, फिरोज मंसूरी, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, मनोज गुप्ता सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री मंइयां समान योजना को लेकर विशेष शिविर का आयोजन

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान निधि योजना को लेकर विशेष शिविर लगने हेतु स्थल के साथ समय निर्धारित। गौरतलब है कि झारखंड सरकार द्वारा प्रदेश में रहने वाले 21 वर्ष से 50 वर्ष तक के सभी महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रुपये प्रदान किया जाना है, जिसका आवेदन सभी पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर के माध्यम से लिया जायेगा। उक्त शिविर में नोडल पदाधिकारी पदस्थापन किया गया है। उक्त योजना में शामिल होने वाले महिलाओं को झारखंड का निवासी होना अनिवार्य है, सभी महिला अपने साथ आधार कार्ड राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र के साथ मोबाइल नंबर लेकर जाना होगा। शिविर का आयोजन 3 अगस्त को पंचायत सचिवालय घघरी नोडल पदाधिकारी सुरेंद्र ठाकुर पंचायत सचिवालय बीरबल में 5 अगस्त समय दस बजे से नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रिया कुमारी को बनाया गया है, जबकि 6 अगस्त को दस बजे दिन से नोडल पदाधिकारी के रूप में सूर्यदेव सिंह, वहीं पंचायत सचिवालय सोनडीहा में दस बजे दिन से नोडल पदाधिकारी के रूप में सुरेंद्र ठाकुर, 6 अगस्त को पंचायत सचिवालय सगमा में दस बजे दिन से नोडल पदाधिकारी के रूप में सुरेंद्र ठाकुर, इसी प्रकार 8 अगस्त को पंचायत सचिवालय कट्टर कला में दिन के दस बजे से नोडल पदाधिकारी सूर्यदेव सिंह को बनाया गया है।

**Information & Public Relations Department
Government of Jharkhand
Suchana Bhawan, Meur's Road, Beside- Audrey House, Ranchi,Jharkhand-834008
E-mail: iprd123@gmail.com**

NIT No: 1122 Dated: 01-08-2024

Invitation for Expression of Interest (EOI)

Name of Work: Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Advertising Agencies for carrying out social media activities and fixation of rate for different kinds of advertisements on social media platforms.

Information & Public Relations Department, Government of Jharkhand, invites online applications against Expression of Interest (EOI) on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders/applicants having valid Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA),Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for "**Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Advertising Agencies for carrying out social media activities and fixation of rate for different kinds of advertisements on social media platforms.**"

1. **TIME SCHEDULE OF EOI INVITATION**

SN	Particulars	Date	Time
1	EOI e-Publication Date	01-08-2024	**06:30 PM**
2	Document Download Start Date	01-08-2024	**06:30 PM**
3	Document Download End Date	08-08-2024	**06:30 PM**
4	Bid/Application Submission Start Date	01-08-2024	**06:30 PM**
5	**Bid/Application Submission End Date**	08-08-2024	**06:30 PM**
6	Bid/Application Opening date	12-08-2024	**01:30 PM**

2. **AVAILABILITY OF EOI DOCUMENTS:** The EOI document, including terms and conditions of work is available on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in), as per the time schedule mentioned above in table and can be downloaded directly from the above websites.

**Director,
Information & Public Relations Department,
Govt. of Jharkhand**

PR 331543 IPRD (24-25)_D

भाजपा ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगा कर पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता एवं नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में हेमंत सरकार द्वारा विधानसभा में भाजपा विधायकों द्वारा उठाया गया सभी विभागों में कार्यरत अनुबंधकमीयो का स्थायीकरण वादा के अनुसार पांच लाख युवाओं को रोजगार नहीं देने एवं विधानसभा में मांग नहीं मानने तानाशाही रवैया के खिलाफ पुतला फुंका गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार झारखंड में युवाओं महिलाओं गरीबों को धोखा देने का काम किया है हेमंत सरकार तानाशाह बन चुकी है चारों तरफ गुंडाराज माफिया राज बड़े पैमाने पर बढ़ा है उन्होंने कहा कि जनहित में आंदोलन कर रहे भाजपा विधायकों को विधानसभा में जिस तरह से प्रताड़ित किया गया। यह तानाशाह रवैया को स्पष्ट कर रहा है। भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक के तानाशाही से जनता त्राहिमाम कर रही है। आनेवाले दिनों में जनता ऐसे निकम्मे झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि हेमंत सरकार तानाशाह बन चुका है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार बैठा है उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने जनता को धोखा देने का काम किया है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में झामुमो का गुंडाराज चल रहा है।

मौके पर भाजपा नेता भगत सिंह साहू राजीव राज तिवारी राजीव रंजन तिवारी हरेन्द्र दुबे रितेश चौबे मुन्ना तिवारी गिरेंद्र पाण्डेय विनोद चन्द्रवंशी चंदन जायसवाल कैलाश कश्यप यशवंत मिश्रा राकेश शंकर गुप्ता बंधु राम सुप्रीत केसरी धनंजय गोंड टींकु गुप्ता विशाल गुप्ता गौरी बिंद सुरेंद्र विश्वकर्मा शुभम् गुप्ता कमलेश निरंजन सिन्हा उदय मेहता अविनाश पासवान रंजीत चौरसिया खुर्शीद आलम शनि चंद्रवंशी मनीष गुप्ता विकास तिवारी प्रिंस तिवारी ओमप्रकाश पासवान सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Mont Fort School, Hazaribag, Pin – 825301, JH, eMail ID:- gmtzone5hzb@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part – II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

Sl. No.	N.I.T. No.	Description of Work	Earnest Money Deposit(Rs.)	Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.)
01	**128/PR/JUSNL/ 2024-25**	Requirement of Safety materials & other measuring instruments for day to day maintenance work at 220/132/33KV Grid Sub-station Jainamore under Transmission Circle, Dhanbad on urgent basis.	Rs. 23,200.00/-	Rs.2500+18%GST = Rs.2950/-
02	**129/PR/JUSNL/ 2024-25**	Requirement of Electrical maintenance material for maintenance work at of 220/132/33KV Grid Sub Station, Itkhori (Chatra) under Transmission Circle, Hazaribag on urgent basis.	Rs. 22,200.00/-	Rs.2500+18%GST = Rs.2950/-
03	**130/PR/JUSNL/ 2024-25**	Requirement of Furnitures and office items for 132/33KV GSS, Chandankyari, Bokaro .	Rs. 8,700.00/-	Rs.750+18%GST = Rs.885/-
04	**131/PR/JUSNL/ 2024-25**	Requirement for consumable and electrical spare materials for 220/132/33KV GSS, Govidnpur, Dhanbad.	Rs. 15,700.00/-	Rs.1250+18%GST = Rs.1475/-

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 07/08/2024 from 1:00PM
2) Last Date and Time for sale of Tender Documents - 28/08/2024 upto 2:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 29/08/2024 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part - I - 29/08/2024 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part – II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone -V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Trans Zone-V, (Hazaribag)

PR 331441 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D

जरूरतमंदों को प्राथमिकता के साथ दें सरकारी योजनाओं का लाभ : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) एवं कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने छात्रवृति योजना, साइकिल वितरण योजना, कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत अन्य योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अब तक हुए मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृति मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय, छात्रावास की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कल्याण विभाग की योजनाओं में गति देने एवं लगातार उनकी मॉनीटरिंग करते रहने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त के द्वारा धुमकुड़िया भवन, कब्रिस्तान, बिरसा आवास समेत सभी संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करवाने को लेकर आइटीडीए निदेशक को निर्देशित किया गया। आइटीडीए से संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई एवं सभी योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभूको को मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कहा कि कल्याण विभाग एवं आइटीडीए से संचालित योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें, ताकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों का जीवन स्तर बेहतर हो सकें।

इसके अलावे समीक्षा के क्रम में अंचलवार वनाधिकार पट्टा वितरण, वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अनुमंडल स्तर पर लंबित व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों से संबंधित प्रगति की जानकारी ली गयी और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता को योजनाओं की गुणवत्ता की जांच करते हुए लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, संबंधित कार्यपालक अभियंता, कल्याण विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' के प्रचार-प्रसार के लिए तीन जागरूकता रथ रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के वृहद प्रचार-प्रसार के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा गुरूवार को समाहरणालय परिसर से जिला के सभी पंचायत स्तर तक योजना के प्रचार-प्रसार हेतु तीन जागरूकता रथों को रवाना किया गया। आमजनों को इस जागरूकता रथ के जरिये योजना की संपूर्ण जानकारी ऑडियो के जरिये मिलेगी।

इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड राज्य की 21-50 वर्ष की उम्र की महिलाओं के लिए महत्वकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना प्रारंभ की गयी है। इस योजना के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि के रूप में दी जायेगी। इस योजना का अधिक से अधिक लोगों तक प्रचार-प्रसार हो, इसके लिए तीन जागरूकता रथों को सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया है। राज्य सरकार के निदेश पर 3 से 10 अगस्त तक प्रत्येक पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें योग्य लाभुक आकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में इसके लिए शिविर इन तिथियों के दौरान लगेगा। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक होगा जिसमें आवेदन पत्र प्राप्त करने व भर कर जमा करने का कार्य किया जायेगा। इस मौके उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक सुरक्षा निदेशक प्रमोद दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत अन्य उपस्थित थे।

क्या है योजना

'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के तहत झारखंड सरकार महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण,उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिये राज्य के 21 से 50 वर्ष की हर वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1000 रु० सरकार के तरफ से दिए जायंगे। लाभुकों को इस योजना के लाभ के लिए 3 से 10 अगस्त 2024 तक विशेष कैम्प लगाया जायेगा। नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में भी फॉर्म निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

लातेहार में भाजपाइयों ने जलाया सरकार का पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में लातेहार थाना चौक से शहर होते हुए समाहरणालय गेट के पास झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इन्होंने बताया कि हेमंत सरकार लोकतंत्र विरोधी है । विपक्ष के नेता को बंधक बनाकर रखी है, अलोकतांत्रिक सरकार को जनता आने वाला समय मुंह तोड़ जवाब देगी। सत्ता के घमंड में गठबंधन की सरकार है। जनता इसको सत्ता से बेदखल करेगी।

इस पुतला दहन में जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी राजू रंजन पांडे कन्हाई मांझी गोविंद प्रसाद नागमणि मिलन शुक्ला रघुवीर यादव पवन कुमार साहू हरिओम प्रसाद, देवनन्द प्रसाद, राजकुमार प्रसाद धीरज कुमार बवन पासवान शाहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

बीएस कॉलेज में सीएससी सेंटर छात्रों से कर रहा अवैध वसूली : अभाविप

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। बलदेव साहू महाविद्यालय के परिसर में स्थित सीएससी सेंटर के द्वारा छात्रों से नामांकन के नाम पर अवैध वसूली का धंधा किया जा रहा है। उक्त आरोप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा लगाया गया है। विद्यार्थी परिषद के आदित्य साहू ने कहा कि उन्हें सूत्रों से ज्ञात हुआ था की महाविद्यालय द्वारा जो सेवा शुल्क का मूल्य निर्धारित किया गया है उसका पालन न करते हुए सेंटर के मालिक के द्वारा अवैध वसूली की जा रही है जिससे छात्र परेशान हैं। छात्रों के द्वारा जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को ज्ञापन सौंपा गया, तब एवीबीपी के सदस्यों ने वहां जाकर स्थिति का पता लगाया। लेकिन सेंटर के मालिक के द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए यह कहा गया कि महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा मुझे निर्देश प्राप्त है तथा मुझे नामांकन रद्द करने का भी अधिकार है। विद्यार्थी परिषद ने इस बाबत महाविद्यालय के प्राचार्य को इससे संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की गयी।

कल से लगेगा मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के ग्राम पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड में शिविर का आयोजन दिनांक 03.08.2024 से 10.08.2024 तक किया जायेगा। शिविर का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। लोहरदगा जिला के सभी 7 प्रखण्डों के 66 पंचायतों में यह शिविर पंचायत भवन में संचालित होगा। वहीं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शिविर का आयोजन वार्ड 04,05 एवं 08 के लिए सदर प्रखण्ड परिसर स्थित नगर भवन लोहरदगा, वार्ड 01,02,03, 09, 10 एवं 11 के लिए पुराना नगर परिषद कार्यालय लोहरदगा, वार्ड 12, 13, 16 एवं 17 के लिए नया नगर परिषद कार्यालय, वार्ड 06, 07, 14 एवं 15 के लिए विवाह भवन खादगढ़ा न्यु रोड, वार्ड 18, 19 एवं 20 के लिए लाईवलीहुड सेंटर नवाड़ीपाड़ा लोहरदगा में और वार्ड 21, 22 एवं 23 के लिए शिविर का आयोजन वार्ड विकास केंद्र मधुबन लोहरदगा में किया जायेगा।

आवश्यक बिंदु : आवेदन प्रपत्र जमा करने एवं स्वीकृति तक पूर्ण कार्रवाई निःशुल्क रहेगी। आवेदन करते समय आवेदिका के द्वारा घोषणा-पत्र के साथ आवेदन पत्र की मूल प्रति, आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता की छाया प्रति (तत्काल 31 दिसंबर तक सामान्य बैंक खाता जो आधार संबद्ध नहीं है, मान्य है।), मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, अंत्योदय अन्न योजना कार्ड (पीला रंग का राशन कार्ड)/ पूर्ववित्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड)/ के-ऑयल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड की छाया प्रति आवेदन जमा करने के समय जमा करना आवश्यक है।

जुगल किशोर पोद्दार के निधन पर शंकर तिवारी सेवा न्यास ने जताया शोक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास के संरक्षक जुगल किशोर पोद्दार के आकस्मिक निधन हो जाने पर न्यास के मनोहर सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास के अध्यक्ष सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने अध्यक्षता की व संचालन सचिव सुधीर अग्रवाल ने किया। स्वर्गीय जुगल पोद्दार के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि दिया गया एवं सभी ने एक मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए और जुगल किशोर पोद्दार के साथ बिताए अपने जीवन काल को याद किये। सेवा न्यास के अध्यक्ष सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि जुगल पोद्दार हमारे अभिभावक के रूप में थे और हम लोगों के प्रेरणा स्रोत भी थे। वे मिलनसार मृदुभाषी, धार्मिक विचारधारा के व्यक्तित्व थे। वे अपने 20 वर्ष के आयु से ही राष्ट्रीय सेवक संघ में सक्रिय स्वयंसेवक के रूप में कार्यरत रहे। विद्या भारती, शिशु विद्या मंदिर,वनवासी कल्याण सहित अन्य संगठनों में अपना दायित्व निभाते रहे। मौके पर गजेंद्र नाथ चौबे,उदय शेखर,किनेश्वर महतो, डॉक्टर कुमुद अग्रवाल, धनंजय अग्रवाल, राजेश महतो, अजय प्रसाद, राजीव कुमार सिंह,श्याम सुंदर कुमार, श्रीकांत मित्तल,कमल अग्रवाल, विपिन कुमार दास, नवीन पटेल,विक्रम सिंह,सचिन कुमार,विपुल कुमार तमेडा,हिमांशु केसरी आदि उपस्थित थे।

बाइक के धक्के से युवक घायल, रिम्स रेफर

कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना अंतर्गत कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 रुद मोड़ के समीप एक तेज रफ़्तार बाइक के धक्के से थाना क्षेत्र के दोबा बरटोली गांव निवासी प्रवेज आलम पिता मो इशाक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बुधवार की दोपहर करीब 2:30 दोपहर का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार प्रवेज अपने एक साथी की बाइक में पीछे बैठकर किसी काम से रुद मोड़ की ओर जा रहे थे। तभी रांची की ओर से आ रही तेज रफ़्तार बाइक टीवीएस अपाचे जेएच 01 सीएम – 5332 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे प्रवेज सड़क पर गिर कर बुरी तरह चोटिल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से कुडू सिएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि दाहिना जांघ टूट गया है और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आयी है। प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहीं टक्कर मारने वाले बाइक मांडर थाना क्षेत्र निवासी ब्रिज खलखो कुडू के टीको स्थित आइटीआइ कॉलेज के शिक्षक बताये जा रहे हैं।

संजय कुमार रवि ने चेतर गांव का किया दौरा

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा बृहस्पति वार को आगामी विधान सभा चुनाव में बेहतर उम्मीदवार के रूप में दावेदारी पेश करते हुए संजय कुमार रवि ने लातेहार विधान सभा क्षेत्र के लोगों के बीच अपने को प्रस्तुत कर रहे हैं। जन संपर्क अभियान के दौरान चंदवा प्रखंड के चेतर गांव का दौरा किया। वहां लोगों से मिले। अपना परिचय ग्रामीणों से कराते हुए कहा की मोटी चमड़ी वालों को अब छोड़िए, हमलोग जैसे जनता के बीच रहने वाला, ग्रामीणों के दुख दर्द और जरूरतों के समय कंधा से कंधा मिलाकर चलने और खड़ा रहने वाला विधायक नही बेटा चुनिये। ग्रामीणों ने इनकी बातों को सुनकर काफी प्रभावित हुए और साथ देने की बात कही। प्रत्यासी संजय ने कहा की रुपये के दम पर चुनाव लड़ने वालों का रास्ता आसान नहीं है, जनता का मूड बदला बदला सा है,ऊंट किसी भी करवट बैठ सकती है। लातेहार विधान सभा के भावी प्रत्यासी संजय कुमार रवि को जीत दिलाने के लिए क्षेत्र में दौरा के लिए झारखंड आंदोलनकारी जीतेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार उरांव, रवि शंकर जाटव एवं मेझरस खाखा समेत कई लोग मौजूद थे।

रामचंद्र और मनोज उरांव ने आजसू से दिया इस्तीफा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी लोहरदगा जिला कमेटी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरी एवं किस्को प्रखंड के संगठन सचिव मनोज उरांव ने अपने निजी कारणों का हवाला देते हुए आजसू पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। जिसे झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के जयंती सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद बैठक कर केंद्रीय समिति के वरिष्ठ नेतागण की उपस्थिति में एवं विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत सहित आये हुए सभी वरिष्ठ आजसू पार्टी के केंद्रीय, जिला, प्रखंड के पदाधिकारियो के बीच उनके इस्तीफा की चर्चा की गयी। सभी पदाधिकारी ने ध्वनिमत से उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए दोनों नेताओं की आजसू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से मुक्त कर दिया है। बैठक में केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी को किस्को प्रखंड की प्रभारी नियुक्त किया गया एवं एक सप्ताह में किसको प्रखंड के 9 पंचायत में चूल्हा प्रमुख का निर्माण कर संगठन को मजबूत करने का लक्ष्य सौंपा गया। उक्त जानकारी सूरज अग्रवाल केंद्रीय सचिव आजसू पार्टी ने दी।

स्तनपान करा कर बच्चे को कई बीमारियों से बचा सकती है मां: डॉ अवधेश कुमार सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर कार्यकर्म का आयोजन लातेहार सदर अस्पताल में किया गया। जहा मुख्य अतिथि से रूप में सिविल सर्जन लातेहार डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर कहा की स्तनपान करा कर मां अपने बच्चे को कई तरह की बीमारियों से बचा सकती है। मां को चाहिए की अपने बच्चे को जन्म के बाद से छः माह तक लगातार स्तनपान कराना चाहिए छः माह के बाद मां को बच्चे को तरल आहार देना चाहिए मगर साथ साथ डेढ़ साल तक स्तनपान भी करने की कोशिश करनी चाहिए वही बच्चे को बीमारी स्तनपान कराने से नही हो इसके लिए मां को अपने स्तन को साफ सुथरा रखना चाहिए। वही आयोजित कार्यकर्म में उपस्थित एमओआइसी चंदवा डॉक्टर नीलिमा ने कहा स्तनपान करना मां और बच्चे दोनो के लिए ही फायदेमंद है । वही कहा कि स्तनपान कराना बच्चे के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है क्यू की मां के दूध से बच्चे को पूर्ण पोषण मिलता है वही मां को स्तनपान कराने से गर्भनिरोधक का फायदा मिलता है। उक्त जानकारी मौके पर पहुंची प्रशिक्षुक एएनएम एवम नव प्रसूता महिलाओं को दिया गया। इस मौके पर लातेहार हेल्थ मिशन के डीपीएम डीआईपीसी एंव डीपीसी आयुष भी उपस्थित थे।

कमलकिशोर भगत की जयंती मनायी गयी

नीरू शांति भगत को लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से जीत दिलाने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। आजसू पार्टी के जिला प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड़ में झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्व.कमल किशोर भगत की जयंती मनायी गयी। जिसमें आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता एवं पार्टी के प्रधान प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत शामिल हुए। केंद्रीय सचिव प्रकाश गोप, वरीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि आज यह भले हमें कम समय में हम लोगों को छोड़कर चले गये पर उनके साथ झारखंड राज्य आंदोलन के समय की यादें आज भी ताजा हो गयी। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब उनकी धर्मपत्नी नीरू शांति भगत को हम लोग लोहरदगा विधानसभा से जीता कर विधानसभा भेजने का काम करेंगे। हसन अंसारी ने कहा कि कभी किसी को धोखा नहीं दिया ना पार्टी को, ना नेता को, ना कार्यकर्ता को और ना ही जनता को। केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत ने कहा कि भगवान ने अल्पायु में ही उन्हें अपने पास बुला लिया। अफसोस की झारखंड अलग राज्य की लड़ाई के एक मामले में आपको 6 साल सलाखों के पीछे गुजारने पड़े। उनकी सबसे बड़ी खासियत। सबसे बड़ी बात अपने से ज्यादा कार्यकताओं के बारे सोचते थे और उनका यही गुण उन्हें लोकप्रिय बनाता था।

नीरू शांति भगत ने कहा की आने वाले समय में अपनी जीत को सुनिश्चित करते हुए हम लोग झारखंड में एनडीए की सरकार बनायेंगे। हमारे झारखंड में झूठ की राजनीति की परंपरा चली आ रही। आज हम सभी संगठित होकर अपनी जीत को सुनिश्चित करना हैं। जयंती समारोह में ओम भारती, अंजू देवी, लाल गुडडू नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल अरविंद यादव, जिला मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह, राजू गुप्ता, शाहिद अंसारी, कौशिक राज मेहता, अभिषेक सिन्हा, बबलू महतो, दिलीप साहू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

कांवरिया संघ का 51 सदस्य सुल्तानगंज के लिए रवाना

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कांवरिया संघ बरवा टोली लोहरदगा के तत्वाधान में पवित्र सावन माह के तीसरे सोमवारी 5 अगस्त 24 को मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से लोहरदगा शहर भ्रमण करते हुए देवाकी बाबा धाम मंदिर घाघरा तक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए गुरुवार को 51 सदस्यो की कांवरिया टीम संरक्षक सुनील अग्रवाल एवं महेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में सुल्तानगंज गंगाजल लाने के लिए निकली। शिव भक्त बरवा टोली से गाजे बाजे के साथ अग्रसेन पथ, महावीर चौक, अपर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, थाना टोली, बड़ा तालाब होते हुए रवाना हुए। वहीं बड़ा तालाब के समीप सभी कांवरिया को आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, राजीव रंजन अग्रवाल, सूरज अग्रवाल सामूहिक रूप से भगवा झंडा दिखाकर उन्हें सुल्तानगंज के लिए रवाना किया। सभी कांवरिया सुल्तानगंज से जल उठाकर देवघर में बाबा धाम नगरी में भगवान शिव को जलाभिषेक करने के पश्चात रजरप्पा में जलाभिषेक करते हुए लोहरदगा आयेंगे।

रेलवे स्टेशन से मुक्तिधाम जानेवाली सड़क पर जलजमाव, बढ़ी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। यह रेलवे स्टेशन से मुक्तिधाम जाने का मार्ग है। जहां करीब 100 मीटर की सड़क में तकरीबन तीन/ चार फीट का गहरा तालाब नुमा जल जमाव कई स्थानों में बन गया है। वहां छोटे बड़े वाहन चलने से पानी का छींटा बगल के घर/ मकान/ प्रतिष्ठानों में पड़ते हैं। जिससे स्थानीय नागरिक जल जमाव के अंदर बड़े-बड़े बौल्डर, पत्थर इसलिए डाल देते हैं ताकि पानी का छींटा से बचा जाये। जल जमाव ऐसा है कि अंदर में प्रवेश कर मजबूरी में आगे बढ़ना पड़ता है तथा पानी के अंदर छिपे बोल्डर से बाइक सवार टकराकर आये दिन घायल हो जाते हैं। वहीं फोर व्हीलर के वाहनों के चेंबर इन पत्थरों से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इसी मार्ग से प्रतिदिन दो या तीन शव यात्रा गुजरती है, जिसमें मृतक के शोकाकुल लोग जो पैदल/ टू व्हीलर/ फोर व्हीलर में सवार होकर जाते हैं उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं इस मार्ग में हरमू/ भक्सो/ रामपुर आदि कई ग्राम के ग्रामीण इसी मार्ग का इस्तेमाल करके शहर आते हैं। वहीं छात्र-छात्राओं के स्कूल ड्रेस कीचड़ से खराब हो जाते हैं, किताबें भीग जाती है तथा उसे वापस अपने घर जाना पड़ता है। नगर परिषद अगर चाहे तो यहां वहां टूटे बिल्डिंग मटेरियल है उन्हें डालकर तत्काल रूप से मरम्मत कर सकते है ताकि लोग सड़क दुर्घटनाग्रस्त आदि से बच सके। वही इस सड़क को लेकर पिछले दिनों राज्यसभा के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थानीय उपायुक्त से दूरभाष से इस व्यस्ततम सड़क को दुरुस्त करने का आग्रह किया था। वही झामुमो के जिला अध्यक्ष द्वारा भी उपायुक्त से पत्राचार कर जानकारी दी थी। इसके अतिरिक्त स्थानीय सभी अखबारों ने भी इस जर्जर एवं जानलेवा सड़क के बारे में प्रकाशित किया था। बावजूद स्थिति यथावत है। इस मामले में अबतक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं होना कई सवालों को जन्म देता है।

बैटरी चोरी के आरोप में पांच गिरफ्तार

टावर की 24 पीस बैटरी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत जुरा गांव में 31 जुलाई को कुछ अज्ञात चोरों के द्वारा टावर का ताला काट कर चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसकी सूचना भरनो में जिओ टावर के टेक्नीशियन पद पर प्रतिनियुक्ति वादी घनश्याम कुमार पिता ललित आनंद सिंह स्थायी पता ग्राम बलिया जिला गया ने पुलिस को दी। सूचना को वरीय अधिकारियों को अवगत कराने के पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन करते हुए 24 घंटे के भीतर इस कांड का उद्वेदन किया गया एवं अंतर जिला बैटरी चोर गिरोह के पांच सदस्यों की गिरफ्तारी की गयी। जिनके द्वारा गुमला एवं रांची के कई स्थानों के मोबाइल टावर में घुसकर टावर में लगे बैटरी की चोरी की गयी है। इन चोरों ने पूर्व में भी कई जगहों पर बैटरी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गिरफ्तार लोगों में खेत मोहल्ला हिंदपीढ़ी निजाम नगर निवासी मोहम्मद शाहनवाज, बड़ा तालाब शौकत कबाड्डी निवासी साजिद, रिजवान, खेत मोहल्ला निवासी आर्यन उर्फ हुजैफा खान उर्फ चिंटू और हिंदपीढ़ी नदी ग्राउंड निवासी नैयर आलम शामिल है। ये सभी रांची जिला के निवासी हैं। वहीं घटना में टावर की कुल 24 बैटरी, घटना में प्रयोग किया गया 2 बोलेरो वाहन, घटनास्थल के पास से टूटा हुआ दो पीस ताला बरामद किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी भरनो कंचन प्रजापति, थाना प्रभारी बेड़ो नकुल शाह डोरंडा थाना रांची पवन कुमार, भरनो थाना अजय कुमार यादव, मंटू चौधरी, अभिनंदन कुमार, राजेंद्र प्रसाद यादव, विजय लकड़ा, हवलदार ललीत उरांव,कार्तिक उरांव एवं थाना एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर घटना की जानकारी दी। इस गिरोह का सरगना शहनवाज शुरूआती दौर में मुर्गी का व्यवसाय करता था। ज्यादा पैसा कमाने का लालच में उसने एक दो साथियों के साथ मिलकर छोटी-मोटी चोरी की घटना को अंजाम देना शुरू किया। इसी बीच उसके एक साथी ने बताया की मोबाइल टावर में लगे बैटरी की चोरी कर उसे बेचने पर अच्छा मुनाफा होता है। इसके बाद उसने कई लोगों के साथ मिलकर अपना एक गिरोह बनाया। वहीं वे लोग हर चोरी की घटना के लिए भाड़े पर वाहन लेते थे और बैटरी चोरी कर उसे वाहन में लाद कर उसे बेचा करते थे। गिरोह ने राज्य के कई स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

सोये शिक्षक पर दो लोगों ने किया हथियार से हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला शहर से सटे पोढ़ा टोली गांव में दो लोगों ने घर में सोए शिक्षक पर धारदार हथियार से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए घायल मोतीलाल राम ने बताया रात करीब साढ़े आठ बजे खाना पीना खाकर घर में सोया था। तभी दो लोग घर का बाउंड्री फांद कर अंदर घुसे और धारदार हथियार से मेरे सिर में वार कर दिया। इसके बाद बाउंड्री फांद कर वे लोग भाग गये। खून से लथपथ होने के बाद मैं चिल्लाते हुए घर के बाहर आया। इसके बाद आस पड़ोस के लोग भी जमा हो गये और मुझे सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी देते हुए मोतीलाल ने बताया मैं रायडीह स्कूल में सरकारी शिक्षक हूं। मेरी पत्नी से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है मेरा विवाह रायडीह प्रखंड के कांसीर जाही गांव से हुआ था। पत्नी से झगड़ा को लेकर दो बार पूर्व मैंने थाना को दो बार आवेदन भी दिया है। मेरी पत्नी का भाई मुझे हमेशा धमकी देते रहता है। संभवतः उसी ने मेरे ऊपर हमला किया होगा। घटना की जानकारी पर गुमला थाना की पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची थी। पुलिस ने बताया आवेदन मिलते ही मामले की जांच शुरू की जायेगी।

चैनपुर में कांग्रेस कमेटी की बैठक

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव, राहुल गांधी का विधानसभा यात्रा, झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मईया योजना के लाभुकों को अधिक से अधिक जोड़ने और इसका लाभ दिलाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गयी। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बड़ा ने कहा कि वर्तमान की सरकार जो झारखंड में चल रही है वह कई लाभकारी योजनाएं प्रदान की है। हम सरकार के सभी योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए कटिबंध है। मौके पर मुख्य रूप से किशोर एक्का, महासचिव आलोक लकड़ा, मोबीन खान, पैट्रिक केरकेट्टा, सुशील एक्का, अशोक कुजूर, जोन मिंज, कृष्णत्थ मिंज, दीपक एक्का सहित कई कांग्रेसी समर्थक उपस्थित थे।

मुखिया ने किया ग्रामसभा का आयोजन

भरनो (आजाद सिपाही)। दक्षिणी भरनो पंचायत भवन के दक्षिणी भरनो में मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें 2024– 25 हेतु अबुआ आवास के लाभुकों का सत्यापन किया गया। ग्राम सभा में मुखिया ललिता देवी ,पंचायत समिति बिरसा उरांव ग्राम प्रधान तेतरा पहान, पंचायत सचिव प्रवण लकड़ा सहित सभी वार्ड सदस्य और ग्रामीण उपस्थित हुए।

मंइयां सम्मान योजना फॉर्म का वितरण

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर मुख्यालय में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में सभी सेविकाओं की बैठक हुई। जिसमें राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का फार्म वितरण किया गया। यादव बैठा ने मुख्यमंत्री मंइयां योजना के बारे में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से राज्य की गरीब व मध्यम वर्गीय महिलाओं को हर महीने 1000 रूपेय की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। यानी मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को राज्य सरकार 12000 रुपये प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मे सुधार होगा और राज्य मे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लाभ राज्य की 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए 1 अगस्त से ऑफलाइन आवेदन शुरू किये जा रहे है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर कैंप स्थापित किए जायेंगे। इन कैपं मे महिलाओं को स्वंय उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। बैठक में मुख्य रूप से महिला पर्यवेक्षिका स्वास्ती देवी एवं अनेक सेविकायें मौजूद थी।

सभी प्रमंडलों में होगी राहुल गांधी की यात्रा : चैतू उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। प्रखंड में कांग्रेस पार्टी के द्वारा जनसंपर्क यात्रा की तैयारी को लेकर झखरा कुंबा में गरूवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद पार्टी के जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी द्वारा सभी प्रमंडलों में विधानसभावार यात्रा होना है, जिसकी तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर के पदाधिकारी व सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने और कर योजना की तैयारी मुख्य उद्देश्य है। वहीं मौजूद प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकताओं ने जोश खरोस के साथ चुनाव का काम किये हैं जिसका परिणाम है कि कांग्रेस के प्रत्याशी को जीता कर संसद भेजने में सफल रहें हैं। साथ ही जहरी पांडेय ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव में इसी तरह हम लोगों को तन-मन से काम करने की जरूरत है।

मइयां सम्मान योजना में सहयोग के लिए लगाया जायेगा कैंप : बैठक जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे ने बताया की गठबंधन सरकार के द्वारा मइयां सम्मान योजना के कार्यान्वयन हेतु आगामी 03 अगस्त से 10 अगस्त तक पंचायत भवनों में कैंप लगाकर विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें कोंग्रेस के सभी नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आप सभी कैम्प में जा कर ग्रामीणों को सहयोग करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव रमेश जायसवाल, ज़िला सचिव तरुण गोप, पवन केवट, गन्दूर महली, घुड़ा उरांव, सौरभ भगत, प्रेमचंद भगत, सरोजिनी किरण भगत, बसंत भगत, किशुन उरांव, सुखनाथ उरांव, फ्रांसिस जेबियर लकड़ा, बैजनाथ उरांव, सुखदेव टाना भगत, ज्ञान प्रकाश उरांव, सुखनाथ उरांव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुऐ।

स्वतंत्रता दिवस पर जिले के झारखंड आंदोलनकारी होंगे सम्मानित : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में 15 अगस्त 2024 को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में होगा। जहां जिलेवासी शामिल हो सकते है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाना है। इसके लिए जिले में मौजूद सभी शहीद स्मारकों की साफ सफाई, सुसज्जिकरण, लाइटिंग संबंधित कार्य ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। डीसी द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, स्टेडियम की समतलीकरण, पार्किंग, ब्रांडिंग तथा अग्निशमन दल एवं चिकित्सा दल की उपलब्धता, कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले टेंट, कुर्सियां, ध्वनि यंत्र आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर संबंधि पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्य समारोह में झारखंड आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया जाना है अतः उससे संबंधित तैयारियों के लिए भी दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही विभिन्न विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी व कर्मी को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने पूरी तैयारियों को पूर्ण करते हुए पुनः दिनांक 10 अगस्त को बैठक का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , जिला खेल पदाधिकारी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

क्रांति दिवस पर किसानों की मांग को उठायेगी किसान सभा

गुमला (आजाद सिपाही)। भाकपा (माले) रेड स्टार का घटक अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला द्वारा जिला मुख्यालय गुमला में दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में धरना आंदोलन के समर्थन में धरना कार्यक्रम आयोजित करेगी। धरना कार्यक्रम में कृषि लोन माफी, बिरसा सिंचाई कूप योजना में घूसखोरी पर कार्रवाई तथा जिले में किसान हित की योजनाओं में बरती जा रही अनियमितता व भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए जोरदार आवाज उठायी जायेगी। किसान हित की योजनाओं में लूट का खेल सरकार संरक्षित अफसर द्वारा किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसान सभा ने 9 अगस्त 2024 को आयोजित गुमला में धरना कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

हिटलरशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ गुमला में भाजपा ने जलाया सरकार का पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। भाजपा के विधायकों द्वारा 31 जुलाई को जनता एवं बेरोजगार युवाओं की समस्याओं के समाधान हेतु विधानसभा के सभागार में मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी थी। तब विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के इशारे पर सभागार में जबरन विधायकों को बंद कर दिया। इस दौरान सभागार में बिजली लाइन काट कर पानी की भी सप्लाई बंद कर दी गयी और मार्शल से अभद्र व्यवहार कराया गया। गुरुवार को पुनः झारखंड सरकार के इशारे पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 19 भाजपा विधायकों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा सरमा को अपने झारखंड प्रवास के क्रम में सरकार की दमनकारी नीतियों एवं हिटलरशाही के कारण गोपिनाथपुर क्षेत्र का भ्रमण करने की अनुमति नहीं दी गयी।

इसलिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार झारखण्ड सरकार की दमनकारी नीतियों एवं हिटलरशाही के खिलाफ विरोध में 1 अगस्त को अपराह्न 5:00 बजे राज्य के सभी जिलों में राज्य के मुख्यमंत्री का आक्रोशपूर्ण पुतला दहन किया गया।

इस आक्रोशपूर्ण पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, कमलेश उरांव, अनुपचन्द्र अधिकारी, सविंद्र सिंह,यशवंत सिंह, सुजीत नंदा, संजय कुमार साहू, रविंद्र सिन्हा, संदीप प्रसाद, विनोद कुमार, भोला चौधरी, पायल तिवारी, रामेश्वरी उरांव, मंगल सिंह भोक्ता, संतोष सिंह, अशोक कुमार साहू, दिनेश्वर साहू, विकास सिंह, देवदत भारती, कौशलेंद्र जमुआर, सावित्री मेहता, पार्वती देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, मालती देवी, पुष्पा देवी, गुड्डी नंदा, सुषमा गुप्ता, चितरंजन मिश्रा, शम्भू सिंह, किशोर मिश्रा, जितेंद्र साहू, कंचन सिंह, अजित कुमार, शंभु नायक, प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पति के प्रेम संबंध की जानकारी पर महिला ने कीटनाशक खाया

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के टोटो निवासी 45 वर्षीय शांति देवी पति गौरी तिवारी ने बुधवार की रात कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद उसे तत्काल सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक महिला के पति का गांव के ही एक दूसरी महिला से चक्कर चल रहा है। इस बात की जानकारी होने पर पत्नी गुस्से से आग बबूला हो गयी इसके बाद पति से उसका झगड़ा हो गया। वहीं महिला टोटो के एक दुकान से कीटनाशक खरीद कर लाई थी जिसका सेवन करने लगी। उसने आधा कीटनाशक खा लिया तभी उसके बेटे ने उससे छीन लिया।

प्रेम प्रसंग में युवक ने कीटनाशक खाया

गुमला (आजाद सिपाही)। रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊंचडीह परसा निवासी 21 वर्षीय युवक सतीश खाखा ने धान में कीड़ा मारने वाला कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक का बगल के गांव की एक लड़की से करीब 2 वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों में अक्सर मिलना जुलना व बातचीत होता रहता है। बुधवार की शाम किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। वहीं आवेश में आकर युवक ने अपने मोबाइल से उसके सारे फोटो को डिलीट कर दिया। इसके बाद लड़की ने भी उससे कहा कि वह उससे प्रेम नहीं करती है किसी और से प्रेम करती है। इसी बात को लेकर युवक बेकाबू हो गया और कीटनाशक का सेवन कर लिया।

कुरकुरा +2 उच्च विद्यालय में नये शिक्षकों का स्वागत

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड के कुरकुरा राजकीय उच्च विद्यालय में बुधवार तीन नये शिक्षाओं का हुआ योगदान। जिसे लेकर विद्यालय में किया गया। स्वागत कार्यकम, राजकीय उत्क्रमित +2 विद्यालय कुरकुरा में नये शिक्षकों योगदान किया जिसमे पुजा कुजुर (अंग्रेजी) रोशनी तोपनो (वाणिज्य) संजु कुमार (छुं) द्वारा विद्यालय में योगदान दिया। जिससे विद्यालय में गणित, विज्ञान एवं वाणिज्य की पढ़ाई शुरू की गयी। विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान, गुलदस्ता फूलमाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिक अरविन्द्र कुमार ने नये शिक्षको को जोश एवं उमंग से कार्य करने के लिए संबोधित किया। विद्यालय के सभी हाउस के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। मंच संचालन शिक्षक राजेश बखला एवम शिक्षिका पुनम सुरीन ने कि किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंदिरा कुमारी ने किया और संबोधन में कहा कि शिक्षिकाओ के द्वारा विद्यालय में शिक्षण कार्य बढ़ कर पठन पाठन का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम शिक्षक रंथु गोप, नीतू कुमारी, मृत्युंजय नाम, रजीत सर, लीना कुमारी विनोद कुमार, पास्को जीवन्ती, अभय कुमार, रमेश कुमार विभिता केरकेट्टा, शालिनी, ज्योत्सना लुकस, दीपा, जानकी कुमारी, दोमनीक, गाकुनी तथा विद्यालय के सभी शिक्षक शामिल थे।

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुरुवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का एलइडी युक्त जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपरोक्त योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत योजना का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा ऐप पर पढ़ें आवेदिका झारखंड की निवासी हों उनकी आयु 21 वन से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसंबर 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्ववित्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/ केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/ हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

फुटबॉल टूर्नामेंट में संत इग्नासियुस गुमला की टीम एक गोल मारकर बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। 25 वां वीर शहीद अंतरराज्यीय थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवें दिन गुरुवार को खेल सिमडेगा पुलिस एफसी बनाम संत इग्नासियुस गुमला के बीच हुआ। दोनों ही टीम बहुत के बीच बेहतरीन खेल हुआ। पहले हाफ में संत इग्नासियुस गुमला की टीम 1 गोल की दूसरे हाफ में खेल टक्कर की रही। अंततः संत इग्नासियुस गुमला की टीम 1-0 से विजयी रही। खेल के मुख्य अतिथि अनिल कंडुलना झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि मो. सफिक खान झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला सचिव रहें। अतिथियों का आयोजक राजेश सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग सचिव मोनू बड़ाईक के द्वारा फूल बुके देकर स्वागत किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि ने झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने खिलाड़ियों व खेल प्रेमी को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से शहीद के नाम पर टूर्नामेंट 25 वर्षों से चल रही है वाकई सराहनीय है। फुटबॉल प्रेमियों की भीड़ बताता है कि यहां पर फुटबॉल के लिए कई ऐसे सुविधा की आवश्यकता है जो आने वाले दिनों में सरकार की ओर से मांग करेंगे।

आज का खेल संत इग्नासियुस गुमला बनाम जमुना फुटबॉल क्लब सबडेगा ओडिसा के बीच दूसरे चक्र का खेल 3:45 बजे होगी।

बैटरी चोरी मामले में एक नाबालिग को पुलिस को भेजा गया सुधार गृह

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना के पुलिस ने बैटरी चोरी मामले को लेकर शहर के खड़िया पाड़ा निवासी एक नाबालिक लड़के को पकड़ा पूछताछ के क्रम में लड़के ने अधिवक्ता संघ के भवन में पानी की सप्लाई करने वाले तार चोरी करने के साथ ही अन्य वाहनों से बैटरी की चोरी करने की बात भी स्वीकार की। वही उसके निशान देही पर चोरी किये गये तार और 6 बैटरी को पुलिस ने बरामद किया। इस संबंध में पुलिस और भी छानबीन कर रही है। उसके निशान देही पर और भी बैटरी की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए नाबालिक लड़के को निरुद्ध किया गया।

नगर विमानन मंत्री से मिले पलामू सांसद, की चियांकी एयरपोर्ट चालू करवाने की मांग

झारखंड सरकार की उदासीनता के चलते नहीं चालू हो पा रहा चियांकी एयरपोर्ट: वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में नागर विमान मंत्रालय के मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात कर मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट से परिचालन प्रारंभ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने बताया कि चियांकी एयरपोर्ट क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत उड़ान योजना में सम्मिलित किया गया है। पर राज्य सरकार की उदासीनता के कारण एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। विदित है कि डालटनगंज से रांची-कोलकता, रांची-डालटनगंज एवं डालटनगंज-पटना, वारणसी-पटना-डालटनगंज के मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की गयी थी, पर चियांकी एयरपोर्ट की बाउंड्री खुली नहीं होने से संबंधित प्रतिवेदन अभी तक जिला से राज्य सरकार को प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि राज्य सरकार ने इसके लिए डीसी को स्मारित भी किया है। डीसी ने भी पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में प्रतिवेदन की मांग की है। सांसद ने भी पुलिस महानिरीक्षक को इस संबंध में प्रतिवेदन भिजवाने का आग्रह किया था। राज्य सरकार एवं पदाधिकारियों को भी इस दिशा में कार्रवाई करने की आवश्यकता है, ताकि पलामू एवं आसपास के जिले के निवासियों को वायुयान यात्रा की सुविधा मिल सके। आज के दिन में कोई भी उद्यमी रांची से डालटनगंज और डालटनगंज से रांची की यात्रा में 6 से 7 घंटे व्यतीत करना नहीं चाहता है। यदि हवाई यात्रा की सुविधा प्राप्त हो जाती है तो यह यात्रा डेढ़ घंटे में (रांची से डालटनगंज एवं डालटनगंज से रांची की) पूरी हो जाएगी। सांसद ने कहा कि इसमें सभी लोगों से अनुरोध है कि इसे संभव बनाने में मदद करें।



नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को ज्ञापन सौंपते सांसद वीडी राम।

दुनिया के सभी लोगों को डॉ कौशल किशोर से सीख लेने की जरूरत: शिवराज सिंह चौहान

पर्यावरणविद ने केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ उनके आवासीय परिसर में किया पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। राजधानी दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय अतिथि भवन पूसा में स्थित केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवासीय परिसर में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व पलामू छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ हिमाचल के कपूर का पौधा लगाया। वहीं, केंद्रीय मंत्री ने पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल से बातचीत के बाद उनके कार्यों की सराहना की। कहा कि आज देश को जरूरत है डॉ कौशल किशोर जायसवाल के कार्यों से सीख लेने की। उन्होंने उनसे नर्मदा नदी के किनारे भी पौधरोपण करने की बातें कही। वहीं, वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल किशोर ने बताया है कि उनके द्वारा निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण के 58 वां वर्ष और पर्यावरण धर्म वनराखी मूवमेंट 48 वां बर्ष पूरा होने के उपरांत इस वर्ष का रशियन देश अजरबैजान की राजधानी बाकू से वृक्षों पर रक्षा बंधन और निःशुल्क पौधा वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर डॉ कौशल किशोर ने घोषणा की कि इस वर्ष विश्व के पांच देश और देश के 10 राज्यों में अभियान चलाकर निःशुल्क पौधा वितरण, रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस मौके पर जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ सूरज कुमार जायसवाल और हनुमान प्रसाद मौजूद थे।

शब्द व स्वर मिले तो जनता होगी खुशहाल : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। दुनिया के दो महान हस्तियों में 31 जुलाई को एक की जयंती, तो दूसरे की पुण्य तिथि मनायी गयी। इसमें से एक ने कलम से साहित्य का सृजन कर जन के साथ घटित घटनाओं को समाज के बीच पहुंचाया। तो दूसरे ने अपने फन से जनता को आंदोलित किया। भारतीय समाज खास कर हिंदीपट्टी को समझना है तो मुंशी प्रेमचंद को पढ़ना होगा जिसमें गोदान, गबन, कफन कर्मभूमि, रंगभूमि खास अहमियत रखता है। आजादी की लड़ाई में देशप्रेम के गीत हो या भक्तिमार्ग के या नव जोड़ों पर आधारित प्यार के गीत मोहम्मद रफी जैसा कोई दूसरा गाने वाला पैदा नहीं हुआ। जिनकी पुण्यतिथि मनायी गयी। वे 44 साल पहले दुनिया को अलविदा कह गए। इनके स्वर की दुनिया मुरीद रही। गुलशन संस्था की ओर से टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित कर मोहम्मद रफी साहब को याद किया गया। गुलशन के अध्यक्ष पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर स्वागत किए। 'एक शाम रफी साहब के नाम' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की गई। इस दौरान रफी साहब एक से बढ़ कर एक गानों को पेश किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर आयुक्त ने भी अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्हें याद करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। वहीं, अविनाश देव ने कहा कि शब्द व स्वर मिल जाए तो जनता खुशहाल हो जाएगी।

विधायक कमलेश सिंह की पहल पर पांच सड़कों की मिली स्वीकृति, ग्रामीणों में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। विधायक कमलेश सिंह की अनुसंशा पर झारखंड ग्रामीण कार्य विभाग ने हुसैनाबाद की पांच सड़कों की स्वीकृति दी है। इसमें सड़या से चनरपुर की सड़क नहीं रहने के कारण इस गांव के लोग बरसात के दिनों में लगभग कैद हो जाते है। अब सड़क बन जाने से वह प्रखंड मुख्यालय से जुड़ जायेंगे। हुसैनाबाद विधायक सिंह ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हुसैनाबाद में पंचायत पोलड़ीह में बहेरा भोला मोड़ से कुंदन मोड़ तक, मंगलदीह कोनापर से महादेव शर्मा के घर तक, हैदरनगर में सड़या से चनरपुर स्कूल तक, मोहम्मदगांज में मुख्य पथ रामबांध से बरवाडीह टोला होते हुए मुख्य पथ नहर पंचायत सचिवालय तक व पंसा के बडिहा हरिजन टोला से बजरंग बली डोमा बाबा तक सड़क का निर्माण होगा। विधायक ने कहा कि उन्हें अब तक जितनी सड़कों, पुल पुलिया का प्रस्ताव ग्रामीणों से प्राप्त हुआ, उन्होंने अपने अथक प्रयास से उसे स्वीकृत कराया है। कहा कि क्षेत्र की सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण दुर्गा पूजा तक पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकांश का काम पूरा हो गया है। कुछ सड़कों पर निर्माण का काम चल रहा है। अन्य पर कुछ दिनों में कार्य शुरू हो जायेगा। स्वीकृत पांच सड़कों का जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद कार्य शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने लोगों से कार्य की गुणवत्ता पर जनता नजर रखने को कहा। कहा कि कहीं गड़बड़ी होती है तो तुरंत उन्हें सूचना दें। कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने धीमी गति से कार्य कर रहे संवेदकों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

आबुआ आवास से योग्य लाभुक को रखा जा रहा वंचित : संदीप सरकार

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। छतरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र कालापहाड़ पंचायत के लवादाग में पलामू युवा एकता मंच के जिला अध्यक्ष संदीप सरकार क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओ से रूबरू हुए। जिसमें अबूआ आवास से संबंधित ग्रामीणों ने विशेष रूप से अपनी समस्या बतायी। संदीप सरकार ने बताया कि छतरपुर प्रखंड क्षेत्र में संचालित अबूआ आवास में भ्रष्टाचार चल रहा है। योग्य ग्रामीणों को आवास से वंचित रखा जा रहा है। अनिरुद्ध यादव, मनोज यादव, गया यादव, कृष्ण यादव लवादाग निवासी गिरे हुए खपरैल के मकान में रहने को मजबूर हैं। जिसमें बारिश होने के बाद पानी से घर और आंगन भर जाता है। पर भ्रष्टाचार के कारण अभी तक उन लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। संदीप से बताया कि अबूआ आवास नियमित तरीके से नहीं किए जाने पर शीघ्र ही युवा एकता मंच पलामू की ओर से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मौके पर विश्वनाथ राम, कृष्ण यादव, राम प्रसाद यादव, महेंद्र यादव, पवन यादव, व नीतीश कुमार आदि मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

आपूर्ति विभाग के कार्यों की जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की समीक्षा

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने गुरुवार को सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और सहायक गोदाम प्रबंधक के साथ आपूर्ति से सम्बंधित संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जुलाई 2024 का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न का वितरण विस्तारित अवधि अंतर्गत 15 अगस्त तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मई महीने के चना दाल वितरण की भी समीक्षा की। जिसमें पाया गया कि अबतक मात्र 81.99 फीसदी ही वितरण पूर्ण हो पाया है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को इसके वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसी तरह सितंबर महीने 2023 का ग्रीन राशनकार्डधारियों का वितरण और सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के तहत वस्त्र वितरण की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वस्त्र का वितरण मात्र 89.68 फीसदी ही किया गया है, जिसका वितरण पूर्ण करने का निर्देश सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 का ग्रीन राशन का परिवहन एवं अगस्त 2024 के एनएफएसए का डीएसडी की भी समीक्षा की गयी। जिसके आलोक में सभी सहायक गोदाम प्रबंधक को डोर स्टेप के कार्य को अविलंब पूर्ण करने की बात कही गयी।

शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : संतोष मिश्रा

सेवानिवृति के बाद प्रोफेसर को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो रामजी चौबे सेवानिवृत हो गए। उनके सम्मान में कॉलेज सभागार में गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य संतोष मिश्रा व संचालन प्रो कृष्ण कुमार चौबे ने किया। इस दौरान रामजी चौबे को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्राचार्य सहित सभी प्रोफेसर और कॉलेज कर्मियों ने उन्हें अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि नौकरी में पदस्थापन और सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है, जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। लेकिन शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते। प्रो रामजी चौबे कॉलेज से सेवानिवृत हुए हैं। अब इन्हें गांव समाज में शिक्षा का अलख जगाना है। उन्होंने रामजी चौबे के साथ बिताए 14 वर्षों के कार्यकाल को याद किया। वहीं, रामजी चौबे ने कहा कि उन्होंने कॉलेज को अपना शत प्रतिशत दिया है। कॉलेज परिवार ने भी खूब सम्मान और स्नेह दिया है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर डॉ श्याम मिश्रा, अजय ओझा, ज्योति कुमारी, राकेश शुक्ला, शबनम निशा, आशा कुमारी, अस्मिता पांडेय, टीपी तिवारी, संतोष शुक्ला, अमित कुमार, फूल कुमारी, अर्चना मिश्रा, मधु ओझा, संगीता कुमारी, जितेंद्र पाठक, आशीष पांडेय, देव प्रकाश पांडेय, सुनील कुमार, संजय पांडेय, गुंजन पासवान, रामेश्वर राम, अनुज कुमार, नरेंद्र मिश्रा, सुधीर यादव, राम बिहारी, विनय कुमार आदि मौजूद थे।

खड़े हाइवा में बाइक ने मारी टक्कर, सवार की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। सुलतानी बस स्टैंड एनएच 139 पर गुरुवार को छतरपुर से हरिहरगंज की ओर तेज रफ्तार में जा रही बाइक सड़क पर खड़ी हाइवा से टकरा गयी। टक्कर इतनी जोदरात थी कि हाइवा का टायर फट गया, जिसकी जद में आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख सुलतानी गांव के ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही हरिहरगंज पुलिस पहुंच गयी और घायल और मृतक को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी। जहां घायल की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने मृतक और घायल की पहचान की। बताया कि मृतक जहानाबाद जिले के देवकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदुलार बिघा निवासी चंद्रदेव सिंह बेटा है, जिसका नाम धर्मेंद्र कुमार (24) है। जबकि घायल जहानाबाद जिले के ही पाई बिघा थाना अंतर्गत मुरहारा निवासी संजय यादव का 17 वर्षीय पुत्र प्रियांशु राज है। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

हैदरनगर अध्ययन केंद्र में बीबीए और एम कॉम की शुरू हुई पढ़ाई, नामांकन शुरू

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर विदेश सिंह इंटर कॉलेज स्थित झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र में बीबीए और एम कॉम की पढ़ाई शुरू हो गयी है। इसकी जानकारी गुरुवार को संचालक सह सचिव विनोद सिंह ने प्रेस बयान जारी कर दी। बताया कि झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कई रोजगारपरक पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई है। नामांकन भी शुरू हो गया है। घर बैठे कामकाजी महिला और पुरुष नामांकन ले पायेंगे। यह कोर्स विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी और डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो से मान्यता प्राप्त है। स्नातक स्तर पर बीबीए और पीजी लेबल पर मास्टर ऑफ कॉमर्स की पढ़ाई होगी। उन्होंने बताया कि बीबीए का शुल्क 30 हजार रुपए व एम कॉम का शुल्क 18600 रुपए विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित किया गया है। इसके अलावे 31 सर्टिफिकेट डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा का कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इन सभी कोर्सों में झारखंड सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप का लाभ भी बच्चों को दिया जा रहा है। जल्द ही झारखंड स्टेट ओपन स्कूलिंग के माध्यम से मैट्रिक और इंटर कोर्स का संचालन किया जायेगा। ताकि गरीब दलित बच्चे-बच्चियों को लाभ मिल सके।

चिकित्सा पदाधिकारी ने 'आइ ऑन व्हील' को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार से 31अगस्त तक चलने वाले आई ऑन व्हील कार्यक्रम को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी संकुल में बच्चों के आंखों की जांच की जाएगी। साथ ही आसपास के गांवों में भी बुजुर्गों के आंखों की जांच की जाएगी। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक बिभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता, एलटी विनय कुमार सिंह, नेत्र सहायक दयानंद, लिपिक राहुल कुमार सिंह, एसटीएस राहुल कुमार सिंह उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

पेरिस ओलंपिक में भारत के शूटर स्वप्निल कुसाने ने ब्रांज जीतकर तीसरा मेडल दिलाया।

पेरिस ओलिंपिक में भारत को तीसरा मेडल, शूटर स्वप्निल ने जीता कांस्य

50मी राइफल थ्री पोजिशन में कामयाबी, सात्विक-चिराग की जोड़ी बाहर

पेरिस (एजेंसी)। पेरिस ओलिंपिक में बुधवार को भारत को तीसरा मेडल मिला। 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन की मेंस कैटेगरी में शूटर स्वप्निल कुसाले ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्वप्निल ने कुल 451.4 अंक हासिल किए। खास बात यह है कि इस बार के ओलिंपिक में अब तक तीनों मेडल शूटिंग इवेंट्स में ही मिले हैं। स्वप्निल कुसाले 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। उन्होंने 59वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गगन नारंग और चेन सिंह जैसे शूटर्स को हरा चुके हैं। मेडल जीतने के बाद स्वप्निल ने कहा कि 'मुझे काफी खुशी हो रही है कि मैंने देश के लिए मेडल जीता। फाइनल के दौरान काफी नर्वस था, धड़कनें तेज हो गई थीं।' स्वप्निल कुसाले ने 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा वे तुगलकाबाद में 59वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गगन नारंग और चेन सिंह जैसे बड़े शूटरों को हराकर जीत हासिल कर चुके हैं।

रोल मॉडल एमएस धोनी

स्वप्निल महाराष्ट्र के पुणे में जन्मे हैं। 28 साल के स्वप्निल 2012 से इंटरनेशनल शूटिंग इवेंट्स में हिस्सा ले रहे हैं। ओलिंपिक-2024 में डेब्यू किया है। पहले ही ओलिंपिक में स्वप्निल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। स्वप्निल के रोल मॉडल महेंद्र सिंह (एमएस) धोनी हैं। धोनी की तरह स्वप्निल भी सेंट्रल रेलवे में टिकट कलेक्टर हैं। स्वप्निल भी धोनी की तरह ही शूटिंग रेंज में शांत रहते हैं। स्वप्निल की मां कंबलवाडी गांव की सरपंच हैं। पिता और भाई टीचर हैं।

पेरिस रवाना हुए हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ, खिलाड़ियों का बढ़ायेंगे हौसला

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के प्रखंड पीपरा निवासी हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ओलंपिक खेल में भारत के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए पेरिस पहुंचे हैं। विश्व के सबसे बड़े खेल ओलंपिक फ्रांस के पेरिस में खेला जा रहा है। ओलंपिक खेल में भारत के हॉकी टीम के खिलाड़ीयों सहित कुल 117 एथलिट भाग ले रहे हैं। इससे पहले भी भोलानाथ सिंह कई राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन में शामिल होकर राज्य और देश का नाम रोशन कर चुके हैं। गुरुवार को हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने फोन पर बताया कि युवा हॉकी खिलाड़ियों द्वारा इस बार भी ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने की उम्मीद है। वहीं, भोलानाथ सिंह के पेरिस रवानगी पर परिवार के सदस्य राष्ट्रीय पहलवान काशीनाथ सिंह, वॉलीबॉल कोच विश्वनाथ सिंह, प्रेमनाथ सिंह, गौतम राज सिंह आदि ने खुशी जाहिर की है।

श्रावणी मेला के लिए मेडिकल मोबाइल यूनिट रवाना

बोकारो (आजाद सिपाही)। श्रावणी मास में कांवरियों की सुविधा के लिए पिछले ढाई दशकों से बोकारो स्टील प्लांट की ओर से बैद्यनाथ धाम (देवघर) के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस साल भी शिविर के लिए बीएसएल के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कार्य करने वाली मेडिकल मोबाइल यूनिट 'इस्पात संजीवनी' (चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों के दल) को बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने गुरुवार को इस्पात भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) जॉयदीप दासगुप्ता, बीजीएच के कार्यकारी प्रभारी डॉ इंद्रनील चौधरी के अलावा बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे।

कार्रवाई : मांगी थी 10 लाख की फिरौती, पुलिस ने जाल बिछा कर दबोचा

टुंडी से अपहृत जमीन कारोबारी जंगल से बरामद, तीन गिरफ्तार

अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, 1.31 लाख नकद बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। टुंडी के कसियाटांड़ से बुधवार को कालियासोल निवास जमीन कारोबारी संजय मंडल का चार बदमाशों ने अपहरण कर लिया गया था। जिसकी सूचना टुंडी थाना को मिलते ही पुलिस हरकत में आई और जांच में जुट गई। जिानकारी के अनुसार जमीन कारोबारी संजय मंडल जामताड़ा से चालधोवा के रास्ते टुंडी थाना क्षेत्र के महाराजगंज जा रहे थे। तभी काशीटांड ग्राम के पास बुधवार की रात अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी सहित उनका अपहरण कर लिया और पाटकोल के जंगल में ले गये। वहां बदमाशों ने संजय के मोबाइल नंबर 7004928236 से ही उसके परिजनों को फोन कर 10 लाख रुपये फिरौती देने मांग की। हालांकि परिजनों ने संजय के अपहरण और फिरौती मांगने की घटना की सूचना टुंडी पुलिस को दी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से दो लाख रुपए अपहरणकर्ताओं को भी तत्काल दे दिया। तुरंत इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक को दी गयी। जिसके बाद पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार गुप्ता के निर्देश पर फिरौती देने के कुछ ही देर बाद पुनि सह थाना प्रभारी टुंडी/पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बल के जवानों ने पाटकोल जंगल की घेराबंदी कर छापामारी की। हालांकि खुद को पुलिस से घिरा देखकर अपहरणकर्ता जमीन कारोबारी संजय मंडल को गाड़ी सहित वहीं छोड़कर भागने लगे। पर पुलिस के सतर्क जवानों ने तीन अपहरणकर्ताओं को मौके से ही दबोच लिया। जबकि एक फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने तीनों बदमाशों के पास से बिना नंबर की एक बाइक नकद एक लाख 31 हजार रुपये, एक मोबाइल फोन, एक एयर गन आदि बरामद किया है। पुलिस पकड़े गये बदमाशों से पूछताछ कर फरार साथी की पहचान कर उसे पकड़ने की कोशिश में जुट गयी है।

एक अन्य अपहरणकर्ता फरार, तलाश में जुटी पुलिस

पकड़े गए अपहरणकर्ताओं की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से राज्य में महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा : अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के निर्देश पर जोड़ापोखर स्थित आवासीय कार्यालय में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के आलोक में मईया सम्मान योजना का निःशुल्क आवेदन प्रपत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर अनुपमा सिंह ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर झारखंड की गरीब-मध्यम वर्ग की महिलाओं को सहायता देकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए मइया सम्मानि योजना का शुभारंभ किया है। इसके तहत सीधे 1000 रुपये प्रतिमाह 21 से 50 वर्ष की आयु की लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। ताकि वह परिवार की आर्थिक समस्या से निपटने में सक्षम हो सके और अपने पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर ध्यान दे सके। वहीं, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का आवेदन प्रपत्र वितरित करते हुए प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि अनुपमा सिंह के निर्देश पर यह फार्म वितरण की शुरूआत की गई है। इसके तहत आवेदन करने वालों का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड अंतोदय अन्न योजना कार्ड गृहस्थी कार्ड सफेद राशन कार्ड हरे रंग का राशन कार्ड का दस्तावेज लगाकर संलग्न करना है। इस मौके पर सावित्री देवी, अनिल पांडे, किशोर कुमार, राहुल कुमार, रवि कुमार, मनोज कुमार आदि थे।

वरीय पुलिस अधीक्षककाकार्याल, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–महादेव मुण्डा उम्र–28 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, 3 ईंच
पहनावा–हरा रंग का टी शर्ट एवं काला रंग का पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति महादेव मुण्डा, पे0–स्व0 सुनुराम मुण्डा, सा0–सिंगार सराय, थाना–नामकुम, जिला–रॉंची जो दिनांक–07.05.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसकेसंबंध में नामकुम सनहा संख्या 31/2024 दिनांक–01.06.2024दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इस की सूचना दें।
पुलिसउपाधीक्षक मु0,प्रथम,रॉंची – 9431706141
थाना प्रभारी नामकुम, रॉंची। – 9431706173

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 331541 Police (24-25)_D

महत्वपूर्ण न्यूज

7 अगस्त तक 'हृदय परिवर्तन सप्ताह' मनाने का निर्णय, मजार पर प्रार्थना आज

बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग राज्य इकाई के आह्वान पर बोकारो जिले में भी सभी अनुसचिविय कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिस करण बोकारो समाहरणालय सहित चास अनुमंडल कार्यालय एवं बेरमो-तेनुघाट के साथ सभी प्रखंड-अंचलों के कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ। सभी अनुसचिवीय कर्मी समाहरणालय के समीप गुरुवार को भी धरना पर बैठे रहे। संगठन के कार्यकारी सचिव नारायण प्रसाद वर्मा ने बताया कि सरकार ने अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की है। इसी कारण संगठन की ओ से घोषित कार्यक्रम के तहत सभी अनुसचिवीय कर्मी सेक्टर-12 स्थित सरना स्थल पर जाकर सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए प्रार्थना किए। कहा कि सरकार के रवैया से यही प्रतीत हो रहा कि अनुसचिवीय कर्मी जिस प्रशासनिक सुधार की मांग कर रहे हैं उससे सरकार को कोई लेनादेना ही नहीं है। कहा कि संगठन की ओर से सरकार का हृदय परिवर्तन के लिए गुरुवार से सात अगस्त तक हृदय परिवर्तन सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत बोकारो जिला इकाई की ओर से कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में शुक्रवार को सिटी पार्क स्थित मजार पर प्रार्थना की जाएगी। वहीं, नारायण प्रसाद वर्मा ने कहा कि अनुसचिवीय कर्मी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करती रहेगी। इस मौके पर सूकुमार प्रसाद मरांडी, रवि मुर्मू, शारदा कुमार हंसदा, संतोष कुमार सिंह, मनोरंजन कुमार निराला, प्रभाकर सिंह चौधरी, रामनंदन प्रसाद, संतोष जेम्स किस्कू, आशीष भारद्वाज, राजेश्वर प्रसाद, विभांशु, संजय गोराई, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, लखिश्वर मरांडी, रश्मि कुमारी, साबित सोनम, कृष्ण प्रिया, मैरी मार्था माल्तो, छोटन कुमार, हाकीम मांझी, अजित कुमार, सरयू कुमार, पुनय विक्रम खलखो, हिमांशु, मिहीलाल मांझी, अंगद सिंह, संजय कुमार, कीर्ति कांत, परमेश्वर सोरेन, बिंदु पंकज व विद्या सागर आदि थे।

भाजपाइयों ने झारखंड सरकार का पुतला फूंका

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो जिला भाजपा की ओर से गुरुवार को चास धर्मशाला चौक में झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। इसका नेतृत्व भाजपा के बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने जनता से जो वादा किया उसे आज तक पूरा नहीं कर पायी। अब नए वादों के साथ 2024 में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। यह राज्य की जनता के साथ धोखा है। कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने 2019 विदानसभा चुनाव में पांच लाख नौकरी, बेरोजगार युवाओं को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता और अबुआ आवास आदि कई घोषणाएं की थी। जिसे आज कर पूरा नहीं कर सकी। सरकार की इसी वादा खिलाफी का विरोध करने पर विधानसभा के अंदर एनडीए के विधायकों को निलंबित कर दिया गया। सरकार की नीतियों के विरोध में सभी विधायकों ने झारखंड विधानसभा परिसर के अंदर धरना दिया। पर झारखंड सरकार ने विधानसभा की बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं काट दी। ऐसा लग रहा जैसे झारखंड में अंग्रेजों का शासन चल रहा है। कहा कि हम सभी ने यह संकल्प लिया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य की सत्ता से उन्हें उखाड़ फेंकेंगें। इस मौके पर दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, मुकेश राय, डॉ परिंदा सिंह, गिरजा देवी, डॉ प्रकाश सिंह, प्रकाश सिंह, आरती राणा, अनिल स्वर्णकार, गोउर रजवार, धीरज झा, इंद्र झा, महेन्द्र राय,अनिल सिंह, राकेश मधु, मथुर मंडल आदि उपस्थित थे।

कोयला खनन के दौरान दबकर महिला की मौत

झरिया (आजाद सिपाही)। घनूडीह ओपी अंतर्गत नदी पार जोरिया के समीप चीन कोठी नीचे धौरा निवासी दारा रजवार की 50 वर्षीय पत्नी कुसुम देवी का कोयला खनन के दौरान मिट्टी गिरने से दब कर मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलने पर आसपास के लोग मिट्टी को हटाकर शव निकाल लिये हैं। हालांकि उसके परिजन का कहना है कि काफी दिनों से बीमार होने के कारण उसकी मौत हुई है। उसका अंतिम गुरुवार को संस्कार महोल बनी घाट में कराया गया। वहीं, घनुडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार ने अवैध खनन में किसी भी प्रकार की घटना से इनकार किया। बताते चलें कि झरिया थाना क्षेत्र का यह इलाका काफी खतरनाक है जो बस्ताकोला क्षेत्र 9 अंतर्गत आता है। आसपास के कोयला चोर यहां कोयला चोरी व खनन का काम करते हैं। सूत्रओं की मानें तो कोला खनन के दौरान अचानक ऊपर से पत्थर-मिट्टी गिर गया, जिसके नीचे दबकर महिला की मौत हो गयी।

झारखंड से नक्सली जल्द पूरी तरह समाप्त हो जायेंगे: डॉ माइकल राज

बोकारो आइजी ने किया बेरमो अनुमंडल ऑफिस का निरक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

तेनुघाट। बोकारो परिक्षेत्र के आईजी डॉ माइकलराज एस गुरुवार को बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्हें अनुमंडल पुलिस कार्यालय के समक्ष गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद बेरमो अनुमंडल स्थित सभी पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने बुके देकर उनका और बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश का स्वागत किया। वहीं निरीक्षण के बाद आइजी ने बताया कि प्रति वर्ष निरीक्षण करने की आवश्यकता पड़ती है, ताकि कार्यालय की जो कार्यशैली है उसमें अगर सुधार की आवश्यकता है तो उसे और भी सुधार किया जा सके। अपराध और नक्सली घटनाओं को नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायो की जानकारी ली। बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो सुधार किया जा सकता है। आने वाले विधानसभा चुनाव के बारे में पूछने पर बताया कि अभी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव में भी प्रशासन अपना काम करेगा और चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होगा। मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। नक्सलियों को लेकर पूछे जाने पर बताया कि झारखंड में एक-दो जिले छोड़कर लगभग सभी जगह नक्सली पूरी तरह समाप्त होने की कगार पर है। उम्मीद है कि झारखंड में बहुत जल्द नक्सली पूरी तरह से समाप्त हो जायेंगें। इस मौके पर बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, गोमिया पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह, बेरमो पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार सिंह, जरीडीह पुलिस निरीक्षक, पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता आदि मौजूद थे।

आइजी ने की महुदा अंचल कार्यालय को पुरस्कार देने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) उत्तरी छोटानागपूर प्रक्षेत्र ने महुदा पुलिस निरीक्षक अंचल कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस अंचल अंतर्गत जर्जर खरखरी ओपी भवन का भी निरीक्षण कर अन्यत्र नये भवन में शिफ्ट कराने का निर्देश दिया है। सूत्रों की मानें तो आइडी डॉ माईकल एस राज ने बुधवार को महुदा पुलिस अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया था। उन्होंने घंटो निरीक्षण के दौरान कार्यालय की सुदृढ़ व्यवस्था, स्वच्छता, रिकार्ड के अद्यतन फाईलिंग सहित अभिलेखों की नियमित व्यवस्था से प्रभावित होकर पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी समेत कर्मियो की प्रशंसा की। इस क्रम मे उपस्थित जिला वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने भी सभी को बधाई देते हुए तारीफ की। उन्होंने महुदा पुलिस अंचल कार्यालय की सुदृढ़ व्यवस्था एवं रख रखाव को जिला के अन्य अंचल कार्यालय के लिये एक आदर्श कहा।

कई मकानों को तोड़ना का निर्देश, ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई

वन भूमि पर अवैध कब्जा करनेवालों के खिलाफ चला अभियान, तोड़ी गयी चहारदीवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

ऊपरघाट। बेरमो वन प्रक्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर व कंजकिरो मौजा में वन भूमि की जमीन पर कब्जा कर चहारदीवारी एवं घर का निर्माण को हटाने को लेकर वन विभाग की ओर से बोकारो वन प्रमंडल के डीएफओ के निर्देश पर प्रोबेशन आईएसएफ अधिकारी संदीप शिंदे के नेतृत्व में गुरुवार को अभियान चलाया गया। इसमें चास एवं बेरमो रेंज ऑफिस के कई अधिकारी एवं महिला-पुरुष वन रक्षी के अलावा बोकारो थर्मल थाना के निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, अनि धनंजय सिंहआदि शामिल थे। प्रोबेशन आईएसएफ संदीप सिंह ने हरिजन बस्ती ईंट भट्टा के सामने वन भूमि की काफी जमीन पर पत्थरों से अस्थायी रुप से खड़ा की गयी चहारदीवारी को जेसीबी की मदद से ढहा दिया। वहीं, कंजकिरो मौजा के पिलपिलो मोड़ में घेरावन भी तोड़ा गया। वहां पर मकई और अरहर-दाल की खेती की गयी थी। इसके अलावा दर्जनों लोगों द्वारा बनाये गये घरों को तोड़ने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं करने पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। बाद में प्रोबेशन आईएसएफ अधिकारी ने कई लोगों का पक्के मकानों को हटा लेने का निर्देश दिया। पूरी कार्रवाई की ड्रोन कैमरा से नजर रखी जा रहीं है। अधिकारी ने पूछे जाने पर कहा कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिली थी कि बोकारो थर्मल के उक्त स्थान के अलावा नूरी नगर के समीप वन भूमि की जमीन पर कब्जा कर कई मकान बना लिये गये हैं। साथ ही कब्जा कर जमीन भी घेरी जा रही है। शिकायत के आधार पर ही कार्रवाई की गयी है। कहा कि वन भूमि की जमीन पर अवैध कब्जा करना कानूनन अपराध है। इसके लिए पूर्व में सभी को नोटिश भी जारी की गयी है। वन भूमि की जमीन पर मकान बनाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा

-: सूचना :-

संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) लीड ऐजन्सी सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–173 दिनांक 18.06.2024 के आलोक में जिले के सभी जनता/नागरिकों को सूचित किया जाता है कि Driver तथा pillion Rider (पिछे बैठने वाले) द्वारा हेलमेट का प्रयोग 90% नहीं किया जाता है। यातायात व्यवस्था को सृदृढ़ करने हेतु Driver तथा pillion Rider द्वारा हेलमेट का उपयोग करना अनिवार्य है। एत्द हेलमेट के उपयोग करने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लायी जा सकती है।

अतः सिमडेगा जिला अन्तर्गत सभी आम नागरिकों से अपील किया जाता है दो पहिया मोटर वाहन परिचालन के दौरान Driver तथा pillion Rider हेलमेट का उपयोग निश्चित रूप से करना सुनिश्चित करें, अन्यथा प्रर्वत्तन (जांच) कार्य के दौरान यदि बिना हेलमेट का दोपहिया मोटरवाहन परिचालन करते पकड़े जाते है, तो मोटरवाहन अधिनियम 1988 की संसुगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 331351 Transport (24-25)_D

Office of the District Legal Service Authority, Latehar

Notice

As per the direction of JHALSA, Ranchi, application is invited for thepost of Chief Legal Aid Defense Counsel at LADC Office Latehar (01 Post), under modified LADCS Scheme 2022.The qualification for chief Legal Aid Defense Counsel is as follows:-Practice in criminal law for at least 10 years,

- Excellent oral and written communication skills,
- Excellent understanding of criminal law,
- Thorough understanding of ethical duties of a defense counsel,
- Ability to work effectively and efficiently with others with capability to lead,
- Must have handled at least 30 criminal trials in sessions Courts, aforesaid condition of handling 30 criminal cases can be relaxed in appropriate circumstances,
- Knowledge of computer system is preferable.
- Quality to lead the team with capacity to manage the office.

The interested candidate/Lawyer may submit his/her application till 05 PM of dated 16.08.2024in the office of DLSA Latehar.For more detail and to download form visit https://latehar.dcourts.gov.in/

By Order

Secretary
DLSA, Latehar

PR 331462 Law(24-25)#D

Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no. 468 Dated.01.08.2024

SHORT NOTICE INVITING TENDER (4th Call)
(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/06/2024-25

Designation and Address of the Advertiser:- Executive Engineer, Office of M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 06.08.2024
3. Period downloading of Bidding Documents:- Date 06.08.2024 to 12.08.2024 Time 3.00 P.M.
4. Bids online submission :- Date 06.08.2024 to 12.08.2024 Time 3.00 P.M.
5. Bid opening date (Technical) :- Date 13.08.2024 Time: 3.30 P.M.
6. Details of works:-

Bid No.	Name of work	Estimate Cost (Rs.)	Amount of Earnest money (Rs.)	Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) (Inclusive GST)	Time of completion of work
1	2	3	4	5	6
1	Remaining work of Lah Processing Unit at Bundu, Ranchi.	84,49,765.00	1,69,000.00	11,800.00	03 Months

7. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from http://jharkhandtenders.gov.in. portal.
Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.
No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
8. Bid Validity :- 180 days
9. Place of opening of Technical Bid :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
10. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 7004785102 may be contacted.
11. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
12. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

Note: (i) Any change can be seen on website www.jharkhandtenders.gov.in
(ii) Any other information can be seen on www.jharkhandtenders.gov.in
(iii) **The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.**

Sd/-
Executive Engineer JIIDCO Ranchi

PR 331509 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(24-25)D

सुप्रीम कोर्ट ने अपना 19 साल पुराना फैसला पलटा, कहा-

एससी रिजर्वेशन के कोटे में कोटा मंजूर

- राज्य आरक्षण में सब कैटेगरी बना सकते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति (एससी) के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (1 अगस्त) को इस बारे में बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटा है। तब कोर्ट ने कहा था कि अनुसूचित जातियां खुद में एक समूह हैं, इसमें शामिल जातियों के आधार पर और बंटवारा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अपने नये फैसले में राज्यों के लिए जरूरी हिदायत भी दी है। कहा है कि राज्य सरकारें मनमर्जी से फैसला नहीं कर सकतीं। इसके लिए दो शर्तें होंगी...

पहली: अनुसूचित जाति के भीतर किसी एक जाति को 100% कोटा नहीं दे सकतीं। **दूसरी:** अनुसूचित जाति में शामिल किसी जाति का कोटा तय करने से पहले उसकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिए। फैसला सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संविधान पीठ का है। इसमें कहा गया कि अनुसूचित जाति को उसमें शामिल जातियों के आधार पर बांटना संविधान के अनुच्छेद-341 के खिलाफ नहीं है।

फैसले का आधार: अदालत ने फैसला उन याचिकाओं पर सुनाया है, जिनमें कहा गया था कि अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण का फायदा उनमें शामिल कुछ ही जातियों को मिला है। इससे कई जातियां पीछे रह गयी हैं। उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कोटे में कोटा होना चाहिए। इस दलील के आड़े 2004 का फैसला आ रहा था, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियों को सब-कैटेगरी में नहीं बांट सकते।

फैसले के मायने: राज्य सरकारें अब राज्यों में अनुसूचित जातियों में शामिल अन्य जातियों को भी कोटे में कोटा दे सकेंगी। यानी अनुसूचित जातियों की जो जातियां वंचित रह गई हैं, उनके लिए कोटा बनाकर उन्हें आरक्षण दिया जा सकेगा। मसलन- 2006 में पंजाब ने अनुसूचित जातियों के लिए निर्धारित कोटे के भीतर वाल्मीकि और मजहबी सिखों को सार्वजनिक नौकरियों में 50% कोटा और पहली वरीयता दी थी।

बायोम इंस्टीट्यूट उड़ान 2025 टैलेंट रिवार्ड एग्जाम दो चरणों में, पहले चरण की परीक्षा सितंबर माह के अंत में

- 2.5 करोड़ के बांटे जायेंगे स्कॉलरशिप और उपहार
- कक्षा आठवीं से 12वीं के विद्यार्थी एग्जाम में हो सकेंगे शामिल
- ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों माध्यम में संचालित होगी परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से वार्षिक उड़ान 2025 टैलेंट रिवार्ड एग्जाम की घोषणा कर दी गयी है। कक्षा आठवीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी उड़ान परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। संस्था के वेबसाइट www.biomeinstitute.in से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। उड़ान एग्जाम के पहले चरण में विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों में से किसी भी एक माध्यम में परीक्षा दे सकेंगे। ऑनलाइन माध्यम में परीक्षा देने के इच्छुक विद्यार्थी 25 सितंबर तक और ऑफलाइन माध्यम में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थी को 27 सितंबर तक आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। परीक्षा सितंबर महीने के अंत में संचालित होगी। उड़ान 2025 में सफल होने वाले विद्यार्थियों को 100 फीसदी स्कॉलरशिप हासिल करने का मौका मिलेगा। संस्थान की ओर से आयोजित परीक्षा के सफल विद्यार्थियों के बीच 2.5 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप और उपहार बांटे जायेंगे।

ऑनलाइन परीक्षा में नि:शुल्क हो सकेंगे शामिल

उड़ान 2025 टैलेंट रिवार्ड एग्जाम दो चरण में आयोजित होगी। इस क्रम में पहले चरण की ऑनलाइन परीक्षा 20 से 26 सितंबर तक आयोजित होगी। विद्यार्थियों को अपने च्वाइस के एग्जाम स्लॉट को चयन करने का मौका मिलेगा।

ऑनलाइन परीक्षा में विद्यार्थी नि:शुल्क शामिल हो सकेंगे। वहीं, पहले चरण की ऑफलाइन परीक्षा रविवार 29 सितंबर को संचालित की जायेगी।

ऑफलाइन एग्जाम में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थियों को आवेदन शुल्क 200 रुपये चुकाना होगा। विद्यार्थी उड़ान 2025 एग्जाम का फॉर्म संस्था के वेबसाइट के अलावा हिनू और न्यू नगड़ा टोली स्थित बायोम सेंटर से ले सकेंगे।

स्टेट टॉपर को मिलेगा लैपटॉप

बायोम इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि पहले चरण की ऑफलाइन परीक्षा का रिजल्ट 6 अक्टूबर को जारी किया जायेगा। ऑनलाइन और ऑफलाइन परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था की ओर से आकर्षक उपहार दिया जायेगा। स्टेट टॉपर को लैपटॉप, जोन टॉपर को साइकिल, डिस्ट्रिक्ट टॉपर को टैब और स्कूल टॉपर को स्मार्ट वॉच उपहार स्वरूप दिया जायेगा।

पूर्व आइएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। आईएएस पूजा खेडकर को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से गुरुवार को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। बता दें कि उनके खिलाफ यूपीएससी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की थी। उनका चयन रद्द करने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। उन्हें भविष्य की परीक्षाओं से भी रोक दिया गया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जंगाला ने कहा कि दिल्ली पुलिस को इस बात की भी जांच करनी चाहिए कि क्या यूपीएससी के अंदर से किसी ने खेडकर की मदद की थी। न्यायाधीश ने मामले में जांच का दायरा बढ़ाते हुए दिल्ली पुलिस को यह जांच करने का निर्देश भी दिया कि क्या अन्य किसी ने भी बिना पात्रता के ओबीसी और दिव्यांग कोटे के तहत लाभ उठाया है।

एजेंसी को निर्देश दिया जाता है कि वह हाल के दिनों में यूपीएससी द्वारा अनुशंसित उन उम्मीदवारों का पता लगाए, जिन्होंने अनुमेय सीमा से अधिक प्रयास किए हैं, जिन्होंने पात्र न होने के बावजूद ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) लाभ प्राप्त किया है और जिन्होंने पात्र न होने के बावजूद बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों का लाभ प्राप्त किया है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

- हाईकोर्ट हिंदू पक्ष की 18 याचिकाएं एक साथ सुनेगा
- दावा- ईदगाह गर्भगृह की जमीन पर

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रयागराज/मथुरा। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार (1 अगस्त) को यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने कहा कि हिंदू पक्ष की ओर से दायर 18 याचिकायें एक साथ सुनी जायेगी।

जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। हिंदू पक्ष की ओर से दायर याचिकाओं में दावा किया गया है कि शाही ईदगाह का ढाई एकड़ का एरिया मस्जिद नहीं है। वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि का गर्भगृह है।

वहीं, मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि 1968 में हुए समझौते के तहत मस्जिद के लिए जगह दी गयी थी। 60 साल बाद समझौते को गलत बताना ठीक नहीं। हिंदू पक्ष की याचिकाएं सुनवाई लायक नहीं है। हालांकि, हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद मुस्लिम पक्ष की इस दलील को स्वीकार नहीं किया। अब 12 अगस्त से हिंदू पक्ष की 18 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई होगी।

विष्णु जैन ने कहा- अब हम सबूत पेश करेंगे : हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने कहा- 25 सितंबर 2020 को पहली याचिका दायर हुई थी। 4 महीने सुनवाई हुई। आज हाईकोर्ट ने 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना। अब इस केस में ट्रायल चलेगा। हम लोगों को मौका मिलेगा कि हम सबूत पेश कर सकें। अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी

पक्षकार बोले-अयोध्या की तरह मुस्लिम पक्ष केस लंबा खींचना चाहता था : श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के इतिहास में आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। शुरू से ही शाही ईदगाह पक्ष के लोग रहे हों, या सुन्नी वक्फ बोर्ड के लोग... कहते रहें कि केस सुनवाई योग्य नहीं है। आज हाईकोर्ट द्वारा स्पष्ट कर दिया गया कि यह केस सुनवाई योग्य है। ये लोग (मुस्लिम पक्ष) लोअर कोर्ट और हाईकोर्ट में केस को अयोध्या की तरह से लंबा खिंचना चाहते थे।

वायनाड में लैंडस्लाइड अब तक 283 मौतें

- सेना बोली- रेस्क्यू खत्म, शव खोजने का काम जारी
- राहुल-प्रियंका पीड़ितों से मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

वायनाड। केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 283 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग आज तीसरे दिन भी लापता हैं। मौसम विभाग ने आज (गुरुवार को) फिर से वायनाड में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने फिर से कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड का खतरा जताया है।

वहीं, आर्मी के जनरल कमांडर ऑफिसर मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब हम केवल शवों को खोजने का काम कर रहे हैं। अगर हमें घरों में कोई फंसा मिलेगा तो उसे निकालेंगे। बारिश के चलते काम में दिक्कत आ रही है। आर्मी के 5 टीमों और 3 डॉग्ज को यहां डिप्लॉय किया गया है। शाम को खतरे के चलते ऑपरेशन बंद कर देंगे। इस बीच राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चूरलमाला पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात की। लैंडस्लाइड से सबसे ज्यादा नुकसान यहीं हुआ है। यहां के बाद दोनों रिलीफ कैंप जाकर पीड़ितों से मिलेंगे। राहुल वायनाड और रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीते थे। उन्होंने वायनाड सीट छोड़ दी थी। अब प्रियंका वायनाड से चुनाव लड़ने वाली हैं।

वेदांता एल्यूमिनियम ने भारतीय मानक ब्यूरो से सातवां प्रमाणन प्राप्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। वेदांता एल्यूमिनियम की बाल्को यूनिट में बनने वाली 12एमएम वायर रॉड अब भारतीय मानक ब्यूरो से प्रमाणित है, इसने 6 अतिरिक्त उत्पाद श्रेणियों के लिए पुनः प्रमाणन भी प्राप्त किया है। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने घोषणा की है कि भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को), कोरबा, छत्तीसगढ़ में बनने वाली 12एमएम वायर रॉड को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा प्रमाणित किया गया है। इस नयी प्रमाणित 12 एमएम एल्यूमिनियम वायर रॉड के कई विविध उपयोग हैं। मुख्य रूप से इलेक्ट्रिकल और पावर ट्रांस्मिशन में इसका इस्तेमाल किया जाता है, इस रॉड की चालकता बेहतरीन है, यह हल्की और टिकाऊ है। वेदांता एल्यूमिनियम भारत एल्यूमिनियम उद्योग की पहली कंपनी है जिसने अपने अनेक एल्यूमिनियम उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन हासिल किये हैं। यह नया प्रमाणन बेमिसाल उत्पाद क्वालिटी और एल्यूमिनियम उद्योग में निरंतर नवाचार हेतु कंपनी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। 12 एमएम वायर रॉड के नये बीआईएस प्रमाणन के साथ ही ब्यूरो ने कंपनी की 6 अतिरिक्त उत्पाद श्रेणियों का पुनःप्रमाणन भी किया है: ईसी इनगॉट, अलॉय इनगॉट, प्राइमरी इनगॉट, रोल्ड शीट, रोल्ड कंडक्टर प्लेट और रोल्ड प्लेट सामान्य इंजीनियरिंग उद्देश्यों के लिए - ये सभी कंपनी की बाल्को इकाई में बनाए जाते हैं। इन प्रमाणनों के साथ वेदांता की बाल्को यूनिट के पास अब 7 बीआईएस प्रमाणन हो गये हैं, जो कुल 17 उत्पादों को अपने दायरे में लेते हैं, इनसे कंपनी को बाजार में बहुत फायदा मिलेगा।

गुणवत्ता उत्कृष्टता पर वेदांता एल्यूमिनियम के फोकस के बारे में कंपनी के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, वेदांता एल्यूमिनियम में हम निरंतर ऐसे आला दर्जे के एल्यूमिनियम उत्पाद प्रस्तुत करने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जो उच्चतम मापदंडों को पूरा कर सकें। ये बीआईएस प्रमाणन हमारे कड़े क्वालिटी कंट्रोल और उन्नत उत्पादन तकनीकों को दर्शाते हैं, इनके बल पर हम विविध उद्योगों और वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं दे पायेंगे। हमारे पास ऐसे उत्पादों की विविधतापूर्ण रेंज है, जिन्हें उद्योग के मानकों से भी आगे बढ़ जाने के लिए डिजाइन किया गया है।

स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, हरित इमारतें, हाईटैक मैन्युफैक्चरिंग और सस्टेनेबल पैकेजिंग में अपरिमित अनुप्रयोगों के साथ एल्यूमिनियम न्यून-कार्बन भविष्य के लिए बेहद महत्व का है। भारतीय मानक ब्यूरो देश के उद्योगों के लिए गुणवत्ता मानकों को परिभाषित करने वाली शीर्ष संस्था है। यह ब्यूरो कड़े मूल्यांकन पद्धतियों पर अमल करने के बाद बीआईएस स्टैंडर्ड मार्क जारी करता है, मैन्युफैक्चर्ड उत्पादों पर क्वालिटी की पहचान के तौर पर यह प्रतिष्ठित मोहर लगायी जाती है। ये प्रमाणन फिर दोहराते हैं कि वेदांता एल्यूमिनियम अपने उत्पादों को गुणवत्ता युक्त और विश्वसनीय बनाने के अपने वादे को निरंतर पूरा कर रही है। कंपनी बीआईएस के साथ मिलकर उन एल्यूमिनियम उत्पादों और कच्चे माल के लिए मानक विकसित कर रही है। वेदांता एल्यूमिनियम एल्यूमिनियम उत्पादों की सबसे विस्तृत रेंज का विनिर्माण करने वाली कंपनियों में से एक है। वेदांता एल्यूमिनियम के उत्पाद जैसे रिस्टोरा-लो कार्बन एल्यूमिनियम, बिलेट, वायर रॉड, अलॉय इनगॉट और कास्ट बार, एआईएसआई टी-इनगॉट, स्लैब और रोल्ड प्रोडक्ट विभिन्न उद्योगों में काम आते हैं जिनमें एयरोस्पेस से लेकर ऑटोमोबाइल, बिल्डिंग और कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रिफिकेशन, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग, कंज्यूमर गुड्स आदि शामिल हैं।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE

Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments

Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
• Hindi	₹ 140	• Hindi	₹ 140
• English	₹ 140	• English	₹ 140
• Mathematics	₹ 140	• Mathematics	₹ 140
• Science	₹ 140	• Science	₹ 140
• Social Science	₹ 140	• Social Science	₹ 140
• Sanskrit	₹ 120	• Sanskrit	₹ 120
• Hindi – B	₹ 140	• Hindi – B	₹ 80
• Hindi Vyakaran– II	₹ 120	• Hindi Vyakaran– II	₹ 120
• English Grammar– II	₹ 120	• English Grammar– II	₹ 120
• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
• Hindi Practical	₹ 55	• Hindi Practical	₹ 55
• English Practical	₹ 55	• English Practical	₹ 55
• Maths. Practical	₹ 65	• Maths. Practical	₹ 55
• Science Practical	₹ 65	• Science Practical	₹ 70
• S. Science Practical	₹ 65	• S. Science Practical	₹ 65
• Sanskrit Practical	₹ 55	• Sanskrit Practical	₹ 55
• Maths. Practical (Combined)	₹ 90	• Maths. Practical (Combined)	₹ 75
• Science Practical (Combined)	₹ 90	• Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
• Mathematics	₹ 200	• Mathematics	₹ 130
• Science	₹ 200	• Science	₹ 200
• Social Science	₹ 200	• Social Science	₹ 130
• Maths. Practical	₹ 80	• Maths. Practical	₹ 80
• Science Practical	₹ 80	• Science Practical	₹ 80
• S. Science Practical	₹ 80	• S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची

4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र

पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**